चैत्र कृष्ण पक्ष द्वितीया
विक्रम संवत 2080

लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी, अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित

बुधवार, 27 मार्च 2024
वर्ष 5, अंक 129, पृष्ठ 14
2 राज्य, 6 संस्करण
मूल्य 6 रुपये

# अमृत विचार

बरेली

एक सम्पूर्ण अखबार

www.amritvichar.com





अलनीनो ने तेजी से बढ़ाया समुद्र का जलस्तर 14

...मां ने घर से निकाल देने की दी थी धमकी 13



**रमज़ान मुबारक**

सोलहवां रोज़ा इफ़्तार - 27 मार्च 2024

| | |
|---|---|
| सुन्नी | 06:31 बजे |
| शिया | 06:37 बजे |

सत्रहवां रोज़ा सहरी- 28 मार्च 2024

| | |
|---|---|
| सुन्नी | 04:40 बजे |
| शिया | 04:36 बजे |

नोटः- सहरी व इफ़्तार में क्षेत्रवार समय में परिवर्तन हो सकता है।

माह-ए-रमज़ान की दिली मुबारकबाद

An ISO 9001:2015 Certified Company
NOOR GLASS FABRICATION
If U Can Dream We Can Build
Bajrang Dhaba, Opp. SBI Bank, Pilibhit Bypass Road, Bareilly
9761560515
e-mail : ahmadmuneer13@gmail.com
website : www.noorglassfabrication.com

पांच पीढ़ी की विश्वसनीय हींग परम्परा





एम. के. बन्धानी हींग
हर समझदार गृहणी की पसन्द
51/71, नारायन प्लाजा, नयागंज, कानपुर
फोन: 9519456555, 9695416555

SELECTION POINT
The Complete Family Store
दूल्हे हम सजाते हैं।





डिजाइनर सूट | शेरवानी | जोधपुरी
कुर्ता पायजामा | डिजाइनर शर्ट
45, Civil Lines, Bareilly 8266800220
D.D. Puram, Bareilly 7088300050

पढ़ते रहिये...
अमृत विचार
फेस्टिवल ऑफर
₹5/- प्रतिदिन


# अकाली दल से नहीं बनी बात पंजाब में अकेले लड़ेगी भाजपा

## भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष ने सभी सीटों पर उम्मीदवार उतारने की घोषणा की

नई दिल्ली, अमृत विचार नेटवर्क/एजेंसी



- पंजाब के बेहतर भविष्य के लिए पार्टी ने लिया ये फैसला : जाखड़
- एमएसपी और बंदी सिखों पर फैसला चाहता था अकाली दल

पंजाब में भाजपा ने अकेले लड़ने का ऐलान कर दिया। शिरोमणि अकाली दल से गठबंधन न होने के चलते पार्टी ने ये फैसला लिया है। पिछले कई दिनों से ये माना जा रहा था कि दोनों दल एक साथ चुनाव लड़ेंगे, लेकिन अब पंजाब बीजेपी अध्यक्ष सुनील जाखड़ ने साफ कर दिया है कि पंजाब की सभी सीटों पर पार्टी अकेले चुनाव लड़ेगी। सुनील जाखड़ ने कहा कि पंजाब के बेहतर भविष्य के लिए पार्टी ने ये फैसला लिया है।

अकाली दल ने बीजेपी के सामने दो मुख्य मुद्दे रखे थे, इनमें से पहला था किसानों को एमएसपी दिया जाना और दूसरा था बंदी सिखों पर फैसला लेने का। जेल में सजा पूरी होने के बावजूद बंदी सिखों की रिहाई की मांग अकाली दल लंबे समय से करता आ रहा है। पिछले करीब डेढ़ महीने से पंजाब हरियाणा बॉर्डर पर किसान एमएसपी की मांग को लेकर आंदोलन कर रहे हैं और अकाली दल चाहता था कि इस मुद्दे का भी हल निकाला जाए। वर्ष 2020 में कृषि कानूनों को लेकर किसान प्रदर्शन कर रहे थे तभी शिरोमणि अकाली दल और बीजेपी अलग हो गए थे। 2020 में तीन कृषि कानून के खिलाफ किसानों का गुस्सा काफी बढ़ता जा रहा था अकाली दल के खिलाफ भी किसान उतर आए थे। शिअद को नुकसान होता देख पार्टी ने बीजेपी से किनारा कर लिया था। 2022 के विधानसभा चुनाव दोनों पार्टियों ने अलग-अलग लड़े थे। लोकसभा चुनाव में दोनों के गठबंधन के कयास लगाए जा रहे थे। लेकिन किसानों ने फिर से आंदोलन छेड़ दिया, अकाली दल इस मसले का हल करवा कर फायदा लेने की फिराक में था। अब बीजेपी ने साफ कर दिया है कि वह अकाली दल के साथ लोकसभा चुनाव के लिए गठबंधन नहीं करेगी।

### हमारे लिए संख्या बल नहीं, सिद्धांत महत्वपूर्ण : शिअद



भाजपा फैसले के बाद बाद शिरोमणि अकाल दल प्रमुख सुखबीर सिंह बादल ने कहा कि उनकी पार्टी के लिए संख्या बल से अधिक महत्वपूर्ण'' सिद्धांत हैं। साथ ही उन्होंने वोट को लेकर राजनीति करने के लिए राष्ट्रीय पार्टियों को आड़े हाथ लिया। शिअद प्रमुख सुखबीर सिंह बादल ने कहा, शिअद कोई साधारण राजनीतिक दल नहीं है। यह सिद्धांतों वाली पार्टी है। हमारे लिये संख्या बल से अधिक महत्वपूर्ण सिद्धांत हैं। उन्होंने कहा कि 103 साल पुरानी पार्टी शिरोमणि अकाली दल की जिम्मेदारी पंजाब एवं कौम की सुरक्षा, शांति एवं भाईचारा बनाये रखने की है। उन्होंने कहा कि अकाली दल का गठन सरकार बनाने के लिये नहीं हुआ था। सुखबीर ने दिल्ली स्थित राष्ट्रीय राजनीतिक दलों पर वोटों के लिये राजनीति करने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा, हम वोटों पर राजनीति नहीं कर रहे हैं। हमारे लिए यह पंजाब है।

### भाजपा में शामिल हुए कांग्रेस सांसद रवनीत सिंह बिट्टू



**नई दिल्ली।** पंजाब से तीन बार कांग्रेस के सांसद रहे रवनीत सिंह बिट्टू मंगलवार को भाजपा में शामिल हो गए। लोकसभा चुनाव से पहले पाला बदलने के बाद बिट्टू ने दावा किया कि लोगों ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को फिर से सत्ता में लाने का मन बना लिया है। बिट्टू पंजाब के पूर्व मुख्यमंत्री बेअंत सिंह के पोते हैं। बेअंत सिंह को राज्य में आतंकवाद विरोधी अभियान का नायक माना जाता है। पद पर रहते हुए एक आतंकवादी हमले में उनकी हत्या कर दी गई थी। बिट्टू लोकसभा में लुधियाना का प्रतिनिधित्व करते हैं। भाजपा में शामिल होने के बाद उन्होंने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह सहित अन्य नेताओं की सराहना करते हुए कहा कि पंजाब के लिए उनके मन में बहुत स्नेह है और वह राज्य के लिए बहुत कुछ करना चाहते हैं। राज्य में आतंकवाद के काले दिनों को याद करते हुए उन्होंने शांति के लिए काम करने में भाजपा और आरएसएस की भूमिका की प्रशंसा की। अपने सबसे पुराने सहयोगियों में से एक अकाली दल के साथ संबंध टूटने के बाद भाजपा हाल के दशकों में पहली बार पंजाब में अपने दम पर चुनाव लड़ने की तैयारी कर रही है।

**व्यवस्था के तहत हिंदू पूजा और मुसलमान पढ़ सकते हैं नमाज**

# सर्वे के दौरान भोजशाला में हुई पूजा

धार, एजेंसी

मध्य प्रदेश के धार जिले में विवादास्पद भोजशाला/कमाल मौला मस्जिद परिसर में मंगलवार को हिंदुओं ने पूजा-अर्चना की। साथ ही भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण (एएसआई) की टीम ने कोर्ट की ओर से निर्देशित सर्वेक्षण भी जारी रखा।

7 अप्रैल 2003 के एएसआई के आदेश के अनुसार हिंदुओं को हर मंगलवार को भोजशाला परिसर के अंदर पूजा करने जबकि मुसलमानों को शुक्रवार को वहां पर नमाज अदा करने की अनुमति दी गई है। सर्वेक्षण शुरू होने से पहले सुबह करीब 7.15 बजे हिंदू श्रद्धालु ऐतिहासिक परिसर में पहुंचे। 11 मार्च को मध्य प्रदेश उच्च न्यायालय ने एएसआई को छह सप्ताह में भोजशाला का सर्वेक्षण का निर्देश दिया था। इसको हिंदू, देवी वाग्देवी (सरस्वती) का मंदिर मानते हैं और मुस्लिम कमाल मौला मस्जिद कहता है। अदालत के निर्देशों पर एएसआई ने 22 मार्च को विवादित परिसर में सर्वेक्षण शुरू किया। भोज उत्सव समिति के उपाध्यक्ष बलवीर सिंह ने कहा कि एएसआई सर्वे से विवाद का बेहतर समाधान निकलेगा।

### अवकाश के बाद एएसआई ने शुरू किया सर्वेक्षण

भोजशाला परिसर में एएसआई विभाग का दल सुरक्षा प्रबंधों के बीच पहुंचा। भोजशाला परिसर में हिंदू सरस्वती देवी का मंदिर मानकर पूजा-अर्चना करते हैं, जबकि मुस्लिम इसे इबादतस्थल मानते हैं। यह व्यवस्था 20 वर्ष पहले बनाई गई थी। हाल ही में राज्य उच्च न्यायालय ने एएसआई को भोजशाला का सर्वेक्षण करने का आदेश दिया है। एएसआई की टीम ने पिछले सप्ताह से सर्वेक्षण की कार्रवाई प्रारंभ की। होली के अवकाश के बाद मंगलवार को फिर से टीम ने सर्वेक्षण शुरू कर दिया है।

# सड़क पर आप, कई नेता हिरासत में

नई दिल्ली, एजेंसी



- पंजाब सरकार के मंत्री हरजोत सिंह बैंस समेत पार्टी के कई नेताओं को पुलिस ने हिरासत में
- आप नेताओं ने नारे लगाते हुए प्रधानमंत्री आवास की ओर कूच करने की कोशिश

मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की गिरफ्तारी के खिलाफ आम आदमी पार्टी मंगलवार को सड़कों पर उतरी और जब उसके कई नेताओं, कार्यकर्ताओं ने केजरीवाल जिंदाबाद के नारे लगाते हुए पटेल चौक से लोक कल्याण मार्ग स्थित प्रधानमंत्री निवास की ओर कूच करने की कोशिश की तो उन्हें हिरासत में ले लिया गया।

आप की दिल्ली इकाई के संयोजक गोपाल राय ने कहा कि केंद्र सरकार ने शहर में धारा 144 के तहत पाबंदियां लगाई हैं, उससे ऐसा लगता है कि दिल्ली 'पुलिस राज्य' बन गई है। पुलिस ने प्रधानमंत्री आवास के आसपास के इलाके समेत राष्ट्रीय राजधानी के कई हिस्सों में भी सुरक्षा कड़ी कर रखी है। पुलिस के साथ-साथ अर्धसैनिक बलों को तैनात किया है। लोक कल्याण मार्ग मेट्रो स्टेशन बंद कर दिया गया है जबकि पटेल चौक और केंद्रीय सचिवालय मेट्रो स्टेशनों पर भी अगले आदेश तक प्रवेश एवं निकास संबंधी बंदिशें लगाई गई हैं। आप के वरिष्ठ नेता सोमनाथ भारती, दिल्ली विधानसभा की उपाध्यक्ष राखी बिड़लान, और पंजाब सरकार के मंत्री हरजोत सिंह बैंस समेत पार्टी के कई नेताओं को पुलिस ने हिरासत में ले लिया। राय ने कहा कि पुलिस का प्रयोग करने से आंदोलन नहीं रुकेगा। पार्टी की महिला कायकर्ताओं को घसीटा गया। आप कार्यकर्ता सुबह से पटेल चौक मेट्रो स्टेशन के पास पहुंचने लगे क्योंकि पार्टी ने प्रधानमंत्री के लोक कल्याण मार्ग स्थित आवास को घेरने के लिए मार्च का आह्वान किया था।

# गेहूं के खेत में मिला बाघिन का शव

संवाददाता, रोशननगर/मोहम्मदी (खीरी)



- पोष्टमार्टम में पेट में अंदरूनी चोटों को बताया वजह

**अमृत विचारः** दक्षिणी खीरी वन प्रभाग की वन रेंज महेशपुर की देवीपुर बीट में गेहूं के खेत में बाघिन का शव मिला। पांच डॉक्टरों के पैनल ने पोस्टमार्टम किया, जिसमें बाघिन की मौत पेट में अंदरूनी चोटों से होना बताई गई है।

ग्राम परवस्तनगर के ग्रामीण सोमवार को खेतों पर गए। उन्होंने रामदयाल के खेत में बाघिन का शव देखा। ग्रामीणों ने महेशपुर रेंज के अधिकारियों को सूचना दी। डीएफओ संजय विश्वाल, रेंजर नरेशपाल सिंह, वन दरोगा अभिषेक वर्मा, जगदीश प्रसाद, वनरक्षक नरेंद्र कुमार सहित कई अधिकारी वहां पहुंचे। शव को महेशपुर रेंज लाया गया। डीएफओ संजय विश्वाल ने बताया कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट में बाघिन की मौत पेट में अंदरूनी चोट से होना दर्शाया गया है। उसकी उम्र करीब 10 वर्ष बताई गई है। बाघिन के शव को रेंज कोठी परिसर में दफना दिया गया है।

## राम मंदिर परिसर में चली गोली, कमांडो घायल

**अयोध्या कार्यालय।** राम जन्मभूमि परिसर में मंगलवार शाम पीएससी कमांडो को एक-47 की गोली लग गई। गोली उसके बाई तरफ छाती से होते हुए पार हो गई। कमांडो को श्रीराम अस्पताल और फिर मेडिकल कॉलेज दर्शन नगर ले जाया गया। घायल कमांडो को लखनऊ रेफर कर दिया गया है। लखनऊ की 32 बटालियन पीएसी राम जन्मभूमि परिसर की सुरक्षा में लगी है। बटालियन के ए दल के प्लाटून कमांडर रामप्रसाद कमांडो थे। कमांडो को पीएसी पोस्ट में गोली लग गई। कर्मियों ने जानकारी अधिकारियों को दी और घायल कमांडो को अस्पताल पहुंचाया।

# संदेशखालि पीड़ित प्रत्याशी को मोदी ने बताया शक्ति स्वरूपा

नई दिल्ली, एजेंसी



- रेखा पात्रा ने टीएमसी नेताओं के शोषण का मुद्दा उठाया था

प्रधानमंत्री मोदी ने मंगलवार को बशीरहाट सीट से भाजपा प्रत्याशी रेखा पात्रा से बात की, जिन्होंने पश्चिम बंगाल के संदेशखालि में महिलाओं के यौन उत्पीड़न का मुद्दा उठाया था। टीएमसी नेता शाहजहां शेख के कथित अत्याचारों के खिलाफ आवाज उठाने वाली पात्रा ने पीएम को संदेशखालि की महिलाओं की पीड़ा सुनाई। पात्रा ने कहा कि टीएमसी समर्थकों ने शुरू में भाजपा से उनकी उम्मीदवारी का विरोध किया, लेकिन अब उनका समर्थन कर रहे हैं। प्रधानमंत्री ने उन्हें 'शक्ति स्वरूपा' कहकर संबोधित किया। पीएम ने कहा कि आपने संदेशखालि में लड़ाई लड़ी, आप शक्ति स्वरूपा हैं। उन्हें जनता तक ये संदेश ले जाना चाहिए कि टीएमसी लोगों के खिलाफ काम कर रही है।

## के. कविता को तिहाड़ जेल भेजा

**नई दिल्ली।** अदालत के आदेश के बाद भारत राष्ट्र समिति की नेता के. कविता को तिहाड़ जेल ले जाया गया।



अदालत ने मंगलवार को प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) की उस याचिका पर उन्हें नौ अप्रैल तक के लिए न्यायिक हिरासत में भेज दिया था, जिसमें संघीय जांच एजेंसी ने कहा था कि यदि अति प्रभावशाली के. कविता को रिहा किया गया तो उनके द्वारा गवाहों को प्रभावित करने के अलावा सबूतों से छेड़छाड़ किए जाने की आशंका है।

# आजम की सलाह, रामपुर से लड़ें अखिलेश

कार्यालय संवाददाता,रामपुर

**अमृत विचार :** पूर्व मंत्री आजम खां ने रामपुर सीट के लिए अखिलेश यादव को चुनाव लड़ने की सलाह दी है। मंगलवार शाम सपा कार्यालय पर हुई पत्रकार वार्ता में सपा जिलाध्यक्ष अजय सागर ने आजम का जेल से जारी किया पत्र मीडियाकर्मियों को दिया। सपा शहराध्यक्ष ने कहा कि राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव को रामपुर सीट से चुनाव लड़ने का सुझाव दिया था, लेकिन उन्होंने कोई जवाब नहीं दिया है। आजम खां द्वारा जारी पत्र में कहा गया है कि वह इस लोकसभा चुनाव का बहिष्कार करेंगे। रामपुर से प्रत्याशी के बारे में राष्ट्रीय अध्यक्ष ही निर्णय लेंगे।

मंगलवार शाम को सपा कार्यालय पर आजम की तरफ से जारी पत्र में कहा गया है कि सब की निगाहें सपा के प्रत्याशी की घोषणा पर लगी हुई हैं। हम पिछले 40-50 वर्ष से चुनाव प्रक्रिया में भागीदार रहे हैं। आज हमारा पूरा परिवार जेल की कोठरियों में जिंदगी के दिन काट रहा है। हजारों बेगुनाह लोगों पर झूठे मुकदमें लगाए गए हैं और जेलों में डाला गया है। पुलिस ने रामपुर को जी भरकर लूटा और महिलाओं को अपमानित किया है। आजम खां ने कहा कि रामपुर की ऐसी परिस्थितियों से लोकसभा के चुनाव में हमने अखिलेश यादव से रामपुर सीट से चुनाव लड़ने का आग्रह किया था। हम समझते हैं कि कन्नौज, आजमगढ़, बदायूं, मैनपुरी, एटा, फिरोजाबाद महत्वपूर्ण सीटें हैं जिनका जीतना जरूरी है इस सबके बाद रामपुर आता है। सवाल उठाते हुए कहा कि रामपुर कौन जीतेगा। कहा कि रामपुर के समाजवादी नेताओं, कार्यकर्ताओं पर घोर अत्याचार करके कुचला गया। फर्जी मुकदमे लगाए और जेल भेजा गया और अब भी अत्याचार जारी है। पिछले दो उप चुनावों में जो हुआ उसे कौन भूल सकता है। आज जो हमारे साथ हो रहा है, पूरी दुनिया देख रही है। इन घावों की जलन कम करने के लिए हमने सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव को रामपुर से चुनाव लड़ने को आमंत्रित किया था।

### आजम ने जेल से लिखा दिल का हाल



- रामपुर प्रत्याशी के टिकट को लेकर अखिलेश के पाले में डाली गेंद चुनाव बहिष्कार की दी चेतावनी

**आज हो सकता है नामांकन :** मुरादाबाद में देर शाम यह खबर फैली कि रामपुर से एसटी हसन सपा प्रत्याशी हो सकते हैं। मुरादाबाद से उनका टिकट काटकर रूचिवीरा (बिजनौर) को दिया गया है। हालांकि मंगलवार को सपा प्रत्याशी सांसद डॉ. एसटी हसन ने नामांकन कराया है। मुरादाबाद जिलाध्यक्ष डीपी यादव ने कहा है कि इस संबंध में हाईकमान से कोई पत्र नहीं मिला है। लखनऊ ब्यूरो के अनुसार रामपुर सीट से अखिलेश यादव के भतीजे और लालू यादव के दामाद तेज प्रताप यादव का नाम भी सामने आ रहा है।


आरबीआई
रिटेल डायरेक्ट स्कीम
https://rbiretaildirect.org.in पर जाएं
सरकारी प्रतिभूतियों में सीधे निवेश करें




जिसमें शामिल हैं
- खजाना बिल
- सॉवरेन स्वर्ण बॉण्ड
- अस्थिर दर बचत बॉण्ड, 2020

- शून्य ब्रोकरेज और अन्य कोई शुल्क नहीं
- भुगतान का आसान और सुविधाजनक तरीका




अधिक जानकारी के लिए 1800-267-7955 या +91-22-61546335 पर कॉल करें: सुबह 10 बजे – शाम 6 बजे (सोमवार–शनिवार)
हमें यहां लिखें: support@rbiretaildirect.org.in

जनहित में जारी
भारतीय रिज़र्व बैंक
RESERVE BANK OF INDIA
www.rbi.org.in

# कड़ी सुरक्षा के बीच निकले लाट साहब के जुलूस, जूतों-चप्पलों से किया गया स्वागत

## जुलूस में शामिल हुए हजारों लोग, छतों से बरसा रंग और पानी, जय श्रीराम के लगे नारे

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

**अमृत विचार :** रंगों का पर्व होली जिले में उत्साह, उमंग और उल्लासपूर्ण माहौल में मनाया गया। महानगर में छोटे-बड़े लाट साहब के जुलूस निकाले गए। बड़े लाट साहब और दलेलगंज के छोटे लाट साहब के जुलूस में भारी संख्या में सुरक्षाबल तैनात रहा। इस बार लाट साहब के जुलूसों में अतिरिक्त सुरक्षाकर्मी तैनात होने से आमलोगों को जुलूस के साथ मस्ती करने में मायूसी ही हाथ लगी। हालत तो यह हो गई थी, कि हुड़दंगी कम और सुरक्षाबल के जवान अधिक दिखाई दे रहे थे। इस बार कहीं-कहीं पर लोगों ने छुटपुट पत्थर फेंककर भी माहौल बिगाड़ने की कोशिश की। पत्थरों से लाट साहब के साथ चल रहे आयोजन समिति के एक-दो लोगों को चोट भी लगी, जिससे उन्हें मैदान छोड़कर भागना पड़ा।

लाट साहब के जुलूस के कारण शाहजहांपुर की होली पूरे देश में अलग रूप में देखी जाती है। इसमें मुख्य रूप से चौक का बड़े लाट साहब और दलेलगंज में छोटे लाट साहब का जुलूस अति संवेदशील माना जाता है, इसीलिए इन दोनों जुलूसों में इस बार पुलिस प्रशासन और जिला प्रशासन ने किसी भी अनहोनी से निपटने के लिए सुरक्षा के जबरदस्त इंतजाम किए थे। बड़े



सदर बाजार क्षेत्र में लाट साहब के जुलूस में उमड़े लोग। ● अमृत विचार

- पुलिस और प्रशासनिक अधिकारियों ने की अगुआई
- पत्थर फेंककर माहौल बिगाड़ने की हुई कोशिश

लाट साहब का जुलूस सुबह करीब 10 बजे पारंपरिक ढंग से शुरू किया गया। आरपीएफ के जवानों समेत बड़ी संख्या में पुलिस बल की अगुआई में जुलूस शहर भ्रमण पर निकल पड़ा। इस बार अश्लीलता भरे नारों में काफी कमी दिखाई दी। भीड़ से एक ही नारा एक ही नाम-जय श्रीराम, जय श्रीराम के उद्घोष अधिक सुनाई दिए। चारखंभा पर मुस्लिमों ने जुलूस और पुलिसकर्मियों-हुरियारों पर फूलों की वर्षा कर स्वागत किया। बड़े लाट साहब का जूलस का स्वागत आमतौर पर पूरे शहर में फटे-पुराने कपड़े, जूतों-चप्पलों, वियर की खाली कैन से होता रहा। छतों से नगरवासियों पानी और रंग बरसाकर होली की मस्ती में शिरकत की।

जुलूस चौक, चारखंभा, केरूगंज, चौकी बेरी, अंटा चौराहा, खिरनीबाग चौराहा, सदर बाजार चौराहा होता हुआ बाबा विश्वनाथ मंदिर पहुंचा, जहां लाट साहब ने भोले बाबा के दरबार के समक्ष मत्था टेका। यहां से एक बार फिर जुलूस कांग्रेस कार्यालय मार्ग से पंखी चौराहा की ओर से बहादुरगंज, घंटाघर, कच्चा कटरा मोड़, कोतवाली, बड़े चौराहे से होता हुआ समापन के लिए सरोदी बंगला की ओर मुड़ गया। समापन स्थल पर भी भारी संख्या में पुलिस बल तैनात रहा। एडीएम प्रशासन संजय पांडेय के साथ पुलिस और कई विभागीय अधिकारियों के साथ व्यवस्था संभालने को बराबर साथ रहे। इसी तरह दलेलगंज का जुलूस भी भारी पुलिसबल के साथ निकाला गया। सैकड़ों जवानों के बीच स्थानीय लोगों ने लाट साहब पर जूते-चप्पल आदि फेंककर परंपरा का निर्वहन किया।



महानगर में भारी सुरक्षा व्यवस्था के बीच निकला बड़े लाट साहब का जुलूस। ● अमृत विचार

### कांट थाने में दी गई लाट साहब को सलामी

**कांट, अमृत विचार :** कांट का परंपरागत लाट साहब का जुलूस बैलगाड़ी पर धूमधाम के साथ निकाला गया।

शुक्रवार भोर से ही बच्चों से लेकर बुजुर्ग रंग व गुलाल उड़ाते हुए नजर आए। नगर से लेकर गांवों में रंगों की ही बौछार दिखाई दी। सड़क रंगों से रंगी हुई नजर आई। वहीं होली के लाट साहब की सुरक्षा व्यवस्था को लेकर कोतवाली प्रभारी निरीक्षक जयशंकर सिंह अपने भारी पुलिस बल के साथ जुलूस में मुस्तैद दिखे। इस मौके पर वरिष्ठ समाजसेवी राम मुरारी मिश्रा, गोविंद पांडेय, पंडित योगेश शर्मा, राजदीप शर्मा, कुलदीप आचार्य, संजीव गुप्ता, विशाल सक्सेना, अभिषेक पांडे, राजेश शर्मा (बालाजी फर्नीचर वाले) ,सर्वेश वर्मा ,मुन्ना मिश्रा, शोभित मिश्रा, राजीव शर्मा, सौरभ भारद्वाज आदि बड़ी संख्या में लोग मौजूद रहे।




चारखंभा चौराहा पर लाट साहब के जुलूस का पुष्पवर्षा कर स्वागत करते मुस्लिम समाज के लोग। ● अमृत विचार



थाने पर लाट साहब के साथ कोतवाली प्रभारी निरीक्षक दयाशंकर सिंह व अन्य।

### एक नजर

#### गले मिलकर दीं होली की शुभकामनाएं

**जलालाबाद।** नगर व ग्रामीण क्षेत्र में आखत डालने के बाद लोगों ने जमकर होली खेली और एक-दूसरे को गले मिलकर होली की शुभकामनाएं दीं। नगर के मुख्य चौराहे, 12 पत्थर चौराहे, सरैया मोड़ सहित विभिन्न मोहल्ले व आसपास के गांव याकूबपुर, गुनारा, रौलीबौरी, नगरिया बुजुर्ग, सिकंदरपुर, नूरपुर, करही कोटी, वाला गांव, एहमदगंज गुरुगांव, बझेरा, नौगामा कोला आदि में सुबह होलिका का दहन किया गया। लोग एकत्र होकर नाचते-गाते आखत डालने पहुंचे। आखत डालने के बाद मुख्य चौराहे पर एकत्र हुए। जहां राष्ट्रीय बजरंग दल एवं भारतीय बजरंग दल के कार्यकर्ताओं ने एक दूसरे को अबीर गुलाल लगाकर होली की बधाई दी और गले मिले। रंगों में शहर के लोग मस्ती में डूबे नजर आए। युवाओं से लेकर बुजुर्गों तक में रंगों के पर्व का खुमार छाया रहा। बड़ों ने छोटों को गले लगाकर तो छोटों ने बड़े-बुजुर्गों के पैर छूकर होली की शुभकामनाएं दीं।

#### डीजे बजाने को लेकर हंगामा, दो का चालान

**पुवायां।** पुवायां थाना क्षेत्र के गांव बड़ागांव में होली के अवसर पर लाट साहब का जुलूस निकाला गया। डीजे में पानी चले जाने पर डीजे बंद हो गया। इसको लेकर युवकों ने डीजे बजाने को हंगामा कर दिया। पुलिस के समझाने पर भी नहीं माने। पुलिस ने मंगलवार को दो हंगामा करने के मामले में शेर सिंह निवासी बड़ागांव व रंजीत निवासी बड़ागांव का शांतिभंग में चालान किया है।



आतिशबाजी रंगों से रंग बिखेरते दंपती। ● अमृत विचार

### जूतों की माला पहनकर ठेली पर बैठे लाट साहब



**शाहजहांपुर।** अर्जुनपुर गांव में वर्षों पुरानी परंपरा के अनुसार बैंड बाजा के साथ लाट साहब का जुलूस निकाला गया। होली के दिन सुबह से होरियारी रंग गुलाल लगाकर खूब मस्ती की, वहीं गांव के लोगों ने लाट साहब को जूतों की माला पहनाकर ठेली पर बैठाया और पूरे गांव में बैंड बाजा के साथ घुमाया। लाट साहब को विशेष तरीके से हुक्का पिलाकर जगह जगह जूतों तथा झाड़ू से स्वागत किया जाता रहा। बैंड बाजा के साथ में पूरे गांव में लोग थिरकते रहे, वहीं किसी तरह का कोई विवाद न हो उसके लिए पुलिस फोर्स तैनात रही। साहब ने घर घर जाकर नजराना वसूल किया। बाद में गई के लोगों ने आखत डालकर पारंपरिक गीत गाए। इस दौरान के कोटेदार महेंद्र कुमार, अनिल कुमार, नीरज मिश्रा, रजनीश द्विवेदी, शरद त्रिपाठी, महेंद्र शर्मा, अवधीश दीक्षित, अंकित द्विवेदी, रोहित शुक्ला, श्रीकांत शुक्ला, सुनील दीक्षित, विजय त्रिवेदी, राकेश, शील मिश्रा, सुरेश त्रिपाठी सहित सैकड़ों लोग शामिल रहे। **जुलूस का वीडियो बनाने पर विवाद :** गांव में लाट साहब के जुलूस निकलते समय गांव के दूसरे धर्म के एक व्यक्ति लगातार जुलूस का वीडियो बना रह था, जिससे जुलूस में शामिल सैकड़ों लोग नाराज हो गए, वीडियो बनाने वाले व्यक्ति को जुलूस से हटाने को कहने लगे। कहीं रंग न पड़ जाए, मामला बढ़ता देख पुलिस ने तत्काल उस व्यक्ति को जुलूस से हटाया, मोबाइल से वीडीओ डिलीट करा दिए। इस तरह मामले को शांत कराया गया। गांव के लोगों ने बताया कि यह व्यक्ति पहले भी विवाद करने की कोशिश कर चुका है। पुलिस की पहले ही इस व्यक्ति पर निगाह थी। शांतिभंग होने की आशंका में युवक को पाबंद किया था।

### बड़ागांव में होली पर निकाला गया लाट साहब का जुलूस



**पुवायां ।** होली पर्व पर बड़ागांव में हुरियारो ने होली खेलते हुए लाट साहब का जुलूस निकाला गया। होलिका दहनस्थल के पास से जुलूस शुरू हुआ। नगर के सभी गलियों से होता हुआ पूरे गांव में पुलिस बल की कड़ी सुरक्षा में निकाला गया। जुलूस निकालने के दौरान सीओ पुवायां पंकज कुमार, तहसीलदार मनोज कुमार सिंह, कोतवाल प्रदीप कुमार राय भारी पुलिस फोर्स एवं पीएसी फोर्स के साथ सुरक्षा व्यवस्था में लग रहे। वहीं पुवायां नगर एवं देहात क्षेत्र में होली का त्योहार धूमधाम से मनाया गया। नगर के मोहल्ला तिराहा बाजार से होली का जुलूस युवाओं ने निकाला। जुलूस राजीव चौक पर जाकर समाप्त हुआ। एक दूसरे पर रंग डालकर तथा अबीर गुलाल लगाकर होली खेली गई और एक दूसरे के गले लगा कर होली की बधाई दी गई।

# कच्चा, पक्का, हरा, गुलाबी, नीला, पीला रंग...रंग डाला मोरा अंग -अंग

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

- होली गीतों पर खूब थिरके युवा और बच्चे
- छतों से राहगीरों पर की पानी और रंगों की बौछार
- गली-कूंचों में भी निकलना हुआ दुश्वार, खूब चला रंग

**अमृत विचार :** जिले में रंगों और मस्ती का त्योहार होली हर्षोल्लास से मनाया गया। घरों से लेकर गली-मोहल्लों और मुख्य मार्गों तक जमकर रंग खेला गया। रंग खेलने में बच्चे और महिलाएं भी पीछे नहीं रहीं। सड़कों और गलियों में युवाओं ने सर्वाधिक हुड़दंग मचाया।

होली का त्योहार मस्ती, उमंग और उल्लास का है। इस त्योहार की बच्चे और युवा साल भर प्रतीक्षा करते हैं। सोमवार को लोगों ने रंगों के इस त्योहार को आपसी सद्भाव और भाईचारा के संदेश के साथ मनाया। सुबह से बच्चे पिचकारी और रंग की वाल्टी लेकर घर के दरवाजे पर लोगों को रंगने के लिए निकल पड़े थे। कुछ पानी भी लिए हुए थे। छतों से भी राह चलते लोगों पर रंग और पानी डाला जाने लगा था। घर के दरवाजों पर आसपास के बच्चे इकट्ठे होने लगे और आपस में ही एक-दूसरे पर रंग डालकर खुशी से उछलने लगते थे। वहीं, घर के कामकाज निपटाकर महिलाएं भी रंग खेलने के लिए तैयार हो गईं। उन्होंने भी आसपास के घरों की महिलाओं संग जमकर होली खेली। छतों और घर के मुख्य द्वार पर महिलाओं ने खूब रंग खेला। रंग और मस्ती में सराबोर लोग फिल्मी गीतों पर थिरकते रहे।

इसी तरह मुख्य मार्गों और शहर के प्रमुख चौराहों, गलियों में भी लोगों ने जमकर रंग खेला और हुड़दंग मचाया। होली पर रंग खेलते समय मस्ती करने और गीतों पर झूमने के लिए लोगों ने जगह-जगह म्यूजिक सिस्टम लगा रखे थे। म्यूजिक सिस्टम पर मोहल्ले के लोग मस्ती में झूम रहे थे, जिसमें बच्चे और युवाओं की सर्वाधिक भागीदारी देखी गई। रास्ते में निकलने वाले लोगों को जबरदस्ती पकड़ कर उनके ऊपर डिब्बों से रंग डालकर और मुंह पोतकर बच्चे बहुत खुश हो रहे थे। शहर में इस प्रकार के दृश्य जगह-जगह दिखाई पड़े। हर और होली गीतों का शोर और मस्ती में नाचते-झूमते लोग खुशी से लबरेज थे। तमाम स्थानों पर युवा फटे कपड़ों में ही घूमते दिखे। रंग खेलने का सिलसिला सुबह से शुरू होकर दोपहर बाद तक चलता रहा। हर ओर रंगों की मस्ती दिखाई दी।



दलेलगंज में होली की मस्ती करतीं महिलाएं। ● अमृत विचार



जामा मस्जिद मार्ग पर होली के गीतों पर नाचते लोग। ● अमृत विचार



रंग खेलते बच्चे।



होली पर रंग से सराबोर युवक-युवतियां। ● अमृत विचार



दुर्गा मंदिर में रंग खेलते पुजारी एवं श्रद्धालु। ● अमृत विचार



घर के बाहर आपस में रंग खेलते बच्चे। ● अमृत विचार



होली पर रंग से सराबोर लोग। ● अमृत विचार

### जनप्रतिनिधियों ने अपने घर पर खेला रंग

होली पर विधायक चेतराम ने अपने पुवायां, हरि प्रकाश वर्मा ने जलालाबाद, सलोना कुशवाहा ने तिलहर, वीर विक्रम सिंह प्रिंस ने कटरा, विधायक पुत्र अरविंद सिंह ने ददरौल स्थित आवास पर अपने प्रशंसकों के साथ होली मनाई। जिला पंचायत अध्यक्ष ममता यादव ने नियामतपुर गांव में अपने आवास पर रंग खेला। पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष वीरेंद्र पाल सिंह यादव, अजय प्रताप यादव और ग्राम प्रधान अभय प्रताप ने ग्रामीणों से जमकर रंग खेला। इधर, जिला सहकारी बैंक के चेयरमैन डीपीएस राठौर ने सेठ इन्क्लेव में सभी के साथ रंग खेला।

### मुस्लिम समाज ने दी होली की बधाई

**भावलखेडा।** मॉडल ग्राम पंचायत भटपुरा रसूलपुर में मुस्लिम समाज ने मस्जिद के सामने बनी चौपाल पर टेंट लगाकर नाश्ता की व्यवस्था करते हुए हिंदू समाज के लोगो को आमंत्रित किया एवं गले मिलकर होली पर्व की बधाई दी। प्रधान अनिल गुप्ता ने बताया कि यह परंपरा गांव में वर्षों से चली आ रही है और यह एकता की मिशाल है। हमारी ग्राम पंचायत में सुबह से ही रंग चलने लगता है और दोपहर 12 बजे आखत पड़ने के बाद सभी लोग अपने-अपने घर चले जाते हैं और शाम को सभी नए कपडे पहनकर पुरानी मस्जिद के सामने इक्ट्ठा होते हैं और सबसे पहले मुस्लिम भाई से गले मिलते हैं।

### सार-संक्षेप

#### मंत्री खन्ना ने हनुमतधाम पर खेला रंग



होली पर वित्त मंत्री सुरेश कुमार खन्ना ने भी लोगों के साथ खूब रंग खेला। होली पर मंत्री खन्ना से रंग खेलने के लिए उनके समर्थक दीवान जोगराज स्थित उनके आवास पर पहुंचने शुरू हो गए थे। आवास पर भीड़ बढ़ते देख वह हनुमतधाम पहुंच गए। वहां पहले से मौजूद तमाम लोग प्रतीक्षा कर रहे थे। हनुमतधाम पर ही कैबिनेट मंत्री ने होली मनाई और लोगों को अबीर-गुलाल लगाकर होली की बधाई दी। लोगों ने भी खन्ना को फूल मालाएं पहनाकर और गुलाल लगाकर खूब रंग खेला।

#### सांसद ने साउथ सिटी में खेला रंग



सांसद अरुण सागर ने साउथ सिटी आवास पर होली का आनंद लिया। उनके आवास पर आसपास गांव के लोग भी बचते-बचाते होली खेलने पहुंच गए थे। शहर के भी तमाम लोग इनमें शामिल थे। सांसद ने सभी के साथ अबीर-गुलाल से होली खेली। लोगों ने अपने नेता को गुलाल लगाकर होली की बधाई दी। उनके आवास पर होली खेलने का सिलसिला सुबह से ही शुरू हो गया था।

#### महापौर ने अपने आवास पर खेली होली



महापौर अर्चना वर्मा ने अपने इंदिरानगर स्थित आवास पर लोगों के साथ रंग खेला। सुबह से ही लोग उनके आवास पर रंग खेलने के लिए अबीर-गुलाल लेकर पहुंचने लगे थे। इनमें महिलाएं भी थीं। प्रशंसकों ने अपनी नेता को गुलाल का तिलक लगाकर होली की बधाई दी। रंग खेलने का सिलसिला महापौर के आवास पर दोपहर तक चलता रहा।

आप सभी को होली की हार्दिक शुभकामनाएं

सहयोग संगठन भक्ति

उ.प्र. लेखा एवं लेखा परीक्षा सेवा एसोसिएशन, शाखा-शाहजहाँपुर

प्रान्तीय कार्यालय-9, वि. विद्यालय मार्ग, लखनऊ

(राजाज्ञा-एस.ई.-64/दस-2018 दिनांक 04.07.2018 द्वारा मान्यता प्राप्त)

सम्बद्ध उ.प्र. राज्य कर्मचारी संयुक्त परिषद, उत्तर प्रदेश



बृजेश कुमार दीक्षित

अध्यक्ष

मो. 7617044949

Email : dixitdixit40@gmail.com


The Ano Rectal Clinic
अत्याधुनिक विधि द्वारा गुदाद्वार में होने वाली बीमारियों का परीक्षण
Dr. Sanjay Kumar Yadav
M.S. (Ano-Rectal Surgeon)

Video Recto Scope
लेज़र विधि एवं DGHAL विधि द्वारा
बवासीर (Piles)
भगन्दर (Fistula)
एवं गुदाद्वार में होने वाली अन्य बीमारियों का उचित* इलाज

क्लीनिक का पता
एस-80, गोल चौराहा, महानगर कोतवाली के सामने, महानगर, लखनऊ
7388913338
8005423919
www.anorectalclinic.com

रमज़ान मुबारक
सोलहवां रोज़ा इफ्तार - 27 मार्च 2024
सुन्नी - 06:31 बजे
शिया - 06:37 बजे
सत्रहवां रोज़ा सहरी- 28 मार्च 2024
सुन्नी - 04:40 बजे
शिया - 04:36 बजे
नोटः- सहरी व इफ्तार में क्षेत्रवार समय में परिवर्तन हो सकता है।
माह-ए-रमज़ान की दिली मुबारकबाद
जाकिया बेगम (प्रधान)
पत्नी
फुरकान अली
ग्राम पंचायत कटिया बुजुर्ग विकास खंड सिंधौली जनपद शाहजहांपुर

आफताब
प्रधान पुत्र

शिव इन्टरप्राईजेज
फोम एण्ड प्लाई

गद्दे, सोफे का सामान, पर्दे, प्लाई बोर्ड, दरवाजे, सनमाइका
हार्डवेयर, फर्नीचर
सिकलापुर, बरेली
9897245877

# बेरंग होली: हादसों में गई आठ की जान, आठ घायल

## पुवायां, कलान, जलालाबाद, सेहरामऊ दक्षिणी, कटरा क्षेत्र में हुईं दुर्घटनाएं, होली की खुशियां मातम में बदलीं

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर


रोते-बिलखते सुरजीत के परिजन।


घटना स्थल पर मौजूद पुलिस व एकत्र ग्रामीण। ● अमृत विचार

**अमृत विचार:** अलग-अलग क्षेत्रों में हुई सड़क दुर्घटनाओं में आठ लोगों की मौत हो गई और इतने ही लोग घायल हो गए। दुर्घटनाएं पुवायां, कलान, सेहरामऊ दक्षिणी, कटरा, जलालाबाद, कांट थाना क्षेत्र में हुईं। आठ घरों में होली की खुशियां मातम में बदलने से परिजनों में कोहराम मचा हुआ है।

**खुटार/पुवायां।** खुटार क्षेत्र के गांव कुंभिया माफी निवासी सुरजीत कुमार होली पर्व पर सोमवार को गांव के ही रहने वाले सचिन कुमार (18), पंकज कुमार (19) के साथ बाइक से पुवायां के गांव गुलरिया निवासी अपने साढ़ू नवीन के घर गया था। उधर, कस्बा सिंधौली के गांव आदमपुर उत्तरी निवासी राजेश कुमार(30) कस्बा पुवायां के गांव नत्थापुर निवासी अपने ससुर राजेंद्र प्रसाद(55) के साथ बाइक लेकर पीलीभीत के थाना पूरनपुर के गांव खमरिया पट्टी रिश्तेदार के यहां होली दुआरे पर गए हुए थे। शाम को बाइक से वापस लौट रहे थे। पुवायां सीमा पर गुटैया पुल के समीप राजेश कुमार और सुरजीत कुमार की बाइक आमने-सामने टकरा गई। इस हादसे में सुरजीत और राजेश की मौत हो गई। जबकि सचिन, पंकज राजेंद्र प्रसाद घायल हो गए।

**कलान।** क्षेत्र के गांव शेरपुर कुर्रिया निवासी पंकज उर्फ भूरे सोमवार रात नौ बजे बाइक से भैसठा कलां स्थित ससुराल जा रहा था। उसकी पत्नी निशा मायके में एक माह की बेटी के साथ थी। जलालाबाद-फर्रुखाबाद मार्ग पर पुरैना गांव के पास अज्ञात वाहन ने बाइक को टक्कर मार दी, जिससे पंकज घायल हो गया। उसे मेडिकल कॉलेज लाया गया। जहां इलाज के दौरान देर रात उसकी मौत हो गई।


मृतक सत्यपाल।


मृतक राजकुमार।


मृतक सुरजीत।

**सेहरामऊ दक्षिणी।** क्षेत्र के गांव चांदापुर निवासी सत्यपाल(30) की ससुराल कांट थाना क्षेत्र के गांव जमौर में थी। उसकी पत्नी सावित्री बच्चों के साथ मायके में थी। वह सोमवार शाम सात बजे बाइक से ससुराल जा रहा था। सरौरी गांव के सामने अज्ञात वाहन ने बाइक को टक्कर मार दी, जिससे वह घायल हो गया। घायल को मेडिकल कालेज लाया गया। इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। उसके चार बच्चे हैं। पत्नी व बच्चों का रो-रोकर बुरा हाल है।

**पुवायां।** क्षेत्र के गांव जेवा निवासी विपिन कुमार(24) अपने साथी शिव कुमार, राजकुमार के साथ सोमवार को दिन में गांव जठियापुर गए थे। तीनों होली मिलकर दिन में 11:30 बजे बाइक से लौट रहे थे। पुवायां नगर में डाक बंगला के सामने अज्ञात वाहन ने बाइक को टक्कर मार दी, जिससे तीनों घायल हो गए। घायलों में विपिन को सीएचसी से मेडिकल कालेज रेफर कर दिया गया। जहां डॉक्टर ने विपिन को मृत घोषित कर दिया।

**कांट।** थाना क्षेत्र के गांव कौढ़ा निवासी विद्या प्रकाश के बड़े बेटे की शादी गांव कुर्रिया कला में हुई थी। उसका छोटा बेटा अभिषेक कुमार(18) रविवार शाम अपने भाई की ससुराल दोस्त सोनू के साथ आया था। शाम सात बजे दोनों बाइक से हरदोई के गांव अनंगपुर जा रहे थे। पाली रोड पर एक व्यक्ति को बचाने के चक्कर में बाइक अचानक पलट गई, जिससे अभिषेक और उसका साथी सोनू घायल हो गए। घायलों को मेडिकल कॉलेज लाया गया। जिन्हें बाद में बरेली के एक अस्पताल में भर्ती कराया गया। जहां इलाज के दौरान अभिषेक की मौत हो गई।

**कटरा।** बरेली के फरीदपुर थाना के गांव रियौना गौटिया निवासी अभिषेक यादव (21) अपने चाचा रजिस्टर सिंह के साथ मीरानपुर कटरा के गांव छिकड़ापुर आए थे। वह छिकड़ापुर गांव से अपने चाचा के साथ शाम को बाइक से बरेली जा रहे थे। जलालाबाद-कटरा मार्ग पर फीलनगर गांव के सामने पिकअप ने बाइक को टक्कर मार दी, जिससे दोनों लोग घायल हो गए। दोनों घायलों को बरेली के एक अस्पताल में भर्ती कराया गया। इलाज के दौरान अभिषेक यादव की मौत हो गई। कटरा प्रभारी निरीक्षक गौरव त्यागी ने बताया कि अज्ञात चालक के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

**जलालाबाद।** क्षेत्र के गांव अमापुर अमेला निवासी राजकुमार(20) अपने चचेरे भाई रोहित के साथ सोमवार की दोपहर बाद कलान थाना क्षेत्र के गांव अजीत नगरा में रहने वाली मौसी से मिलने जा रहा था। दोनों लोग कलान थाना क्षेत्र के गांव नौगवां के पास पहुंचे तो अज्ञात वाहन ने बाइक को टक्कर मार दी, जिससे घायल हो गया। घायल को सीएचसी पर लाया गया।

इलाज के दौरान उसकी मौत हो गयी। जबकि चचेरा भाई रोहित घायल हो गया। मृतक राजकुमार मध्य प्रदेश में प्राइवेट नौकरी करता था। होली से चार दिन पहले घर पर आया था। मृतक पांच भाई-बहनों में सबसे बड़ा था। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। मौत से परिवार में रोना पीटना मच गया।

### तीन साल पहले हुई थी सुरजीत की शादी, नौ माह की है बेटी, बेसुध होकर जमीन पर गिरती रही पत्नी

**खुटार।** गुटैया पुल के पास बाइकों की भिड़ंत में मौत का शिकार हुए सुरजीत की पत्नी अलका देवी, मां गुड्डी देवी, पिता रामसागर, बाबा सालिगराम, भाई अनूप कुमार का रो-रोकर बुरा हाल है।मृतक सुरजीत के पिता रामसागर ने बताया कि उनके दो पुत्रों में सबसे बड़ा पुत्र अनूप है और उसकी शादी हो चुकी है। जबकि छोटा पुत्र सुरजीत था। उसकी शादी तीन साल पहले कस्बा सिंधौली के गांव मियांपुर बिलंदापुर निवासी अलका के साथ हुई थी। सुरजीत की 19 माह की बेटी है। सुरजीत के कंधों पर घर की जिम्मेदारी थी। वह बहुत मेहनती था। लोगों के अच्छा बर्ताव और मिलनसार था। गांव के बाहर स्थित ईंट भट्ठे पर ट्रैक्टर चालक था। गांव के सचिन और पंकज ट्राली में ईंट भरकर सुरजीत के साथ ट्रैक्टर-ट्रॉली से ईंट ले जाने का काम करते हैं। सोमवार शाम को पुवायां से तीनों बाइक से घर लौट रहे थे गुटैया पुल के पास हादसा हो गया। जिसमें सुरजीत की मौत हो गई और सचिन, पंकज घायल हो गए।इस हादसे से परिवार सदमे में है। पत्नी अलका देवी कई बार बेसुध होकर जमीन पर गिरती रही।

### काश बड़े भाई की मान ली होती बात

सुरजीत के बड़े भाई अनूप हादसे की सूचना पाकर घटनास्थल पर पहुंचा और सड़क पर खून से लथपथ पड़े भाई के शव को उठाकर गले लगाकर रो रहा था। कह रहा था कि होली त्योहार पर घर से बाहर जाने को रोका था लेकिन सुरजीत अपने दो साथियों के साथ बाइक से साढ़ू के घर चला गया। शाम को हादसे में भाई की मौत की सूचना घर पहुंच गई तो पैरों तले जमीन खिसक गई। वहीं, कोतवाल पुवायां **प्रदीप कुमार राय** ने बताया कि सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची। दोनों शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया था। दोनों मृतकों के परिजनों की तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज किया गया है।

### वाहन की टक्कर से युवक की मौत

**रोजा।** घर से पैदल घरेलू सामान लेने जा रहे एक युवक को अज्ञात वाहन ने जोरदार टक्कर मार दी, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। जिला अस्पताल में डॉक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया। रामचंद्र मिशन के मोहल्ला अहमदपुर रेती निवासी शब्बन (45) रविवार की देर शाम घर से पैदल घरेलू सामान लेने जा रहा था। तभी विपरीत दिशा से आ रहे किसी अज्ञात वाहन ने जोरदार टक्कर मार दी। जिससे शब्बन गंभीर रूप से घायल हो गया। परिवार के लोग व पुलिस मौके पर पहुंच गई। पुलिस ने एंबुलेंस से जिला अस्पताल भेज दिया। जहां डॉक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया।

### चारा मशीन से कटीं युवक की अंगुलियां



**पुवायां।** चारा मशीन पर काम करते समय युवक के हाथ की अंगुली कट गईं। इलाज के लिए उसे पुवायां सीएचसी ले जाया गया, जहां से गंभीर हालत को देखते हुए शाहजहांपुर मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया गया। बनीगवा गांव निवासी जसकरण (30) पुत्र कमलेश कुमार लगभग 7 महीने से हरप्रीत सिंह के बसंतापुर स्थित झाले पर काम कर रह था। सोमवार को वह चारा मशीन से चारा खांद रहा था। इसी दौरान उसका हाथ मशीन के अंदर चला गया और उसकी चार अंगुली कट कर अलग हो गईं। एंबुलेंस से उसे सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पुवायां लाया गया, जहां डॉक्टरों ने प्राथमिक उपचार कर हालत गंभीर के कारण उसे मेडिकल कॉलेज शाहजहांपुर के लिए रेफर कर दिया।

### हादसे में तीन लोग घायल एक की हालत गंभीर

**पुवायां।** घनश्यामपुर बुजुर्ग निवासी अनूप कुमार अपने साढ़ू अनीश कुमार निवासी गांव जिगनिया मुजफ्ता के साथ बाइक से अपनी ससुराल बरीलालपुर निगोही से वापस आ रहा था। मंगलवार सुबह दस बजे जैसे ही बाइक सहोरा घाट के पास पहुंची, तभी किसी अज्ञात वाहन ने बाइक को टक्कर मार दी। इसी दौरान रामजीवन पुत्र दूजाराम सहोरा सिधौली भट्ठे से साइकिल से घर खाना खाने जा रहा था। साइकिल सवार भी बाइक की चपेट में आ गया। जिससे तीनों की हालत गंभीर बनी हुई है। राहगीरों ने घायलों को एंबुलेंस से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भिजवाया। जहां डॉक्टरों ने प्राथमिक उपचार कर तीनों को मेडिकल कॉलेज शाहजहांपुर के लिए रेफर कर दिया। डॉक्टर ने बताया कि अनूप कुमार की हालत नाजुक बनी हुई है।

## अपलाइन पर ट्रेन की चपेट में आकर अज्ञात युवक की मौत

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर


अज्ञात युवक

**अमृत विचार:** लखनऊ-दिल्ली रेल मार्ग पर कटरा में अप लाइन पर ट्रेन की चपेट में आकर एक यात्री की मौत हो गई। अप लाइन पर आधे घंटे रेल संचालन बाधित रहा। ट्रेनों को विभिन्न स्टेशन पर रोक दिया गया।

मंगलवार सुबह साढ़े दस बजे अप लाइन की प्रयागराज-बरेली एक्सप्रेस जा रही थी। ट्रेन के लोको पायलट ने बिलपुर स्टेशन मास्टर को सूचना दी कि ट्रेन के इंजन की चपेट में आकर एक युवक की मौत हो गयी और रेल लाइन पर शव पड़ा है। बिलपुर स्टेशन मास्टर मनोज कुमार ने हादसे की सूचना कटरा स्टेशन मास्टर मोहम्मद हनीफ को दी। स्टेशन मास्टर ने कटरा थाने को सूचना दी। पुलिस सालपुर गांव के सामने अप लाइन पर पहुंची और शव को रेल पटरी से किनारे किया। इस दौरान अप लाइन पर आधा घंटा रेल संचालन बाधित रहा। गुवाहाटी एक्सप्रेस को कटरा रेलवे स्टेशन व गरीब रथ एक्सप्रेस कटरा से पहले रोक दिया गया था। अज्ञात युवक की उम्र 25 साल बताई जा रही है। पुलिस ने मृतक की पेंट की तलाशी ली तो उसके पर्स में एक फोटो निकला। प्रभारी निरीक्षक गौरव त्यागी ने बताया कि अज्ञात शव की शिनाख्त नहीं हो पाई है। जेब से मिले मृतक के फोटो के जरिये उसकी शिनाख्त कराने के प्रयास किए जा रहे हैं। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

## कार से किशोर की मौत, लोगों ने कार में की तोड़फोड़

संवाददाता, कलान


घटना के बाद मृतक के परिवार की रोती-बिलखती महिलाएं। ● अमृत विचार

● कार में सवार पिता-पुत्रों को पीटा, घर के सामने किया हंगामा

● दोनों पक्ष नगर के होने से तनाव की बनी रही स्थिति, पुलिस ने संभाली स्थिति

**अमृत विचार:** होली पर चाचा के साथ बाल कटवाकर पैदल घर जा रहे किशोर की अर्टिगा गाड़ी से कुचलकर मौके पर ही मौत हो गई। घटना से गुस्साए लोगों ने कार में तोड़फोड़ करते हुए उसमें सवार पिता-पुत्रों की पिटाई कर दी। इसके बाद मृतक के परिजनों ने कार सवार पिता-पुत्रों के घर के सामने हंगामा खड़ा कर दिया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने बमुश्किल स्थिति को संभाला। वहीं पिटाई से घायल युवक की हालत गंभीर है।

नगर के सथरी मोड़ निवासी बिजेंद्र मौर्य होली मनाने के बाद अपने भतीजे अमित मौर्य(17) पुत्र लेखराज मौर्य के सोमवार की दोपहर बाल कटवाकर पैदल परौर रोड से अपने घर जा रहा था। परौर की तरफ से अर्टिगा गाड़ी पर सवार नगर निवासी एक व्यक्ति अपने दो पुत्रों के साथ आ रहा था। परौर रोड पर स्वामी विवेकानंद इंटर कॉलेज के सामने कार ने अमित को कुचल दिया, जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। इससे गुस्साए लोगों ने कार के शीशे आदि की तोड़फोड़ कर दी और उसमे बैठे पिता-पुत्रों की पिटाई कर दी, जिसमें से एक युवक घायल हो गया। इसके बाद भी मृतक के परिजनों ने आरोपी के घर के सामने हंगामा खड़ा कर दिया। इसकी खबर थाना प्रभारी प्रभाष चंद्र को मिली तो उन्होंने तत्काल भारी मात्रा में पुलिस फोर्स भेज कर जाम जैसी स्थिति को खत्म कराया। वहीं मृतक के शव को कब्जे में लेकर पुलिस ने पोस्टमार्टम के लिए भेजा। दोनों पक्ष नगर के होने की वजह से तनाव की स्थिति बन गई। पुलिस ने कार्रवाई का भरोसा देकर मामले को शांत कराया।

### ट्रेन से गिरकर युवक की मौत, शिनाख्त नहीं

**रोजा।** सोमवार की तड़के सुबह हथौड़ा रेलवे क्रॉसिंग के पास रेलवे ट्रैक पर एक अज्ञात युवक का क्षत-विक्षत शव बरामद किया है। रोजा जीआरपी को सोमवार की सुबह सूचना मिली कि हथौड़ा क्रासिंग से लोदीपुर के बीच एक युवक का क्षत-विक्षत शव अप और डाउन रेलवे लाइन के बीच में पड़ा हुआ है। पुलिस ने शव की जामा तलाशी ली तो उसकी जेब से मुजफ्फरपुर से जम्मूतवी तक का टिकट मिला। समझा जाता है कि रविवार और सोमवार की देर रात मोरध्वज ट्रेन से गिरकर उसकी मौत हुई होगी। युवक की उम्र करीब चालीस साल के आसपास बताई जाती है। फिलहाल पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराकर सुरक्षित रख लिया है।

### हादसे में महिला की मौत

**सेहरामऊ दक्षिणी।** थाना क्षेत्र में हरदोई रोड पर रात एक अज्ञात महिला की किसी वाहन से टकराकर मौत हो गई। महिला की उम्र 45 साल है और भीख मांगा करती थी। शव की शिनाख्त नहीं हो पाई। पुलिस ने महिला के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

## लखनऊ-दिल्ली मेल में महिला का नगदी, जेवर समेत पर्स चोरी

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

**अमृत विचार:** ट्रेन में चोरी की वारदातें दिन प्रति दिन बढ़ती जा रही है। लखनऊ-दिल्ली मेल में महिला का नगदी, जेवर समेत पर्स चोरी हो गया। इधर पदमावत एक्सप्रेस में एक यात्री का मोबाइल चोरी हो गया।

हरियाणा के फरीदाबाद जिले के मोहल्ला एसआरएस रायल हिल्स सेक्टर 47 निवासी अमित उपाध्याय ने बताया कि वह और उसकी पत्नी अनुपम मिश्रा 24 मार्च को लखनऊ से नई दिल्ली-मेल से लखनऊ से दिल्ली जा रहे थे। उनका एसी कोच में रिजर्वेशन था। ट्रेन लखनऊ से छूटने के बाद वह और उनकी पत्नी बर्थ पर सो गई। पत्नी ने पर्स बर्थ पर रख दिया था। शाहजहांपुर से ट्रेन निकलने के बाद पत्नी की नींद खुली तो देखा कि बर्थ पर रखा पर्स गायब था। उन्होंने बताया कि पर्स में तीस हजार रुपये, एक सोने की चेन, दो सोने की चूड़ियां, एक सोने की अंगूठी थी। उन्होंने जीआरपी थाने में तहरीर दी। पुलिस ने अज्ञात में चोरी की रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

इधर नई दिल्ली के मोहल्ला अशोक बिहार निवासी नमन बनर्जी ने बताया कि दस फरवरी को शाहजहांपुर रेलवे स्टेशन पर रात में नौ बजे पदमावत एक्सप्रेस पर चढ़ रहा था। चढ़ते समय किसी ने उनकी जेब से मोबाइल चुरा लिया।

मोबाइल चोरी होने की जानकारी उनको तब हुई, ट्रेन कटरा के आगे निकल गई थी। उन्होंने मोबाइल चोरी की रिपोर्ट नई दिल्ली रेलवे स्टेशन पर दर्ज कराई है। प्रभारी निरीक्षक रेहान खां ने बताया कि दोनों घटनाओं की चोरी की रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है।

### चोरी में हिस्ट्रीशीटर अपराधी गिरफ्तार

**जलालाबाद।** प्रभारी निरीक्षक हरपाल सिंह ने बताया कि क्षेत्र से एक अभियुक्त बृजपाल निवासी नगरिया थाना जलालाबाद को गिरफ्तार किया है, जो हिस्ट्रीशीटर अपराधी है। अभियुक्त पर विभिन्न धाराओं के नौ मुकदमें पहले से दर्ज है। प्रभारी निरीक्षक ने बताया कि 19 नवंबर 23 को गुरगवां गांव निवासी अशोक सिंह के यहां हिस्ट्रीशीटर और उसके साथियों ने चोरी की थी। चोरी में गुटखा, कुछ सिक्के आदि सामान मिले थे। चोरी में उसके साथ शेरसिंह निवासी फर्रुखाबाद साथ में था। पुलिस ने उसके कब्जे से 465 रुपये बरामद किए है। पुलिस ने अभियुक्त का चालान कर दिया। टीम में उप निरीक्षक जुगेश कुमार आदि थे।



आवश्यकता है अनुभवी सेल्समैन तथा डिस्ट्रीब्यूटर की।
web- www.sirmaurcp.in Mob. : 8755902628 | e-mail : sirmaursoap@hotmail.com

# सपा ने अवधेश वर्मा को उतारा भाजपा-बसपा पर बढ़ा दबाव

## भाजपा ने अभी तक नहीं की है प्रत्याशी की आधिकारिक घोषणा

ददरौल वि0स0 उपचुनाव

- दो दिन में फाइनल हो सकता है बसपा का प्रत्याशी
- दिवंगत विधायक मानवेंद्र सिंह के निधन से खाली हुई है सीट

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

**अमृत विचार:** जिले में लोक सभा के साथ-साथ ददरौल विधान सभा उप चुनाव को लेकर भी सरगर्मियां तेज हैं। सपा ने पूर्व मंत्री अवधेश वर्मा को अपना प्रत्याशी बनाकर भाजपा और बसपा पर प्रत्याशी घोषणा का दबाव बढ़ा दिया है। बसपा आज या गुरुवार को अपना प्रत्याशी घोषित कर सकती है। भाजपा प्रत्याशी घोषित होने में अभी समय लग सकता है।

दिवंगत विधायक मानवेंद्र सिंह के निधन से खाली हुई ददरौल विधानसभा सीट पर उपचुनाव चौथे चरण में 13 मई को होना है। यहां भाजपा से मानवेंद्र सिंह के बेटे अरविंद सिंह टिकट के लिए प्रबल दावेदार हैं, लेकिन उनके नाम की अभी तक आधिकारिक घोषणा नहीं हो सकी है। दूसरी ओर सपा ने पूर्व मंत्री अवधेश वर्मा को मैदान में उतार दिया है। हालांकि अवधेश वर्मा का टिकट काफी दिनों से फाइनल माना जा रहा था क्योंकि सपा प्रमुख अखिलेश यादव ने लगभग एक महीना पहले सामान्य वर्ग के दावेदारों को यह कहते हुए टिकट देने से मना कर दिया था कि इस बार पार्टी का पीडीए पर जोर है और ददरौल से सपा किसी पिछड़े, दलित या अल्पसंख्यक को ही अपना प्रत्याशी बनाएगी।

### प्रत्याशियों ने शुरू की चुनाव की तैयारियां

पूर्व मंत्री अवधेश वर्मा ने तैयारी शुरू कर दी थी। इससे माना जा रहा था कि समाजवादी पार्टी की ओर से अवधेश वर्मा को ही अपना प्रत्याशी बनाया जाएगा। जब सपा की टिकट घोषणा हुई तो कयासों पर मोहर लग गई। सपा ने अवधेश को अपना प्रत्याशी बना दिया, लेकिन अभी तक बसपा और भाजपा ने यहां अपने प्रत्याशी की घोषणा नहीं की है। बसपा के पदाधिकारियों का कहना है कि जिले से पांच नाम भेजे गए हैं। जिनमें एक ब्राह्मण, ठाकुर, ओबीसी और मुस्लिम सभी के नाम हैं। हाईकमान जिसे टिकट देगी उसे चुनाव लड़ाया जाएगा।



ददरौल उप चुनाव की तैयारियां चल रही हैं। यहां चुनाव चौथे चरण में है। मतदान होने में अभी समय है इसलिए एक-दो दिन में टिकट फाइनल हो रहा हो ऐसा नहीं है। टिकट फाइनल होने में अभी समय लग सकता है। **- केसी मिश्रा**, जिलाध्यक्ष भाजपा।



हमने मजबूत प्रत्याशी को मैदान में उतारा है। अवधेश वर्मा प्रदेश सरकार में मंत्री रहे हैं। पीडीए वरीयता के तहत उनको टिकट दिया गया है। **-तनवीर खान**, जिलाध्यक्ष सपा



जिले से पांच लोगों के नामों का पैदल हाईकमान को भेजा गया है। एक-दो दिन में प्रत्याशी तय हो जाएगा। इसके बाद बसपा पूरी ताकत से चुनाव प्रचार में उतरेगी। **-डॉ. राधेश्याम भारती**, जिलाध्यक्ष बसपा।

### चुनाव सामग्री वितरण को लगाई जाएंगी 137 टेबल

**शाहजहांपुर।** जनपद में चौथे चरण में 13 मई को होने वाले मतदान के लिए जिला प्रशासन व जिला निर्वाचन कार्यालय की तैयारियां युद्धस्तर पर चल रही हैं। मतदान से लेकर मतगणना व चुनाव परिणाम घोषित होने तक के लिए छोटी-बड़ी सभी तैयारियां अंतिम चरण में हैं। अभी से पोलिंग पार्टी रवानगी स्थल ओसीएफ रामलीला मैदान में टेबलों की संख्या विधानसभावार 137 निर्धारित कर ली गई है। इसी प्रकार रोजा मंडी वेयरहाउस में होने वाली ईवीएम व चुनाव सामग्री जमा होने के लिए 137 टेबलों की सूची तैयार कर ली गई है। साथ ही साथ मतगणना के लिए भी छह कक्षों को चिन्हित कर लिया गया है। कलेक्ट्रेट में सांसद व उपचुनाव ददरौल के लिए होने वाले नामांकन के लिए कक्ष संख्या 10 व 12 का रंग रोगन करा दिया गया है। मतगणना के लिए प्रत्येक विधानसभा के लिए रोजा मंडी के वेयरहाउस में एक एक कक्ष निर्धारित किया गया है। जिसमें कटरा, जलालाबाद, तिलहर, पुवायां, शाहजहांपुर व ददरौल शामिल है।

पोलिंग पार्टी रवानगी स्थल और चुनाव सामग्री जमा करने के लिए टेबलों की संख्या व स्थान की सूची तैयार कर ली गई है। इसके साथ साथ अन्य तैयारियां तेजी से निर्वाचन कार्यालय कर रहा है। **-संजय कुमार पांडेय**, उप जिला निर्वाचन अधिकारी/एडीएम प्रशासन

बिना ऑपरेशन गुर्दे की पथरी का इलाज होम्योपैथी द्वारा
सिन्कोना होम्योपैथिक सेन्टर

डा. ब्रजेश कुमार
होम्योपैथिक फिजीशियन
बी.एच.एम.एस. (आगरा)
सम्पर्क करें :
9058575790
8077383286
- चर्म रोग (सोराइसिस, दाद, एक्जीमा, मस्से इत्यादि)
- बच्चों का रात में बिस्तर गीला कर देना
- बालों का झड़ना, गंजापन, बालों की सफेदी
- महिलाओं की माहवारी सम्बन्धित समस्याऐं ल्यूकोरिया आदि
- बवासीर, फिशर
- मानसिक रोग (डिप्रेशन)
- चेहरे के कील, मुहांसे
- मिर्गी
- माइग्रेन (आधे सिर का दर्द)
- ब्लड प्रेशर, शुगर
- सियाटिका का दर्द
- मानसिक दुर्बलता
- मोटापा
- पेट संबंधी रोग, जिगर के रोग
- साइनस
- टॉसिंल का बढ़ जाना
- थायराइड
- जोड़ों का दर्द
- गुप्त रोग
पता : 116 बी-1, मॉडल टाउन, स्टेडियम रोड, (निकट संजय नगर पेट्रोल पम्प) बरेली
समय : सोमवार से शनिवार
प्रातः 11 बजे से 4 बजे तक, शाम 6 बजे से रात 9 बजे तक
रविवार 12 बजे से 2 बजे तक

बवासीर भगन्दर
ऑपरेशन से बचें दर्द रहित उपचार
सैक्स रोगियों का यूनानी आयुर्वेदिक इलाज

डॉ. एस.के. गुप्ता
(गुप्त रोग चिकित्सक)
बवासीर भगन्दर रोग विशेषज्ञ
ऑपरेशन से बचें # दर्द रहित उपचार
धात, स्वप्नदोष, सुस्ती, कमजोरी, शीघ्र पतन होना, जोश में कमी, रूकावट, बवासीर, भगन्दर, ल्यूकोरिया, महावारी का न होना, शुक्राणुओं की कमी, निःसन्तान रोगी (नशा छुड़वायें), सोराइसिस, नलों का बंद होना, कैंसर, शुगर, इन्द्री का लंबापन, मोटापन, 50 साल से ऊपर वाले मर्दो का सैक्स पावर खत्म होना, गुर्दे का क्रीटनीन, प्रोस्टेट, अल्सर, योनि का ढीलापन, पेशाब बार-बार आना, पेशाब में खून आना।
डॉ. सी.पी. गुप्ता क्लीनिक
स्थापित 1960
माध्यमिक शिक्षा परिषद बोर्ड आफिस के सामने, चौपुला से कुतुबखाना रोड, बरेली।
मो. 9259082174

जे.पी. क्लीनिक
डा. जितेन्द्र पाल सिंह
B.A.M.S., (Kanpur)
Ex. H.O. जिला अस्पताल
फेमिली फिजीशियन
- दाँद, खाँज, खुजली, मुँहासे का इलाज
- बच्चों के जिगर, सूखा रोग एवं काली खाँसी का इलाज
- जोड़ों, घुटनों व गठियाँ के दर्द का इलाज।
- गुर्दो की पथरी (Kidney Stone) व गदूद (Prostate) का इलाज
बच्चों के सूखा रोग का तेल मुफ्त दिया जाता है।
हमारे यहाँ भफारा (Nebuliser) मुफ्त दिया जाता है
पता : बाजार सन्दल खान, निकट दूल्हा मियाँ की मजार, किला सिटी स्टेशन रोड, बरेली मो. 8791532206
सुबह 11 से 3 बजे तक
सायं 7.30 से 9.30 बजे तक
रविवार अवकाश

MEDICAL Lifelines OF BAREILLY
अमृत विचार एक सम्पूर्ण अखबार
विज्ञापन हेतु सम्पर्क करें :- 7464943582


डॉ. हारिस अंसारी
एम.एस., एम.सी.एच. (यूरोलॉजी)
Consultant Urologist & Andrologist
गुर्दा, प्रोस्टेट, पेशाब की थैली की पथरी व कैंसर सर्जन
- प्रोस्टेट (गदूद का आपरेशन) (TURP) - गुर्दे की पथरी का आपरेशन (PCNL) - गुर्दे की नली (यूरेटस) की पथरी का ऑपरेशन (URSL) - पेशाब के समस्त प्रकार के रोगों का इलाज
आयुष्मान योजना अन्तर्गत स्वास्थ्य लाभ मुफ्त
डॉ. एम. खान हॉस्पिटल
मल्टी स्पेशलिटी व क्रिटिकल केयर सेन्टर
स्टेडियम रोड, निकट सेंट फ्रांसिस स्कूल, बरेली
समय दोपहर 12 से शाम 4 बजे तक हेल्पलाईन 9897838286, 9837549348


डॉ. दर्शन मेहरा
एम.बी.बी.एस., एम.डी. (मेडिसिन)
Cardiopulmonologist, Diabetologist & Intensivist
आयुष्मान एवं TPA कैशलेस सुविधा उपलब्ध
डायबिटीज, थायराइड, डेंगू, मलेरिया, टी.बी., पेट रोग, गठिया, फेफड़ों के रोग, तेज बुखार, एलर्जी, जटिल रोगों का उचित इलाज
दर्पिन हॉस्पिटल
संजय नगर रोड, पीलीभीत बाईपास, बरेली
हैल्प लाइन – 8979252222, 9457663289


डॉ. रजनीकांत साहू
MBBS, MS, MCh. (SGPGI, Lucknow)
Ex-Consultant-MAX Hospital, Delhi
वरिष्ठ न्यूरो सर्जन
मो. 7417389433
सुविधायें:- सिर की चोट का इलाज व ऑपरेशन, ब्रेन ट्यूमर, दिमागी गांठ तथा ब्रेन हैमरेज का ऑपरेशन, गर्दन व पीठ का दर्द, सियाटिका, स्लिप डिस्क, स्पाइनल ट्यूमर का इलाज व ऑपरेशन, सिर दर्द व मिर्गी के दौरे का इलाज।
बरेली न्यूरो एण्ड स्पाईन सेन्टर
पताः- सी 427 डिवाइन हॉस्पिटल के सामने, के.के. हॉस्पिटल रोड, राजेन्द्रनगर, बरेली
मिलने का समय प्रातः 10 से 12, सायं 6 से 8
7017678157


डा. सतेन्द्र शर्मा
M.D. (Ayu.)
बवासीर, भगन्दर रोग विशेषज्ञ
क्या आपकी हर सुबह परेशानी लेकर आती है
जैसे : शौच के समय जलन, दर्द एवं खून, मल द्वार के पास से मवाद व कपड़े खराब होते रहना।
क्षार सूत्र विधि द्वारा इन सभी बीमारियों से सम्पूर्ण निदान पायें।
श्रद्धा केयर अस्पताल
मिनी बाईपास, प्रेम नर्सरी के सामने, कर्मचारी नगर, नैनीताल रोड बरेली सम्पर्क सूत्र : 9758284825, 8077550393

आयुष्मान कार्ड धारकों के लिए फ्री मोतियाबिन्द व नाखूना के ऑपरेशन
TPA कैशलेस की सुविधा, ECHS द्वारा मोतियाबिन्द की सुविधा
नेत्र सर्जन

डॉ. आफताब आलम
एम.बी.बी.एस., डी.ओ.एम.एस. (ए.एम.यू.)
रोहिलखंड रत्न व अचीवर अवार्ड से सम्मानित
मोतियाबिन्द के ऑपरेशन की शुरूआत मात्र 2000/- रु. से
मिलने का समय-प्रातः 10 से 3 बजे तक, शाम : 6 से 8 बजे तक
डॉ. आफताब आई केयर मो. 9758934778
ऑर्थोडेन्ट क्लीनिक, निकट आकाश पुरम गेट, जगतपुर रोड, बरेली


डॉ. नितिन अग्रवाल
एम.डी. (गोल्ड मेडिलिस्ट), डी.एम. (कार्डियोलॉजी)
हृदय रोग विशेषज्ञ मो. 9457833777
ECG+ECHO+TMT+HOLTER
हृदय रोग के लक्षण:- ♦ घबराहट ♦ छाती में दर्द या भारीपन ♦ सांस फूलना ♦ पैरों में सूजन ♦ हाई ब्लडप्रेशर ♦ हाई कोलेस्ट्रोल ♦ डाइबिटीज (शुगर) ♦ सीने या पेट में जलन या दर्द ♦ हार्ट अटैक ♦ हार्ट फेल
APPLE CARDIAC CARE DR. NITIN AGARWAL'S HEART CLINIC
ए-3, एकता नगर, केयर अस्पताल के सामने, स्टेडियम रोड, बरेली। सम्पर्क करें:- 9458888448


डॉ. गयास अहमद
MBBS, DCH, DNB (Paediatric) NEW DELHI
नवजात शिशु एवं बाल रोग विशेषज्ञ
भू.पू. चिकित्सक सर गंगाराम अस्पताल, नई दिल्ली
NEW BORN AND CHILD CARE CLINIC
1. मुंशी नगर गेट, डेलापीर मण्डी, पीलीभीत रोड, बरेली
समय – प्रातः 9 बजे से 12 बजे तक, शाम 4 बजे से 8 बजे तक
सुविधायें :- ♦ वेन्टीलेटर/BIPAP/CPAP युक्त NICU/PICU की सुविधा, ♦ प्रीमेच्योर बच्चों के लिए सफेक्टेन्ट एवं विशेष देखभाल की सुविधा, ♦ नवजात निमोनिया व जन्मजात दौरे पड़ने का इलाज, ♦ पीलिया का इलाज, ♦ दिमागी बुखार, ♦ मलेरिया, डेंगू, टायफाइड का इलाज
HELP LINE - 7017920279, 8920198518

# खेत मालिक सहित दस पर वन विभाग ने की कार्रवाई

संवाददाता, खुटार

- 24 को जांच करने पहुंचे रेंजर का किया था घेराव, गाड़ी में तोड़फोड़ का किया था प्रयास
- पेड़ कटान मामले में वन संरक्षण अधिनियम के तहत दर्ज किया गया मामला

**अमृत विचार :** खुटार तिकुनियां हाईवे किनारे खड़े चार पेड़ काटने के मामले में खेत मालिक सहित दस लोगों के खिलाफ वन संरक्षण अधिनियम के तहत केस दर्ज किया गया है।

खुटार तिकुनियां पर स्थित एक आरा मशीन के ठीक सामने प्लाटिंग का काम चल रहा है। हाईवे किनारे वन विभाग के चार पेड़ खड़े थे। 24 मार्च को दोपहर बाद तिकुनियां के रहने वाले सत्यपाल ने पेड़ काट दिए थे। सूचना पर रेंजर मनोज श्रीवास्तव टीम के साथ पहुंचे थे और सत्यपाल को पकड़ लिया था। पूछताछ के दौरान सत्यपाल के साथ मौजूद कुछ लोग आ गए और रेंजर का घेराव कर पिटाई पर आमादा हो गए थे। रेंजर वहां से हटकर गाड़ी में बैठे तो शीशे तोड़ने का प्रयास किया था। पुलिस के पहुंचने के बाद मामला शांत हुआ। इस बात की सूचना वन विभाग अधिकारियों को दी गई थी। वन रक्षक संतोष गौड़ ने बताया कि वन संरक्षण अधिनियम की धारा 4/10 के तहत सत्यपाल और इस मामले में खेत मालिक अभय की संलिप्तता पाए जाने पर केस काटा गया है, साथ ही आठ अज्ञात लोगों पर कार्रवाई की गई है। उधर, रेंजर पर पिटाई करने को हमला और गाड़ी में तोड़फोड़ का प्रयास किया गया था। कहा गया था कि अधिकारियों को अवगत कराने के बाद कार्रवाई कराई जाएगी। लेकिन पुलिस को तहरीर नहीं दी गई है।

> पेड़ कटान के मामले में पेड़ मालिक सहित दो लोग नामजद और 8 अज्ञात लोगों के खिलाफ विभागीय कार्रवाई की गई है। मामले में जांच की जा रही है। जांच के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी।
> –मनोज श्रीवास्तव, रेंजर खुटार

# होली पर चार झोपड़ीनुमा घरों में लगी आग, जल गया नगदी-जेवर और सामान

## हवा के झोंके से तेज हो रहीं थीं लपटें, बमुश्किल आग पर पाया काबू

संवाददाता, मिर्जापुर

**अमृत विचार :** क्षेत्र के गांव कीलापुर में होली के दिन आग लगने से चार झोपड़ीनुमा घर जलकर राख हो गए। आग से घर में रखे बच्चों के होली के नए कपड़े, बिस्तर, नकदी व जेवर आदि सामान जल गया। त्योहार के दिन लगी आग के बाद महिलाएं व परिवार के सदस्य खुले आसमान के नीचे रहने को विवश हैं। राजस्व विभाग ने जांच कर आर्थिक सहायता उपलब्ध कराने का आश्वासन दिया है।

रामगंगा के कटान से प्रभावित कीलापुर में विधवा सविता उर्फ सावित्री अपने परिवार के साथ झोपड़ी बनाकर गुजर बसर कर रही है। होली के दिन परिवार के बच्चे व महिलाएं रंग खेलने में मशगूल थे। दोपहर लगभग एक बजे अचानक झोपड़ी से धुआं उठने लगा। जब तक घर वाले कुछ समझ पाते घरों से आग की तेज लपटें उठने लगीं। आगजनी से गांव में अफरा-तफरी मच गई। लोग आग बुझाने की कोशिश कर रहे थे लेकिन तेज हवा के झोंके से आग की लपटें और तेज हो रहीं थीं। देखते ही देखते आग ने पड़ोस में भूरे, लखपति और देशराज के झोपड़ीनुमा घर को भी अपनी जद में ले लिया। हाल यह थी कि लोग घरों से जरूरी सामान भी नहीं निकाल पाए। जैसे-तैसे खुद की जान बचाई। गांव के लोगों ने कड़ी मशक्कत कर बमुश्किल आग पर काबू पाया लेकिन आग से झोपड़ी में रखा सामान नहीं बचा पाए। आग में बिस्तर, करीब तीन हजार की नगदी व जेवर आदि सामान जल गया। चारों परिवार खुले आसमान के नीचे आ गए। मामले की जानकारी तहसील प्रशासन को दी गई। तब फिर अधिकारियों के निर्देश पर राजस्व विभाग की टीम गांव पहुंची और आगजनी में हुए नुकसान का आंकलन कर रिपोर्ट उच्चाधिकारियों को सौंप दी गई। राजस्व टीम ने पीड़ित परिवार को आगजनी में हुए नुकसान की भरपाई के लिए आर्थिक सहायता दिलाए जाने का आश्वासन दिया है।


किलापुर में मायूस खड़ा पीड़ित परिवार।

### छिन गईं बच्चों की नए कपड़े पहनने की खुशी

होली पर सबसे अधिक खुशी बच्चों को होती है, क्योंकि उन्हें रंग खेलने के बाद नए-नए कपड़े पहनने को मिलते हैं। माता-पिता से जिद करके बच्चों ने कुछ दिन पहले ही होली के लिए नए कपड़े मंगवाए थे। बच्चों के नए कपड़े भी आग की भेंट चढ़ गए।

> आगजनी में हुए नुकसान का आंकलन करने के लिए टीम भेजी गई थी। जांच कराकर रिपोर्ट उच्चाधिकारियों को भेज दी गई है। पीड़ित परिवारों को जल्द ही मुआवजा दिलवाया जाएगा।
> –मोहम्मद अजहर अंसारी, तहसीलदार, कलान

**छप्परदार घर में लगी आग : निगोही।** क्षेत्र के गांव मिलकिया में चंपा देवी पत्नी देशराज के झप्परदार घर में मंगलवार रात आठ बजे अचानक आग लग गई। इस आगजनी में घर में रखा चावल, गेहूं, नगदी, कपड़े आदि सामान जल गया।

# गाना बदलवाने के विवाद में युवक को पीटा, गंभीर

**रौसर कोठी, अमृत विचार :** रामचंद्र मिशन क्षेत्र के गांव चौढेरा में होली के अवसर पर डीजे पर गाना बदलवाने के विवाद में युवक के सिर पर डंडों से हमला कर घायल कर दिया। इससे वह बेहोश होकर गिर पड़ा। उसे राजकीय मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया गया है। जहां उसकी हालत गंभीर बताई गई है।

रामचंद्र मिशन क्षेत्र के गांव चौढेरा में रविवार रात करीब 11 बजे सत्येंद्र के गेट के आगे डीजे बज रहा था। तभी गांव के ही प्रदीप सक्सेना का गाना बदलवाने को लेकर विवाद हो गया। बड़े भाई राकेश सक्सेना बीच बचाव करने आए तो गांव के ही मनोज, कमलेश, पंकज, संजय आदि ने डंडों से पीट कर घायल कर दिया। मारपीट में राकेश लहुलुहान होकर बेहोश हो गए। सूचना पर थाना रामचंद्र मिशन पुलिस मौके पर आ गई। पुलिस ने घायल को राजकीय मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया। एसएसआई सुंदर लाल वर्मा ने बताया कि मामले में घायल के भाई प्रदीप सक्सेना की ओर से पंकज, मनोज, कमलेश, संजय के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है।

## पिटाई कर पत्नी को किया लहूलुहान

**पुवायां।** नगर के मोहल्ला छावनी निवासी शिवानी पत्नी सूरज ने कोतवाली पुवायां में शिकायती पत्र देकर बताया कि उसका पति शराब पीने का आदी है। होली के दिन भी शराब पीकर आया और सुबह 10 बजे से ही नशे में गाली देने लगा। मना करने पर उसके साथ मारपीट कर घायल कर दिया। जिससे उसका सिर फट गया। पुलिस ने घायल महिला को मेडिकल के लिए अस्पताल भेजा और कहा कि शिकायती पत्र के आधार पर कार्रवाई की जाएगी, वहीं गांव हरदुआ निवासी अमित को गालियां देने का विरोध करने पर गांव के ही तीन लोगों ने मिलकर पीट दिया। जिससे उसका सिर फट गया। घायल युवक ने तहरीर दी है।

# धार्मिक स्थल पर नारे लिखने से फैला आक्रोश

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

- दीवार पर लिखे नारे को पुतवाया अज्ञात में रिपोर्ट दर्ज
- पुलिस ने कैमरे खंगाले, अराजक तत्वों की तलाश जारी

**अमृत विचार:** शहर में रंग वाले दिन मोहल्ला मक्कू बजरिया में एक धार्मिक स्थल पर धार्मिक नारे लिख देने से एक संप्रदाय के लोगों में आक्रोश फैल गया था। इस दौरान बड़ी संख्या में लोग एकत्रित हो गए। प्रशासनिक अधिकारी, पुलिस अधिकारी पुलिस फोर्स के साथ धार्मिक स्थल पर पहुंचे, जहां लोगों को समझाकर शांत कराया। प्रशासन ने धार्मिक स्थल पर लिखे धार्मिक नारे को पुतवा दिया। पुलिस ने सीसीटीवी कैमरों को खंगाला।

सदर बाजार थाना क्षेत्र के मोहल्ला मक्कू बजरिया में धार्मिक स्थल है। सोमवार को रंग वाले दिन सुबह साढ़े दस बजे किसी ने धार्मिक स्थल की दीवार पर धार्मिक नारे लिख दिए थे। दोपहर एक बजे एक संप्रदाय के लोग पहुंचे तो दीवार पर नारे देखकर नाराजगी जताई। बड़ी संख्या में लोग एकत्रित हो गए। सदर बाजार प्रभारी निरीक्षक रवींद्र सिंह पुलिस फोर्स के साथ पहुंच गए। उन्होंने पुलिस अधिकारियों को सूचना दी। प्रशासनिक अधिकारी, पुलिस अधिकारी भी धार्मिक स्थल पर पहुंच गए। इस दौरान पैरा मिलेट्री फोर्स, पीएसी, पुलिस लाइन से फोर्स भी काफी मात्रा में पहुंच गया। अधिकारियों ने लोगों को समझाकर शांत कराया। जहां पर धार्मिक नारा लिखा था।

उसे पुतवा दिया। अधिकारियों ने आश्वासन दिया कि इस तरह के गलत कार्य करने वालों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी। पुलिस ने धार्मिक स्थल और आस-पास लगे सीसीटीवी कैमरे को खंगाला। कैमरे के फुटेज लेकर पुलिस आरोपियों की तलाश में जुट गई है। प्रभारी निरीक्षक रवींद्र सिंह ने बताया कि अज्ञात लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है। बताया कि मोहल्ले में किसी प्रकार का कोई तनाव नहीं है। पुलिस आरोपियों की तलाश में जुटी है।


सुरक्षा की दृष्टि से तैनात पुलिस फोर्स। • अमृत विचार

> मोहल्ला मक्कू बजरिया में कोई तनाव नहीं है। एक धार्मिक स्थल पर धार्मिक नारे लिख दिए गए थे। अज्ञात में मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। आरोपियों का पता लगाया जा रहा है और आरोपियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी।
> – अशोक कुमार मीणा, एसपी

### फोर्स तैनात, पुलिस ने की रात भर गश्त

मोहल्ला मक्कू बजरिया में शांति एवं सुरक्षा की दृष्टि से सभी धार्मिक स्थलों के आस-पास पैरा मिलेट्री, पीएसी, सदर बाजार थाने का फोर्स व पुलिस लाइन के फोर्स की ड्यूटी लगाई गई। प्रभारी निरीक्षक रवींद्र सिंह क्षेत्र में डेरा डाले हुए हैं। उन्होंने क्षेत्र के लोगों से अमन चैन बनाए रखने की अपील की है। वहीं मोहल्ले में जगह-जगह पुलिस फोर्स तैनात है। पुलिस ने शांति एवं सुरक्षा की दृष्टि से रात में क्षेत्र में पैदल गश्त की। पुलिस अराजक तत्वों पर पैनी नजर रखे हुए है।

## फंदे से लटकी बीमारी से परेशान युवती

**सिंधौली।** गोरारायपुर में बीमारी से तंग आकर सोमवार की रात युवती ने दुपट्टे से फंदे पर लटककर जान दे दी। परिवार वालों ने उसका शव सुबह देखा। पुलिस पहुंची और शव को उतार लिया। परिवार वालों ने बताया कि उसे कई बीमारी थी और प्राइवेट इलाज चल रहा था। थाना क्षेत्र के गांव गोरा रायपुर निवासी चांद बी (19) पुत्री मोहम्मद हनीस ने सोमवार की रात नौ बजे खाना खाया और कमरे में सोने के लिए चली गई। परिवार वाले सुबह चार बजे उठे तो देखा कि उसका शव दुपट्टे से कुंडे से लटका हुआ था। लोगों की भीड़ जमा हो गई। सूचना पर प्रभारी निरीक्षक धर्मेंद्र गुप्ता सिपाहियों के साथ पहुंचे और शव को उतारकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। मृतक के पिता मोहम्मद हमीद ने बताया कि उसकी बेटी को कई बीमारी थी और प्राइवेट इलाज चल रहा था। वह बीमारी से काफी परेशान थी। वह घर में कढ़ाई का काम करती थी। तीन बहनों में सबसे छोटी थी। पोस्टमार्टम रिपोर्ट में हैंगिंग से मौत हुई है। मौत से परिवार में रोना पीटना मच गया।

## युवक ने फंदे से लटककर दी जान

**सेहरामऊ दक्षिणी।** थाना क्षेत्र के गांव सुजातपुर निवासी नरवीर (35) का शव मंगलवार की दोपहर बाद उटहा गांव के बाहर पेड़ से रस्सी से लटका मिला। परिवार वाले मौके पर पहुंचे और देखा कि नरवीर का शव लटका हुआ था। सूचना पर एसओ रोहित सिंह ने पहुंचे और शव को उतारवा कर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। उसकी बेटी की शादी बीस दिन पहले हुई थी। परिवार वालों ने बताया कि सुबह दस बजे घर से निकला था। परिवार में किसी बात को लेकर उसका विवाद हो गया था। इसलिए उसने फांसी लगाकर जान दे दी है। मौत की खबर से परिवार में रोना पीटना मच गया।

## भाजपा नेता पर जानलेवा हमला, रिपोर्ट

**रौसर कोठी।** रामचंद्र मिशन क्षेत्र के मोहल्ला फत्तेपुर रेती में हत्या के प्रयास के मुकदमे में गवाही न देने से नाराज़ हिस्ट्रीशीटर और उसके पुत्र ने होली वाले दिन भाजपा नेता पर फायर कर दिया। गनीमत रही कि वह बाल-बाल बच गए। पुलिस ने तहरीर के आधार पर रिपोर्ट दर्ज कर ली है। थाना रामचंद्र मिशन क्षेत्र के मोहल्ला फत्तेपुर रेती निवासी भाजपा पूर्व सभासद पति संतोष शुक्ला 25 मार्च को सुबह आठ बजे मोहल्ले के ही वीरेंद्र पांडेय की मृत्यु होने पर दुआरा करने उनके घर गए थे। संतोष के मुताबिक मोहल्ले का ही रहने वाला हिस्ट्रीशीटर सुबोध उर्फ कल्लू पांडेय जोकि एक हत्या के प्रयास के मुकदमे में गवाही देने पर उनसे रंजिश मानता है। उसने रास्ते में रोक लिया और गाली गलौज करने लगा। उस वक्त तो आस पास के लोगों ने बीच बचाव कर दिया। आरोप है कि दोपहर 12 बजे संतोष अपने भाई विमल के घर जा रहे थे। तभी कल्लू और उसका बेटा रजत पांडेय आ गए। दोनों ने जान से मारने की नीयत से फायर कर दिया। हमले में भाजपा नेता बाल-बाल बच गए। फायरिंग की आवाज सुनकर लोग एकत्र हो गए। तब आरोपी जान से मारने की धमकी देकर फरार हो गए। एसएसआई सुंदर लाल वर्मा ने बताया कि मामले में संतोष शुक्ला की ओर से सुबोध उर्फ कल्लू पांडेय तथा उसके बेटे रजत पांडेय के खिलाफ हत्या के प्रयास समेत अन्य धाराओं में रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है। गिरफ्तारी के लिए दबिश दी जा रही हैं।

सुपर स्पेशलिटी विभाग
वरुण अर्जुन मेडिकल कॉलेज एवं रोहिलखण्ड अस्पताल
N.H.-24 बंथरा, शाहजहाँपुर द्वारा संचालित
पीडियाट्रिक सर्जरी एवं प्लास्टिक सर्जरी ओ.पी.डी.
अब शाहजहाँपुर में
हमारे विशेषज्ञ पीडियाट्रिक एवं प्लास्टिक सर्जन प्रत्येक दिन OPD में उपलब्ध रहेंगे।
समय- प्रातः 9:00 बजे से सायं 3:00 बजे तक
स्थान: पीडियाट्रिक सर्जरी ओ.पी.डी. कमरा नं. 202, प्लास्टिक सर्जरी ओ.पी.डी. कमरा नं. 172 – रोहिलखण्ड अस्पताल, बंथरा
परामर्श शुल्क पर 80% की छूट ~~₹1000~~ ₹200
24 घण्टे उपलब्ध सविधायें
दूरबीन विधि द्वारा आपरेशन की सुविधा उपलब्ध
MRI, C.T. Scan एवं I.C.U. की सुविधा उपलब्ध

पीडियाट्रिक सर्जरी विभाग से संबंधित बीमारियों के लक्षण :
हर्निया, हाईड्रोसिल, अंडकोष का सही स्थान पर न होना, अपेंडिक्स, शरीर व पेट में गांठे, जीव का तालु से चिपका होना, गर्दन के सुराग से पानी आना, गर्दन में को सूजन/गांठ, नाभी से खून आना, पानी आना, मल आना, नाभी का फूल जाना व गांठ होना, पेट की समस्या, लम्बे समय से पेट में दर्द या अचानक दर्द, पेट का बार-बार फूलना व अचानक फूलना, बार-बार उल्टी होना, जन्मजात मलद्वार का नहीं होना, मलद्वार सामान्य जगह पर नहीं होना या छोटा होना, मल में खून आना, मलद्वार में खून आना, मलद्वार की गांठ, मलद्वार बाहर निकलना, बच्चों की स्तन की गांठ, लड़कों के स्तन का असामान्य बड़ा होना, लिंग का तिरछापन, लिंग की खाल न खुलना, पेशाब के छेद का सामान्य स्थान पर न होना, पेशाब में बार-बार संक्रमण होना, गुर्दे में पानी भर जाना, सर में पानी भर जाना, रीड की हड्डी पर गांठ।

प्लास्टिक सर्जरी विभाग से संबंधित बीमारियों के लक्षण :
- जन्मजात कटे-फटे होठ, तालू, मुँह व पैदाइशी निशानों की सर्जरी।
- जबड़े की हड्डियों के फ्रैक्चर व चेहरे की फटी चमड़ी की सर्जरी।
- जन्मजात विकृत जननांग व विकृत सिर की सर्जरी।
- जन्मजात कान, नाक का टेढ़ापन, चिपका या विकृत होने की सर्जरी।
- जन्मजात हाथों व पैरों की चिपकी उंगुलियों व पंजों की सर्जरी।
- जलने या दुर्घटना में फटे-कटे नाक, कान, होठ व कैंसर इलाज के घाव की सर्जरी।
- दुर्घटना में जलने व चोट के सभी प्रकार के निशानों की सर्जरी।
- स्तन, चेहरे व चमड़ी के कैंसर मुक्त टिशू की सर्जरी।
- चेहरे के दाग धब्बों आदि की कास्मेटिक सर्जरी।
- बिना दाग धब्बों के शरीर की किसी प्रकार की रसौली की सर्जरी।

- आयुष्मान भारत योजना के अन्तर्गत कार्ड धारकों के लिए भर्ती होने पर निःशुल्क इलाज की सुविधा।
- पं. दीन दयाल उपाध्याय राज्य कर्मचारी कैशलेस चिकित्सा योजना के अन्तर्गत मुफ्त इलाज की सुविधा।
- परिवार स्वास्थ्य कार्ड की सुविधा 200 में 1 वर्ष के लिए मान्य।
- ईसीएचएस एवं रेलवे के अंतर्गत कैशलेस इलाज की सुविधा उपलब्ध।
अधिक जानकारी के लिए सम्पर्क करें :- Mob. 7521001988, 7521001989

अब घर बैठे आपके जीवन की जटिल समस्याओं का 100% पक्का समाधान
फ्री सलाह
अभी फोन करें :
GURU AADIL JI
9717810465
1% विश्वास आप करें
99% विश्वास हम बनाएंगे
स्पेशलिस्ट – प्रेम विवाह, पति-पत्नी में अनबन, दुश्मनों से छुटकारा, कारोबार में रुकावट, मनचाहा प्यार, रूठे प्रेमी को मनाना, वशीकरण आदि।

सुपर स्पेशलिटी विभाग
वरुण अर्जुन मेडिकल कॉलेज एवं रोहिलखण्ड अस्पताल
N.H.-24 बंथरा, शाहजहाँपुर द्वारा संचालित
यूरो सर्जरी एवं न्यूरो सर्जरी ओ.पी.डी.
अब शाहजहाँपुर में
हमारे विशेषज्ञ यूरो सर्जन एवं न्यूरो सर्जन प्रत्येक दिन OPD में उपलब्ध रहेंगे।
समय- प्रातः 9:00 बजे से सायं 3:00 बजे तक
स्थान: यूरोलॉजी सर्जरी ओ.पी.डी. कमरा नं. 173, न्यूरो सर्जरी ओ.पी.डी. कमरा नं. 182 – रोहिलखण्ड अस्पताल, बंथरा
परामर्श शुल्क पर 80% की छूट ~~₹1000~~ ₹200
24 घण्टे उपलब्ध सविधायें
दूरबीन विधि द्वारा आपरेशन की सुविधा उपलब्ध

यूरोलॉजी विभाग में सम्बन्धित बीमारियों के लक्षण :
- गुर्दे व गुर्दे की नली में पथरी।
- पेशाब की थैली में पथरी।
- पेशाब रुक-रुक कर आना।
- पेशाब का बार-बार आना।
- पेशाब में खून व पस आना।
- पेशाब दूधिया आना।
- पेशाब की नली में रुकावट होना।
- किडनी का कैंसर।
- पेशाब की थैली का कैंसर।
- Erectile disfunction (लिंग का ढीलापन)
आदि का समुचित उपचार

न्यूरो सर्जरी विभाग से सम्बन्धित बीमारियों के लक्षण :
सिर व दिमाग की चोट, ब्रेन हैमरेज, ब्रेन ट्यूमर, स्ट्रोक, लकवा, माइग्रेन, दिमागी बुखार, दिमागी टी.बी., मिर्गी के दौरे, रीढ़ की हड्डी में दर्द अथवा टी.बी. स्लिप डिस्क, सियाटिका, दिमाग में पानी या खून का थक्का जमना, कमर व गर्दन में दर्द, चलने में लड़खड़ाहट इत्यादि। टाँग या पैर व त्वचा का सुन्न होना, कमर की नस दबना, टांगो में कमजोरी महसूस होना, कमर में दर्द होना, दर्द का बैठने या खाँसने पर गम्भीर होना इत्यादि रोगों का समुचित परामर्श एवं उपचार की सुविधा उपलब्ध।

ब्रेन ट्यूमर के लक्षण :-
1. कान से कम सुना देना, आँख की रोशनी कम होना।
2. सर में दर्द, विशेष रूप से सुबह के समय होने वाला दर्द।
3. बार-बार उल्टी आना, मिर्गी आना, शरीर में कमजोरी आना व व्यवहार में परिवर्तन आदि।

- आयुष्मान भारत योजना के अन्तर्गत कार्ड धारकों के लिए भर्ती होने पर निःशुल्क इलाज की सुविधा।
- पं. दीन दयाल उपाध्याय राज्य कर्मचारी कैशलेस चिकित्सा योजना के अन्तर्गत मुफ्त इलाज की सुविधा।
- परिवार स्वास्थ्य कार्ड की सुविधा 200 में 1 वर्ष के लिए मान्य।
- ईसीएचएस एवं रेलवे के अंतर्गत कैशलेस इलाज की सुविधा उपलब्ध।
अधिक जानकारी के लिए सम्पर्क करें :- 7521001988, 7521001989

Rohilkhand Ayurvedic Medical College and Hospital
(A Constituent College of Bareilly International University, Bareilly)
Sector 7, Ramganga Nagar Yojna, Dohra Road, Bareilly U.P.-243006
KSHARA SUTRA PG CERTIFICATE COURSE
Course Details :
- 45 days classes (30 days online+15 days offline)
- Seats : 15 (first come first serve)
- Minimum Qualification : MBBS, BAMS, BHMS, BUMS, BNYS Medical-Post Graduates/Graduates/Internees
- Organised by : Department of Shalya Tantra
- Last Date of Application : 30/03/2024
- Course Starting Date : 01/04/2024

IMPORTANCE OF COURSE
- क्षार सूत्र के व्यावहारिक ज्ञान को समझने के लिए।
- गुदारोगों की चिकित्सा में आत्मविश्वास प्राप्त करने के लिए।
- शल्य विशेषज्ञों द्वारा नियमित ऑनलाइन सत्र। (Regular online lectures)
- प्रत्येक प्रतिभागी को सीधा प्रशिक्षण। (hands on training)
- OPD, IPD and OT exposure.
- पूर्व में बाहर के असफल भगन्दर/Fistula cases के रोगियों के ऑपरेशन के लिए Modified Kshara Sutra Therapy द्वारा सफल इलाज
Special Clinical case discussion & doubt solving session
Well-equipped Operation Theatre, IPD Care, Direct Patient Examination
Contact No.: 8073903215, 8755922339 | E-mail : ramchorg@gmail.com | www.ramch.in

# त्रिवेणी एक्सप्रेस में चढ़ने को लेकर हुई यात्रियों में मारपीट, मची अफरा-तफरी

## पूर्णागिरि मेले को लेकर बढ़ी भीड़, जीआरपी ने चार यात्रियों को पकड़ा

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

**अमृत विचार:** रेलवे स्टेशन पर अप लाइन की त्रिवेणी एक्सप्रेस में चढ़ने को लेकर यात्रियों में जमकर मारपीट हुई। आरपीएफ व जीआरपी पहुंची और मारपीट कर रहे चार यात्रियों को पकड़कर थाने ले गई। पूर्णागिरि मेला शुरू हो जाने को लेकर ट्रेन में भीड़ गई। जिससे जनरल कोच में पैर रखने की जगह नहीं थी।

सिंगरौली से टनकपुर त्रिवेणी एक्सप्रेस प्लेटफार्म चार पर सुबह साढ़े 11 बजे आकर खड़ी हुई। होली के बाद पूर्णागिरि का मेला शुरू होने से ट्रेन में पूर्णागिरि जाने वाले यात्री बड़ी संख्या में सवार थे। जनरल कोच में पहले से भीड़ थी। यहां पर यात्री कोच में चढ़ने लगे तो आपस में नोकझोंक हुई। महिला कोच में जबरन घुस रहे यात्रियों में प्लेटफार्म पर जमकर मारपीट होने लगी और दोनों पक्ष के लोगों ने बेल्ट निकालकर मारना पीटना शुरू कर दिया। प्लेटफार्म पर अफरा-तफरी मच गयी। गार्ड ने पावर केबिन को सूचना दी। पूछताछ कार्यालय से आरपीएफ व जीआरपी के लिए अनाउंस हुआ कि प्लेटफार्म चार पर पहुंचे। आरपीएफ और जीआरपी प्लेटफार्म पर पहुंची। जीआरपी चार यात्रियों को थाने ले आई। दोनों पक्ष एक दूसरे पर आरोप लगाने लगे। प्रभारी निरीक्षक रेहान खां ने बताया कि दोनों पक्ष पूर्णागिरी जा रहे थे और दोनों पक्षों में समझौता हो गया।



रेलवे स्टेशन पर मारपीट करते यात्रियों को पकड़ती जीआरपी। ● अमृत विचार

### नहीं चली टनकपुर के लिए ट्रेन

होली के बाद पूर्णागिरि का मेला शुरू हो गया है। पूर्वोत्तर रेलवे स्टेशन से टनकपुर के लिए सीधी ट्रेन नहीं है। पीलीभीत के लिए सुबह पौने सात बजे, दिन में पौने 11 बजे और शाम को साढ़े पांच बजे पीलीभीत के लिए ट्रेन जाती है। जबकि पूर्णागिरि मेले के समय एक स्पेशल ट्रेन टनकपुर के लिए चलाई जाती है। लेकिन टनकपुर के लिए अभी तक ट्रेन का संचालन शुरू नहीं हुआ है। टनकपुर के लिए सीधे त्रिवेणी एक्सप्रेस जाती है। लोगों ने रेल प्रशासन से ट्रेन चलाने की मांग की है।

### एक बस टनकपुर के लिए संचालित

एआरएम आरएस पांडेय ने बताया कि स्थानीय डिपो की रोडवेज बसें पीलीभीत तक संचालित की जा रही है। टनकपुर डिपो की एक बस स्टैंड से दोपहर 12 बजे टनकपुर जाती है। यदि टनकपुर के लिए सवारियां मिलती है तो डिपो की एक बस और संचालित की जाएगी।

### रंग खेलते समय कार का शीशा तोड़ा

**पुवायां/शाहजहांपुर।** रंग खेलने के दौरान भीड़ ने कार को रोक कर शीशा तोड़ दिया। मामले की जानकारी मिलने के बाद पुलिस ने जांच शुरू कर दी। पुवायां के नाहिल गांव में होली के दूसरे दिन रंग खेला जाता है। मंगलवार को नाहिल में रंग खेला जा रहा था इसी दौरान रंग खेल रहे लोगों ने एक कार चालक को रोक लिया और अभद्रता करने लगे। कार चालक ने कार आगे बढ़ाई तो लोगों ने कार पर हमला कर कार के शीशे तोड़ दिये। पुलिस ने जांच पड़ताल शुरू कर दी। इंस्पेक्टर प्रदीप कुमार राय ने बताया कि जांच के दौरान छह- सात लोगों के नाम प्रकाश में आए है। अभी किसी ने तहरीर नहीं दी, तहरीर मिलने पर कार्रवाई की जाएगी।

# खेलते-खेलते लापता हुई लखीमपुर खीरी की बच्ची, प्लेटफार्म पर मिली



लापता बच्ची को पाकर खुश परिवार के लोग।

**शाहजहांपुर।** लखीमपुर खीरी जिले के निवासी चंदन वरनवाल परिवार के साथ सोमवार की शाम सात बजे मां वैष्णोदेवी जाने के लिए ट्रेन पकड़ने स्टेशन पर आए। उनको अमरनाथ एक्सप्रेस से जाना था। वह प्लेटफार्म एक पर बैठे थे। उनकी तीन साल की पुत्री रिद्धिमा प्लेटफार्म पर खेलते-खेलते अचानक लापता हो गई। कई जगह तलाशने के बाद जीआरपी थाने सूचना दी। इससे हड़कंप मच गया। प्रभारी निरीक्षक रेहान खां ने बच्ची की तलाश में सिपाहियों को लगाया। करीब 25 मिनट बाद जीआरपी ने लापता बच्ची को प्लेटफार्म चार से बरामद कर लिया और थाने पर ले आए। बच्ची को देखकर परिवार के लोग काफी खुश हो गए। परिजनों ने पुलिस का आभार व्यक्त किया।

# बेला स्कूल में बंद कर दिए 30 निराश्रित पशु, 10 गोशाला भेजे, बाकी छोड़ दिए

संवाददाता, खुटार

**अमृत विचार :** परेशान किसान निराश्रित पशुओं को बेला स्कूल में ले गए और बाहर से गेट बंद कर दिया। प्रधान को सूचना देने के बाद दो ट्रैक्टर ट्रॉलियों से करीब 10 निराश्रित पशुओं को चांदपुर गोशाला में पनाह दिलाई गई। इसके बाद बाकी पशुओं को छोड़ दिया गया। लोगों ने बताया कि बुधवार को स्कूल खुलेगा। जिस कारण प्राइमरी स्कूल में बंद पशुओं को छोड़ दिया गया है।

निराश्रित पशुओं का झुंड खेतों में खड़ी फसलों को बर्बाद कर रहे हैं। किसान दिन रात खेतों में पशुओं से फसल की रखवाली कर रहा है। जरा सी चूक होने पर पशुओं का झुंड खेतों में फसल चरने के साथ ही घुर से बर्बाद कर देते हैं। जबकि सरकार निराश्रित पशुओं को पनाह देने के लिए गोशाला बनवाई गई है। इसके बावजूद पशु खेतों में घूम रहे हैं। 24 मार्च को गांव बेला में तमाम किसान एकत्र हुए और खेतों में घूम रहे पशुओं को भगाकर गांव में स्थित प्राइमरी स्कूल में ले गए। जहां करीब 25 से 30 पशु बंद कर दिए। ब्लॉक से गौसेवा रथ और एक निजी ट्रैक्टर ट्राली से करीब 10 पशुओं को भरकर चांदपुर गोशाला पहुंचाया गया। साथ ही बचे पशुओं को स्कूल से छोड़ दिया गया। बीडीओ खुटार वीरेंद्र मिश्रा ने बताया किग्रामीणों द्वारा कुछ गोवंशों को गोशाला भेजने के लिए स्कूल में एकत्र किया गया था। जिसके बाद सभी गोवंशों को चांदपुर गोशाला भेजा गया है। गोवंशों को स्कूल में बंद करने की बात गलत है।



ग्रामीणों द्वारा स्कूल में बंद किए गए गोवंश। ● अमृत विचार

# मारपीट की घटनाओं में 12 से अधिक लोग घायल

**कलान, अमृत विचार:** क्षेत्र में होली के त्योहार पर अलग-अलग स्थानों पर हुई मारपीट की घटनाओं में दो दर्जन से अधिक लोग घायल हो गए।

मारपीट की घटना में नगर पंचायत उल्फत नगर मोहल्ला निवासी आदेश सिंह, मोनू एवं मोहल्ला धूमनाथ नगर कल्लू गुप्ता, मोहल्ला शिवनगर मैराज एवं उसकी मां परवीन को विपक्षियों ने पीट दिया। वहीं क्षेत्र के गांव हरेली नेकपुर में दो पक्षों में मारपीट के विवाद में लाल बहादुर एवं बांकेलाल, परशुराम, सुखदेव घायल हो गए। उधर एत्मादपुर में मारपीट के दौरान महावीर राठौर एवं नौगवा मुवारिकपुर में जितेंद्र, वहीं सथरा गांव में मारपीट में ओमजीत एवं ललौरी। इसके अलावा थाना क्षेत्र के गांव नथी नगला दारा नगर अर्थरी सहवेगपुर आदि में भी मारपीट हो गई।

# चल रहा था तंत्र-मंत्र का खेल, शोरगुल पर हुए फरार

संवाददाता, खुटार

- **सौफरी के एक घर में 15 दिन से जमे थे पुरुष और महिला**
- **दबे खजाने को पाने की चाहत में बुलाया था तांत्रिक**

**अमृत विचार:** वैज्ञानिक युग में भी लोग जमीन में दबे खजाने को हासिल करने के लिए तंत्र-मंत्र की विद्या करने से बाज नहीं आ रहे हैं। इस मकड़जाल में लोग ठगी का शिकार भी हो रहे हैं। ऐसा ही एक मामला खुटार के गांव सौफरी में सुनने को आया है। यहां करीब 15 दिनों से एक घर में तंत्र-मंत्र विद्या की जा रही थी। ग्रामीणों के शोरगुल के बाद खुलासा हो पाया। सूचना यूपी 112 डायल पुलिस को दी गई लेकिन तंत्र-मंत्र करने वाली महिला और उसका साथी बाइक से फरार हो गया।

चर्चा है कि गांव इटौआ का एक प्रधानाचार्य संलिप्त है और वह महिला को घूंघट की आड़ में लेकर आता था। काम करने के बाद चुपचाप निकल जाता था। हालांकि, थानाध्यक्ष संजय कुमार ने इस मामले की जानकारी से इंकार किया है। माना जा रहा है कि गांव सौफरी में आबादी के बीच स्थित एक मकान में रोजाना प्रधानाचार्य अपनी बाइक से महिला को लेकर आता था। आसपड़ोस के लोग असमंजस में आ गए कि महिला और पुरुष आखिर रोज क्या करने आ रहे हैं।

खोजबीन करने के बाद पता चला कि जमीन में खजाना दबा है उसे निकालने को यह लोग तंत्र-मंत्र विद्या करा रहे हैं। रविवार रात को फिर से बाइक से प्रधानचार्य और महिला आए और तंत्र-मंत्र विद्या शुरू कर दी। पहले से निगरानी कर रहे गांव में मौजूद लोगों ने इस घटना की सूचना पुलिस को दी। लेकिन पुलिस के गांव में पहुंचने से पहले ही उक्त लोगों को भनक लग गई और बाइक से निकल गए। पुलिस लोगों से पूछताछ के बाद लौट आई। चर्चा है कि 15 दिनों से यह कार्य हो रहा था।

> मामले की जानकारी नही है और न ही किसी के द्वारा कोई तहरीर दी गई है। सूचना अगर डायल 112 को दी गई है तो इसकी जानकारी नहीं है। मामले की जांच कराई जाएगी। – **संजय कुमार** थानाध्यक्ष, खुटार

### जिला बदर अपराधी गिरफ्तार

**शाहजहांपुर।** बंडा थाना प्रभारी राकेश कुमार मौर्य ने बताया कि अभियुक्त अवधेश सक्सेना निवासी भांभी थाना बंडा को जिला प्रशासन ने जिला बदर किया था। अभियुक्त पर विभिन्न धाराओं के सात मुकदमे पहले से दर्ज है। पुलिस ने जिला बदर अपराधी को नहर कोठी के निकट गिरफ्तार करके चालान कर दिया।

सैक्स रोगी मिलें
सैक्स रोगों का एकमात्र स्थायी समाधान
डॉ. रफीक
समय-रोजाना प्रातः 9 बजे से सायं 5 बजे तक (रविवार अवकाश)
बड़ी बिहार, निकट डेलापीर मण्डी, बरेली। मो. 9319929913
नामर्दी Impotance, नसों की कमजोरी, संभोग से घबराहट, उत्तेजना की कमी, स्त्रियों में सैक्स की इच्छा न होना, मानसिक तनाव आदि के लिए निःसंकोच मिलें।
ताकत, जोश, रुकावट और वैवाहिक जीवन का आनन्द उठाएं।
- शीघ्र पतन (Premature Ejaculation)
- धात रोग (Spermatorrhoea)
- स्वप्न दोष (Night Fall)
- वीर्य का पतलापन बगैरा का इलाज विशेष प्रकार की भस्मों, माजून, तिलों द्वारा किया जाता है।
- निल शुक्राणु (Azoospermia)
- शुक्राणुओं की कमी (Oligospermia)
- बांझपन (Sterility)
- सफेद पानी (Leucorrhoea)
- पेट में दर्द (Pelvic Pain)
- बार-बार गर्भपात होना
35 वर्षों का अनुभवी आयुर्वेदिका, यूनानी इलाज कराएं, जीवन में खुशियां लाएं।

ताकत, जोश, रुकावट का स्थायी समाधान
कैप्सूल मैनसूल (काम्बो पैक)
धात, शीघ्रपतन, नपुंसकता के सम्पूर्ण समाधान के लिए इस पैक में तीन प्रकार के कैप्सूल है। तीनों तरह के एक-एक कैप्सूल दूध के साथ खाने से हर प्रकार की कमजोरी ठीक हो जाती है। यह शुक्राणुओं की कमी को दूर करता है। इम्युनिटी पावर को बढ़ाता है। Stress, Depression में लाभ करता है।
यह पूर्णतयः हर्बल है, इसका कोई साइड इफेक्ट नहीं है
Flipkart, Amazon पर उपलब्ध है।
Helpline No. 8439818102 7451039913
स्टॉकिस्ट आरोग्य सदन बरेली 9837007202

डॉ. अमन रस्तोगी
BAMS, MD
Consultant Physician
● शुगर से पूर्णतः निजात एवं परहेज से निजात ● पाइल्स का सम्पूर्ण आयुर्वेद द्वारा उपलब्ध है। ● पथरी एवं हृदय रोग विशेषज्ञ
● घुटने एवं गठिया का पूर्ण उपचार। ● सफेद दाग का गारंटिड इलाज।
● पित्त की थैली एवं किडनी की पथरी का बिना आपरेशन द्वारा इलाज।
लाईफ लाइन क्लीनिक
कर्मचारी नगर, गांधीपुरम, भारत गैस गोदाम के सामने, बरेली मो. 6398965384

प्रवेश प्रारम्भ
वरुण अर्जुन विश्वविद्यालय
वरुण अर्जुन कॉलेज ऑफ नर्सिंग
उत्तर प्रदेश मेडिकल फैकल्टी से मान्यता प्राप्त
बी.एस.सी. नर्सिंग
(4 वर्षीय डिग्री कोर्स)
शैक्षिक योग्यता : इण्टरमीडिएट साइंस (बायोलॉजी) के साथ
पोस्ट बेसिक नर्सिंग
(2 वर्षीय कोर्स, योग्यता जी.एन.एम. पास आउट)
जी.एन.एम.
(3 वर्षीय नर्सिंग कोर्स, शैक्षिक योग्यता-इंटरमीडिएट 10+2)
ए.एन.एम.
(2 वर्षीय नर्सिंग कोर्स, शैक्षिक योग्यता-इंटरमीडिएट 10+2)
प्रवेश हेतु संपर्क करें :-
मो. 9412151327, 7521001992
पता
वरुण अर्जुन मेडिकल कॉलेज एवं रोहिलखण्ड हॉस्पिटल
NH-24, बन्थरा, जिला शाहजहाँपुर

रोहिलखण्ड मेडिकल कॉलेज एवं हॉस्पिटल
पीलीभीत वाईपास रोड, बरेली
विशाल एण्डोस्कोपी शिविर
सहयोग से : बरेली ओब्स्टेट्रिक गाइनकालजी सोसाइटी
दूरबीन विधि द्वारा बच्चेदानी के आपॅरेशन
दिल्ली, मुम्बई, अहमदाबाद, चेन्नई, बैंगलौर एवं विदेश के सुप्रसिद्ध विशेषज्ञ द्वारा दूरबीन विधि से स्त्री रोग सम्बन्धित समस्त ऑपरेशन
जल्द से जल्द पंजीकरण कराकर इस सुविधा का लाभ उठायें।
ऑपरेशन दिनांक 19 अप्रैल 2024
पंजीकरण (रजिस्ट्रेशन) 31 मार्च 2024 तक ही किये जायेंगे। प्रथम 10 पंजीकृत मरीजों को प्राथमिकता दी जायेगी।
लैप्रोस्कोपी द्वारा दूरबीन विधि से ऑपरेशन
1) बच्चेदानी निकालने का ऑप्रेशन (हिस्ट्रेक्टमी)
2) रसौली निकालने का ऑप्रेशन (मायोमेक्टमी)
3) अण्डेदानी की रसौली निकालने का ऑप्रेशन (ओवेरियन सिस्टैक्टॉमी)
4) बांझपन की दूरबीन विधि द्वारा जांच
5) बन्द ट्यूब खोलने का ऑप्रेशन
6) बच्चेदानी की बनावट सम्बन्धी जन्मजात बीमारियों का इलाज ऑप्रेशन
हिस्ट्रोस्कोपी का दूरबीन द्वारा ऑपरेशन
1) ऐशरमैन का इलाज
2) बच्चेदानी के अन्दर की रसौली (हिस्ट्रोस्कोपिक मायोमेक्टोमी)
3) ट्यूब खोलना (हिस्टेरोस्कोपी कम्युलेशन)
4) बच्चेदानी के अन्दर जन्मजात विकृति ठीक करना
5) बच्चेदानी के अन्दर का पॉलिप निकालना (हिस्टेरोस्कोपिक पॉलीएटोनी)
रजिस्ट्रेशन के लिए सम्पर्क करें : 9997015620, 9081800900
कमरा नं. 1178, स्त्री रोग विभाग, रोहिलखण्ड मेडिकल कॉलेज एवं हॉस्पिटल, बरेली
एन.ए.बी.एच.*'राष्ट्रीय स्तर' द्वारा प्रमाणित संस्था

अमृत विचार एक सम्पूर्ण अखबार
लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित
बरेली संस्करण
स्मृतियाँ शेष
निधन | अंतिम यात्रा | पुण्यतिथि
पीपलपानी | स्मृतियां | उठावनी | पगड़ी
साइज व रेट
साइज ---------5cmX8cm / 1000 with GST
साइज --------10cmX8cm / 1800 with GST
साइज --------15cmX8cm / 2500 with GST
अन्य साइज कलर 25 रुपए प्रति वर्ग सेमी.।
शोक संदेश प्रकाशित कराने हेतु सम्पर्क करें :-
0581-4000222
हेड ऑफिस :- 932, कटरा चांद खां भारत पेट्रोल पम्प के सामने, पीलीभीत बाईपास रोड बरेली 243006





# आखत डाल होलिका माता से मांगा आशीष

● होली पर लोगों ने पारंपरिक ढंग से समूह बनाकर डाले आखत

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

**अमृत विचार:** सोमवार को होली के रंग-बिरंगे माहौल के बीच लोगों ने पारंपरिक ढंग से सामूहिक रूप से होलिका में आखत डालकर होलिका माता और भक्त प्रह्लाद की जय-जयकार की। आखत डालने के लिए हर मोहल्ले और सार्वजनिक स्थल पर होलिका दहन किया गया था। लकड़ी के भारी-भरकम लट्ठों, पेड़ की निष्प्रयोज्य जड़ों का उपयोग होलिका के रूप में किया गया।

होली पर जहां रंग खेलने का रिवाज है, वहीं आखत डालने की भी परंपरा है। रविवार रात शुभ मुहूर्त में जगह-जगह सजाई गई होलिका में विधिवत अग्नि प्रज्ज्वलित की गई। इसके बाद सोमवार तड़के से ही लोग परिवार के सदस्यों के साथ आखत के रूप में गेहूं और जौं की बालियां लेकर घरों से निकलना शुरू हो गए थे। आखत डालने में बच्चों ने भी काफी उत्साह दिखाया। तमाम होलिका स्थलों को कागज और रंग-बिरंगी पन्नियों की झालरों से सजाया गया था। साथ ही आसपास के लोगों ने छतों पर और सड़क किनारे सुरक्षित स्थानों पर म्यूजिक सिस्टम भी लगा रखे थे। होली गीतों की धूम मची हुई थी। होली गीतों के बीच लोग पारंपरिक ढंग से आखत वाली गेहूं और जौं की बालियों को आग में भून कर अग्नि के फेरे लेते हुए होलिका में अर्पित कर रहे थे। होलिका के फेरे लगाते हुए लोग होलिका माता और भक्त प्रह्लाद की जय-जयकार करते हुए पारंपरिक गीत होली माता देउ अशीष, नाचैं कूदैं खेलें फाग आदि भी गा रहे थे। आखत डालने का सिलसिला सोमवार तड़के से शुरू होकर दोपहर तक चलता रहा।


होलिका में आखत डालते लोग। ● अमृत विचार

# गीतों पर झूमीं महिलाएं, बच्चों ने खेले गेम

## आर्य समाज मैदान में हुआ ओमर वैश्य समाज का होली मिलन समारोह

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर


ओमर वैश्य समाज के होली मिलन समारोह में मस्ती करते बच्चे और महिलाएं। ● अमृत विचार

**अमृत विचार :** होली के बाद अब होली मिलन समारोह होने शुरू हो गए। मंगलवार को ओमर वैश्य समाज, बाथम वैश्य समाज, वीआईपी ग्रुप विद हेल्पिंग हैंड्स, खत्री महासभा आदि संगठनों के होली मिलन समारोह आयोजित किए गए। इन कार्यक्रमों में समाज के लोग एक ही स्थान पर एकत्र होकर आपस में गले मिलकर होली की बधाई दे रहे हैं।

ओमर वैश्य समाज की महानगर इकाई का होली मिलन समारोह आर्य समाज मैदान में मनाया गया। समारोह का उद्घाटन मुख्य अतिथि वित्त मंत्री सुरेश कुमार खन्ना, विशिष्ट अतिथि सांसद अरुण सागर और महापौर अर्चना वर्मा ने श्री गणेशजी की मूर्ति पर माल्यार्पण और दीप प्रज्ज्वलित कर किया। बच्चों ने तमाम प्रकार के रोचक गेम खेलकर मनोरंजन किया। महिलाओं ने फिल्मी गीतों पर खूब डांस किया। समारोह में खानपान और ठंडाई के स्टाल भी लगाए गए हैं। इस मौके पर समाज के लोगों ने एक-दूसरे से गले मिलकर होली की बधाई दी। समारोह का मुख्य आकर्षण लकी ड्रॉ रहा, जिसके विजेताओं को उपहार भेंट किए गए। साथ ही प्रतियोगिताओं के विजेताओं को भी पुरस्कृत किया गया। कार्यक्रम में वैश्य समाज के अध्यक्ष वीरेंद्र कुमार गुप्ता, ज्ञानदेव गुप्ता, सौरभ गुप्ता, विनय गुप्ता, योगेश्वर नाथ गुप्ता, प्रिंस गुप्ता, अभय गुप्ता, रवि गुप्ता, प्रमोद गुप्ता, जितेंद्र गुप्ता, सुरेंद्र गुप्ता, घनश्याम गुप्ता, महिला परिषद की अध्यक्ष सोनिया गुप्ता, नीलम गुप्ता, रीता गुप्ता, नीरू गुप्ता, शैली गुप्ता, योगिता गुप्ता, राधा गुप्ता, पुष्पा गुप्ता, उमा गुप्ता, रम्मन गुप्ता, नलिनी ओमर, विष्णु प्रकाश गुप्ता, डॉ. देशबंधु समेत बड़ी संख्या में समाज के लोग शामिल रहे।


आर्य समाज मैदान में ओमर वैश्य समाज के होली मिलन समारोह की शुरुआत करते वित्त मंत्री सुरेश खन्ना। ● अमृत विचार

# मनीष, अनूप, अनिल और शिल्पी गुप्ता सम्मानित


बाथम वैश्य सभा के होली मिलन समारोह में विशिष्टजनों को सम्मानित करते सभा के जिलाध्यक्ष मनोज गुप्ता और ज्योति गुप्ता। ● अमृत विचार

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

● धूमधाम से मनाया गया बाथम वैश्य सभा का होली मिलन समारोह

**अमृत विचार :** बाथम वैश्य सभा का होली मिलन समारोह मंगलवार को खिरनी बाग धर्मशाला में आयोजित किया गया। इस अवसर पर बच्चों ने फिल्मी गीतों पर खूब नृत्य किया। समाज के विशिष्टजनों को सम्मानित किया गया।

बाथम वैश्य सभा के होली मिलन समारोह में सभी का स्वागत गुलाल से तिलक लगाकर किया गया। इस मौके पर भाजपा महानगर अध्यक्ष शिल्पी गुप्ता, पार्षद मनीष गुप्ता, पार्षद अनूप गुप्ता, अनिल गुप्ता आदि को फूल मालाएं पहनाकर और स्मृति चिन्ह भेंटकर सम्मानित किया गया। बच्चों ने फिल्मी गीतों पर नृत्य कर तालियां बटोरीं। कार्यक्रम प्रस्तुत करने वाले बच्चों को पुरस्कार देकर उनका उत्साहवर्धन किया गया। मनीष गुप्ता और नवीन गुप्ता के संचालन में चले कार्यक्रम में मुख्य अतिथि वित्त मंत्री सुरेश खन्ना, सांसद अरुण सागर, महापौर अर्चना वर्मा समेत संरक्षक चंद्रवीर गंगू, राजेश गुप्ता, राजेंद्र गुप्ता, विनोद सर्राफ, महिला सभा की जिलाध्यक्ष ज्योति गुप्ता, महामंत्री रजनी गुप्ता, कोषाध्यक्ष शोभा गुप्ता, मुख्य सभा के जिलाध्यक्ष मनोज गुप्ता, योगेश गुप्ता पिंकू, सचिन बाथम, संध्या गुप्ता, मीरा गुप्ता, विम्मी गुप्ता, अरुण गुप्ता समेत बड़ी संख्या में लोग शामिल हुए।









# धूमधाम से मनाया गया होली का त्योहार

संवाददाता, खुटार

**अमृत विचार :** नगर और ग्रामीण क्षेत्रों में रंगों का पर्व पर होली बड़ी धूमधाम से मनाई गई। इसमें महिलाएं, पुरुष, युवा, युवतियों और बच्चों ने एक दूसरे को अबीर-गुलाल लगाया और एकता का संदेश दिया है। साथ ही शांतिपूर्ण ढंग से होली का त्योहार मनाया गया। जबकि पुलिस को शांति व्यवस्था दुरुस्त बनाने के लिए काफी मशक्कत करनी पड़ी। इसके अलावा डीजे पर डांस किया।

उधर, खुटार में गोल्डन फ्लावर पब्लिक स्कूल, प्राथमिक विद्यालय एक में, रामपुर कलां में स्थित उधम सिंह इंटर कॉलेज, एलएसपी, भाजपा नेता डॉ प्रदीप शुक्ला, भाजपा मंडल अध्यक्ष विजय शंकर अवस्थी, पूर्व चेयरमैन अनुपम शुक्ला, पूर्व अध्यक्ष पति लक्ष्मण प्रसाद गुप्ता के आवास पर होली मिलन समारोह हुआ है।


होली पर रंग में रंगे लोग। ● अमृत विचार


होली के गीतों पर डांस करते लोग। ● अमृत विचार


मंदिरगंज में होली की मस्ती में डूबे बच्चे और युवा। ● अमृत विचार

## क्षत्रिय स्वर्णकार समिति का होली मिलन समारोह



**रौसर कोठी।** क्षत्रिय स्वर्णकार समाज सेवा समिति की ओर से मंगलवार को क्षत्रिय अतिथि भवन चौक में होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में सभी आगंतुकों का स्वागत किया गया। इसके बाद पुष्पों की होली खेली गई। सभी ने एक दूसरे पर पुष्प बरसाकर शुभकामनाएं दीं। जिलाध्यक्ष वीरेंद्र वर्मा ने स्वर्णकार समाज के उत्थान पर चर्चा की। कार्यक्रम में समाज के वरिष्ठ एवं उत्थान के लिए कार्य करने वालों को अंगवस्त्र ओढ़ाकर सम्मानित किया गया। इस मौके पर जिला महामंत्री अनिल वर्मा, जगदीश वर्मा, सुदर्शन सलिलेश, दीपक कंदर्प, हरिश्चंद्र वर्मा, आनंद वर्मा, उमेश वर्मा, सुरेंद्र वर्मा, जितेंद्र वर्मा, निखिल वर्मा, मृगांक वर्मा, राम अवतार वर्मा, अनूप वर्मा, अजय वर्मा, विनोद वर्मा, गुड्डू वर्मा, अरुण वर्मा आदि मौजूद रहे।

## अमृत विचार एक सम्पूर्ण अखबार क्लासीफाइड

### सूचना

मैंने एक फ्लैट का बैनामा मौजा निधिवन हाइटस, मौजा गनेशरा तहसील व जिला मथुरा जो नगर पालिका की सीमा के बाहर स्थित है। बैनामा की मूल कॉपी वास्तव में कहीं खो गयी है। जिसका फ्लैट सं. ए-201 जो (जी+1) द्वितीय तल पर स्थित है जिसका क्षे. 90.48 वर्गमीटर है जिसका पंजीकरण दिनांक 14.10.2014 वही प्रथम जिल्द 11011 पृष्ठ 85 से 102 पर क्रमांक 17494 पर रजिस्ट्रीकृत किया है। **मानपाल सिंह पुत्र स्व. श्री कुन्दन सिंह निवासी- दुर्गा कॉलोनी बिलराम गेट, कासगंज**

### सूचना

मैंने अपने पुत्र अर्पित शर्मा (आयु करीब 28 वर्ष) को उसके गलत संगत व दुर्व्यवहार के कारण उससे सम्बन्ध विच्छेद करते हुए अपनी समस्त चल व अचल सम्पत्ति से बेदखल कर दिया है। ये अपने कृत्यों व लेनदेन का स्वयं जिम्मेदार होगा। मेरा व मेरे परिवार का कोई वास्ता न होगा। **वीनू शर्मा पत्नी स्व. राजेश चन्द्र शर्मा, निवासी-म.नं. 214, कालीबाड़ी, बरेली**


**वैधानिक सूचना :-** समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन जैसे टावर सम्बन्धी, नौकरी सम्बन्धी, ऋण सम्बन्धी या अन्य किसी भी प्रकार के विज्ञापन में पाठकों को सावधान किया जाता है। विज्ञापनदाता द्वारा किये गये दावे या उल्लेख, समर्थन की पुष्टि समाचार पत्र नहीं करता है।

## मां के साथ मारपीट में बेटा गिरफ्तार

**सेहरामऊ दक्षिणी।** एसओ रोहित सिंह ने बताया कि मां के साथ मारपीट और हत्या का प्रयास करने वाले बेटे अभियुक्त मुनीश गुप्ता निवासी रायपुर थाना सेहरामऊ दक्षिणी को मंगलवार की सुबह दस बजे क्षेत्र से गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने उसके कब्जे से तमंचा व कारतूस बरामद किया है। पूछताछ के दौरान अभियुक्त ने बताया कि वह दिल्ली में काम करता है। उसका एक महिला से प्रेम प्रसंग हो गया था। उसके दो बच्चे है। वह महिला को लेकर होली पर अपने घर आया। उसकी मां उल्टा सीधा कहने लगी। इस बात से नाराज होकर मां को जान से मारने की नीयत से मारा पीटा और गांव वालों ने उसके ऊपर पत्थर चलाना शुरु कर दिए थे। पुलिस ने अभियुक्त का चालान कर दिया।

## बोरे में शव मिलने की चर्चा, पुलिस का इंकार

निगोही। जिंदपुरा के मुड़िया खेड़ा मजार के पास नहर के पास एक बंद बोरे में शव मिलने की चर्चा है। हालांकि पुलिस जानकारी से इंकार कर रही है। मंगलवार सुबह करीब छह बजे मुड़िया खेड़ा मजार के पास नहर के पास दो सफेद रंग की पुलिस की गाड़ियां आकर रुकी। उसमें से उतरे पुलिस कर्मियों के बीच एक व्यक्ति बिना वर्दी के था। उसने उंगली से इशारा किया, तभी नहर के पास से एक बोरा उठाया, जिसमें काफी वजन था। उसे गाड़ी में लादकर पुलिस लेकर चली गई। इधर निगोही थाना प्रभारी ने बताया कि उन्हें इस संबंध में कोई जानकारी नहीं है।

C.B.S.E. Affiliation No. 2133488
**Ram Murari Public School**
PNC to XII
SALPUR NAVADIYA, MEERANPUR KATRA, SHAHJAHANPUR
(Contact : 6398020476 | Website : www.rammuraripublicschool.com)
NO ADMISSION FEE
ADMISSION OPEN 2024-25
NO ADMISSION FEE




Toppers of Session 2022-23

| Class | Name of Student | % |
|---|---|---|
| PNC | Amit | 99% |
| NC | Atifa | 99% |
| KG | Bhavya | 98% |
| I | Samayara | 98% |
| II | Anant Gupta | 98% |
| III | Arhaan | 98% |
| IV | Adhya Mishra | 98% |
| V | Sohit Yadav | 97% |
| VI | Trisha Jaiswal | 97% |
| VII | Tanishka | 98% |
| VIII | Vaishnavi | 97% |
| IX | Yashi | 98% |
| X | Alishaan (Board Exam) | 89% |

School Facilities
- Large Campus Area
- Audio Visual IT Classrooms
- Well Lit Spacious Classrooms
- Safe & Secure environment
- Full time CCTV Monitoring
- Indoor / Outdoor Play area





## डॉक्टर से बोला- मेरे गिरधर गोपाल का इलाज करो, गहरी चोट आई है

# हाथ से छूटे लड्डू गोपाल तो अस्पताल ले आया श्रद्धालु

संवाददाता, खुटार

**अमृत विचारः** एक श्रद्धालु लड्डू गोपाल की मूर्ति को इलाज कराने अस्पताल ले आया। पहले तो डॉक्टर हैरान हो गए। फिर युवक की हालत देखकर उन्होंने रजिस्टर में गोपाल पुत्र वासुदेव उम्र पांच वर्ष दर्ज किया। इसके बाद उपचार भी किया।

खुटार क्षेत्र के गांव सुजानपुर निवासी रतिराम का पुत्र रिंकू (20) की भगवान श्री कृष्ण में अटूट आस्था है। इस समय उसके माता-पिता वृंदावन गए हुए हैं। मंगलवार को रिंकू लड्डू गोपाल की मूर्ति को स्नान करा रहा था। तभी अचानक हाथ से छूटकर मूर्ति गिर गई। श्री कृष्ण को चोट लगने की आशंका में वह रोने लगा।

इसके बाद मूर्ति लेकर खुटार सीएचसी पहुंचा और डॉक्टर से इलाज करने को कहा। डॉक्टर ने पहले समझाया फिर उसकी मनोदशा देखकर लड्डू गोपाल की मूर्ति का इलाज किया। युवक को ढांढस बंधाया कि लड्डू गोपाल अब ठीक हैं। लोगों को पता लगा तो बड़ी संख्या में अस्पताल पहुंच गए। लोगों ने वीडियो और फोटो खींचकर वायरल कर दिया। रात करीब 9:00 बजे तक अस्पताल में भीड़ जुटी रही।


गोद में लड्डू गोपाल को लिए बैठा रिंकू और उसे घेरे खड़े लोग। ● अमृत विचार

● डॉक्टर ने गोपाल पुत्र वासुदेव के नाम से रजिस्टर में दर्ज किया नाम

### वृंदावन से लौटे परिजन सुपुर्द किया

गांव सुजानपुर निवासी रिंकू के माता-पिता के साथ ही अन्य सदस्य वृंदावन और मथुरा यात्रा पर गए हुए थे। उन्हें सूचना दी गई तो वापस लौट आए और रात करीब 9:30 बजे खुटार सीएचसी पहुंचे जहां लोगों ने उनकी सुपुर्दगी में दे दिया।

> एक युवक लड्डू गोपाल की मूर्ति लेकर पहुंचा था। कहा कि लड्डू गोपाल को नहलाते समय चोट लगी है। इनका इलाज कर दो। युवक की हालत देखकर उपचार का उपक्रम किया। युवक को समझा कर परिजनों के सुपुर्द कर दिया गया। - डॉ. अंकित वर्मा

## मामूली विवाद में तीन घायल, चार पर रिपोर्ट दर्ज

**खुटार, अमृत विचारः** अलग-अलग स्थानों पर मामूली विवाद में में गाली गलौज और मारपीट हो गई। पुलिस ने दो मामलों में एनसीआर दर्ज कर ली है।

क्षेत्र के गांव पुनौति निवासी जोगेंद्र सिंह ने पुलिस को बताया कि सोमवार को गांव का ही रहने वाला रविंद्र सिंह नशे में आया और शराब पीने के लिए रुपये मांगने लगा। मना करने पर गाली गलौज कर पिटाई कर दी। बचाने आए पुत्र दलजीत को पीट दिया। उधर, कैहमारिया निवासी बबलू की पत्नी नगमा ने बताया कि सोमवार को पड़ोस के रहने वाले नूर मोहम्मद और उसके बच्चे एक साथ खेल रहे थे। इस बीच बच्चों में विवाद हो गया। शिकायत करने पर नूर मोहम्मद, उनकी पत्नी और पुत्र फैजान ने आकर गाली गलौज और पिटाई की। जिससे घायल हो गए। इन दिनों मामले में पुलिस को तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की गई। मंगलवार को पुलिस ने तहरीर के आधार पर रिपोर्ट दर्ज कर ली है

# कूड़े की रंजिश में हुई फायरिंग युवक की मौत, तीन घायल

## दूसरे पक्ष के भी तीन लोग घायल, एसपी, एएसपी ने किया मुआयना

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

**अमृत विचारः** लालपुर गांव में कूड़ा डालने को लेकर चली आ रही रंजिश में मंगलवार शाम दो पक्षों में कहासुनी के बाद लाठी डंडे चल गए। इसी बीच एक पक्ष ने फायरिंग कर दी, जिसमें होमगार्ड समेत तीन लोग घायल हो गए। एक युवक की मौत हो गई। घायल होमगार्ड को लखनऊ रेफर कर दिया गया। दूसरे पक्ष के भी तीन लोग घायल हो गए।


मृतक अनुराग।

कांट थाना क्षेत्र के गांव लालपुर निवासी अरविंद कुमार की गांव के नीरज से कूड़ा डालने को लेकर रंजिश है। मंगलवार की शाम करीब 7:30 बजे नीरज, अखिलेश, लक्ष्मीकांत, अभय आदि अरविंद के दरवाजे पर आए और गाली-गलौज करने लगे। इसके बाद दोनों पक्षों में लाठी-डंडे भी चलने लगे। इस दौरान नीरज, अखिलेश, लक्ष्मीकांत ने फायरिंग शुरू कर दी। गोली लगने से अरविंद का 18 वर्षीय बेटा अनुराग, होमगार्ड महेशपाल और विपिन घायल हो गए। दूसरे पक्ष के नीरज, मीना कुमारी, अनिल लाठी-डंडा लगने से घायल हो गए। कांट प्रभारी निरीक्षक दया शंकर सिंह मौके पर पहुंचे और घायलों को मेडिकल कॉलेज भेजा जहां डाक्टर ने अनुराग को मृत घोषित कर दिया। जबकि घायल होमगार्ड महेश को लखनऊ मेडिकल कालेज रेफर कर दिया। होमगार्ड रामचंद्र मिशन थाने में तैनात है। दूसरे पक्ष के घायलों को सीएचसी कांट पर भेजा गया। एसपी अशोक कुमार मीणा, एएसपी सिटी संजय कुमार, सीओ सदर अमित चौरसिया गांव पहुंचें और जानकारी ली। सीओ सदर अमित चौरसिया ने बताया कि तहरीर मिलने पर रिपोर्ट दर्ज की जाएगी।


अनुराग की मौत पर घर के बाहर गुमसुम बैठे परिजन। ● अमृत विचार

> लालपुर गांव में कूड़ा डालने की रंजिश को लेकर दोनों पक्षों में लाठी डंडे चले। फिर एक पक्ष ने फायरिंग कर दी। गोली लगने से एक युवक की मौत हो गई, तीन लोग घायल हो गए। लाठी-डंडा लगने से दूसरे पक्ष के तीन लोग घायल हैं। गांव में पुलिस फोर्स तैनात कर दिया गया। - अशोक कुमार मीणा, एसपी

सम्मन गजट
आर्डर 41 कायदा 14
न्यायालय श्रीमान बन्दोबस्त अधिकारी महोदय चकबन्दी, बदायूँ
जगतपाल सिंह आदि बनाम लाल सिंह आदि प्रतिवादी 1. लाल सिंह 2. अरविन्द सिंह 3. जसवेन्द्र सिंह पुत्रगण प्रतिपाल सिंह 4. दिनेश कुमार 5. मनोज कुमार 6. सनोज कुमार पुत्रगण सुरेन्द्र सिंह 7. रोहिताश सिंह पुत्र जितेन्द्र सिंह 8. हर्षवर्धन पुत्र पंकज सिंह 9. कु. रेनू 10. कु. रिया नाबालिगान पुत्रियाँ पंकज सिंह संरक्षक श्रीमती पूनम देवी माँ 11. श्रीमती पूनम देवी विधवा पंकज सिंह 12. मंगू सिंह 13. टुइया सिंह 14. सतेन्द्र सिंह 15. अशोक कुमार सिंह 16 विजय कुमार 17. लव कुमार 18. रवेन्द्र सिंह पुत्रगण नरेन्द्र सिंह निवासीगण ग्राम गोठा, परगना सतीसी, तहसील बिसौली जिला बदायूँ। इत्तिला हो कि बनाराजी बहस वाद अन्तर्गत धारा-11 (i) जोत चकबन्दी अधिनियम अपील मुन्दरजावाला में पेश किया और इस अदालत में रजिस्टर हुआ। अदालत से बतारीख वास्ते समाअत इस अपील में 01.04.24 मुकर्रर की है अगर खुद आप कोई और शख्त जो कानून अपनी तरफ से हाजा में सवाल करने का मजाज हातिर न होवेगा तो उसकी समाअत और तजवीव आपकी गैर हाजिरी में की जायेगी। आज तारीख 20 माह 3 सन् 2024 मेरे दस्तखत व मुहर अदालत से जारी किया गया।
न्यायालय चकबन्दी, बदायूँ

## मां-बेटों को पीटकर किया घायल

**रोजा, अमृत विचार :** क्षेत्र के मोहल्ला आईटीआई कॉलोनी निवासी सुरजीत सिंह ने बताया कि सोमवार की दोपहर एक बजे कांट जाने के लिए बाइक लेकर घर से निकला था। वह वेयरहाउस के पास पहुंचा तो पहले से घात लगाए अर्जुन आदि एक राय होकर उसके ऊपर पत्थर मारने लगे, जिससे सिर में पत्थर लग जाने से वह घायल हो गया। खबर सुनकर उसका भाई अजय भी आ गया। उसके भाई ने आरोपियों का पीछा किया तो उसे भी पीटकर घायल कर दिया। आरोपी फायर करते हुए भाग गए। दोनों भाई अपनी मां के साथ थाने आ रहे थे तो आरोपियों ने घेरकर उसकी मां को भी पीट दिया। पुलिस ने अर्जुन, अंकुश, सुनील समेत चार लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

## धारदार हथियार से किया घायल

**पुवायां।** गांव बिलसड़ी बुजुर्ग निवासी शिवराम (50) ने थाने में शिकायती पत्र देकर बताया कि उसको गांव के ही एक व्यक्ति ने मंगलवार को पुरानी रंजिश में रास्ते में घेर लिया और धारदार हथियार से हमला कर उसे घायल कर दिया। घायल अवस्था में थाने पहुंचे शिवराम को पुलिस ने डॉक्टरी के लिए अस्पताल भेजकर कार्रवाई का का आश्वासन दिया है।

पब्लिक नोटिस
मेरे मुवक्किल GRIHUM HOUSING FINANCE LIMITED शाखा पीलीभीत की ओर से सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि श्रीमती नविता पत्नी श्री अब्दुल हमीद निवासी मैत्री बाग कालोनी ग्राम चिड़िया देह तहसील व जिला पीलभीत के है वह एक किता मकान रकवा 79.72 वर्गमी. गाटा सं. 220 का भाग मैत्री बाग कालोनी ग्राम चिडिया देह तहसील व जिला पीलीभीत में स्थित है को श्रीमती सोसान बी. मसीह पत्नी श्री जॉन से दान पत्र से प्राप्त करने के उपरांत मेरे मुवक्किल से ऋण ले रहे है। उपरोक्त जगह का एक किता बैनामा दिनांक 23.04.2040 बही नं. 4 जिल्द 4243 पेज 79 से 200 दस्तावेज नं 320 जो कि श्री श्याम सिंह के हक में था व बैनामा दिनांक 27.08.204 बही नं. 4 जिल्द 6525 पेज 49 से 476 दस्तावेज सं. 7275 जो कि श्रीमती अंगीरा सिंह के हक में, वास्तव में कही खो गये है। बैनामा खोने के सम्बन्ध में दिनांक 24.03.2024 को प्रथम सूचना रिपोर्ट दर्ज करा दी है। इस सम्बन्ध में किसी व्यक्ति / संस्था / बैंक को कोई आपत्ति हो तो प्रकाशन की तिथि से 14 दिन के अन्दर समस्त दस्तावेजों के साथ मेरे या GRIHUM HOUSING FINANCE LIMITED शाखा पीलीभीत के कार्यालय में प्रस्तुत की जा सकती है उक्त काल में कोई आपत्ति प्राप्त नही होती है तो यह मानते हुये कि इस विषय में कोई आपत्ति किसी व्यक्ति को नही है उक्त ऋण श्रीमती नविता पत्नी श्री अब्दुल हमीद निवासी मैत्री बाग कालोनी ग्राम चिड़िया देह तहसील व जिला पीलभीत को प्रदान कर दिया जायेगा।
सुशान्त सक्सेना एडवोकेट
पैनल एडवोकेट
बगिया चैम्बर नं. ।, निकट पोस्ट ऑफिस
सिविल कोर्ट कम्पाउण्ड, बरेली
मो. नं. 9838720563

Telephone : 0581-2510628
Fax : 0581- 2511283
कर्मचारी भविष्य निधि संगठन
EMPLOYEES' PROVIDENT FUND ORGANISATION
श्रम एवं रोजगार मंत्रालय, भारत सरकार
MINISTRY OF LABOUR & EMPLOYMENT, GOVERNMENT OF INDIA
क्षेत्रीय कार्यालय/Regional Office
भविष्य निधि भवन, 111, सिविल लाइन्स, बरेली-243001
Bhavishya Nidhi Bhawan, 111, Civil Lines, Bareilly-243001
Website: www.epfindia.gov.in | E-mail: ro.bareilly@epfindia.gov.in

No. 120039/EPFO/RO/BLY/Adm/NidhiApkenikat 2.0 दिनांकः 26.03.2024
कर्मचारी भविष्य निधि संगठन के सदस्यों, पेन्सनरों एवं नियोक्ताओं की समस्याओं के समाधान हेतु दिनांक 27.03.2024 को क्षेत्रीय कार्यालय, बरेली द्वारा विभिन्न जिलों में आयोजित किए जाने वाले कार्यक्रम निधि आपके निकट 2.0 के आयोजन स्थल की जानकारीः

| जनपद | कार्यक्रम स्थल |
|---|---|
| बरेली | खंडेलवाल एडिबल ऑइल प्राइवेट लिमिटेड, बरेली |
| मुरादाबाद | आर.एच. इंटरनेशल, ज़ीरो प्वाइंट, हाइवे रामपुर रोड, मुरादाबाद |
| पीलीभीत | स्प्रिंगडेल कॉलेज ऑफ मैनेजमेंट स्टडीज, बल्लभ नगर पीलीभीत |
| रामपुर | व्हील्स इंडिया लिमिटेड, रामपुर |
| शाहजहांपुर | सेठ एम.आर. जयपुरिया स्कूल, शाहजहांपुर |
| बदायूं | बी.आर.बी. मॉडल पब्लिक स्कूल, बदायूं |
| जे.पी. नगर | डाइमेटों प्रेसिसन पार्ट्स प्राइवेट लिमिटेड एच-10 यू.पी.एस.आई.डी.सी. |
| | इंडस्ट्रियल एरिया, बेहाइंड आर.ए.सी.एल., जेपी नगर |
| संभल | दौलत राइस मिल, ग्राम यासुफपुर इस्लामनगर रोड, बहजोई संभल |

सहायक भविष्य निधि आयुक्त, प्रशासन
क्षेत्रीय कार्यालय, बरेली

वरुण अर्जुन मेडिकल कालेज एवं रोहिलखंड हास्पिटल
एन.-एच. 24, बन्थरा, जिला शाहजहाँपुर फोन : 05842-276501, 7521001988, 7521001989




**मेडिसिन विभाग :-** सामान्य रोग के समस्त गंभीर रोगियों का इलाज व भर्ती सुविधा विशेषज्ञ डाक्टरों की देख-रेख में की जाती है। टी.एम.टी. (TMT), ईको (ECHO), होल्टर (HOLTER), की जाँच, एम.आई.सी.यू. (MICU) की सुविधा 24 घंटे विशेषज्ञ द्वारा उचित दरों में उपलब्ध है।
**सर्जरी विभाग :-** पित्त की पथरी, हर्निया, हाइड्रोसिल, बवासीर, भगन्दर, आँत का फटना, अपेन्डिक्स आदि रोगों का समुचित उपचार व ऑपरेशन की सुविधा। पेशाब में रूकावट, खून आना, दूधिया पेशाब आना, गुर्दे एवं पेशाब संबंधित रोगों का परामर्श इलाज एवं दूरबीन विधि द्वारा ऑपरेशन की सुविधा सस्ते दरों पर उपलब्ध है। आंतो के ऊपरी भाग व निचला भाग, बड़ी आंत व गुदा की जाँच दूरबीन द्वारा व ICU की सुविधा उचित दरों पर उपलब्ध है।
**स्त्री एवं प्रसूति रोग विभाग :-** बच्चे दानी में गांठ, बच्चेदानी का बाहर आना, माहवारी की समस्या, बार-बार गर्भपात होना तथा महिलाओं में बांझपन के इलाज की सुविधा, पेप स्मेयर की जाँच, कैंसर की जाँच, दूरबीन विधि द्वारा आपरेशन व सीजेरियन एवं नार्मल डिलीवरी की सुविधा एवं आई.सी.यू. (ICU) की सुविधा उचित दरों पर उपलब्ध है।
**बाल रोग विभाग :-** बच्चों की अत्याधुनिक नर्सरी (NICU) एवं PICU की सुविधा 24 घंटे उपलब्ध। नियोनेटल वेंटीलेटर की सुविधा, फोटो थैरेपी, एक्सचेंज, ट्रान्सफ्युजन, सरफेक्टेंट थैरेपी, सी-पैप (CPAP) की सुविधा उपलब्ध हैं। बच्चों में खून की कमी, मिर्गी पीलिया, वजन कम होना, खांसी, लकवा, डायरिया, निमोनिया आदि रोगों का परामर्श व इलाज की सुविधा। बच्चों के लिए निःशुल्क टीकाकरण की सुविधा उपलब्ध है, बच्चों के ऑपरेशन की सुविधा।
**कैंसर विभाग :-** स्तन कैंसर का ऑपरेशन Breast Conservation एवं Sentinel Node तकनीक के द्वारा। मुंह का कैंसर, जीभ का कैंसर, थायरॉइड कैंसर, गले का कैंसर, पेट का कैंसर, आंतों का कैंसर, लिंग का कैंसर, किडनी का कैंसर, फेफड़े का कैंसर, पित्ताशय का कैंसर, स्तन का कैंसर, बच्चेदानी का कैंसर, पैनक्रियाज का कैंसर, चमड़ी का कैंसर, हड्डी का कैंसर का इलाज की सुविधा।
**नेत्र रोग विभाग :-** काला मोतिया की जाँच व इलाज, कार्निया की बीमारी का इलाज, आँख के पर्दे की जाँच व इलाज, मोतियाबिन्द के ऑपरेशन MSICS तथा फेको विधि द्वारा, भैगापन, नासूर, नाखूना आदि का इलाज व ऑपरेशन की सुविधा, कम्प्यूटर (Auto Refraction) द्वारा चश्मे के नम्बर व प्रमाणीकरण व जाँच की सुविधा सस्ते दरो पर उपलब्ध है। आप्थेल्मोस्कोप द्वारा आँख के पर्दे की जाँच, जर्मन माईक्रोस्कोप द्वारा आँख के आपरेशन की सुविधा। आँख में किसी भी प्रकार की चोट का इलाज और बच्चों की आँखो की बीमारियों का सभी प्रकार का इलाज। मोतियाबिन्द का आपरेशन, लैन्स, दवा व खाना मुफ्त।
**हड्डी रोग विभाग :-** स्पाइन सर्जरी, ट्रामा सर्जरी, घुटने के जोड़ का प्रत्यारोपण, पोलियों का ऑपरेशन, बच्चों के पैरों के टेढ़ापन का ऑपरेशन, आर्थोस्कोपी, गठिया, जोड़ों का दर्द, कमर दर्द, गर्दन दर्द आदि रोगों का इलाज सस्ते दामों पर, फिजियोथैरेपी की सुविधा।
**मानसिक रोग विभाग :-** उत्तर प्रदेश में पहली बार Portable TDCS (Transcranial direct current stimulation) थैरेपी की सुविधा। ई.ई.जी (E.E.G.), ई.एम.जी. (E.M.G.) एवं ई.सी.टी. (ECT) की सुविधा साइकोथैरेपी की सुविधा, साइकोलोजिकल टेस्टिंग, IQ टेस्ट, की सुविधा सस्ते दरों पर उपलब्ध है। याददाश्त कम होना, भूख न लगना, नींद न आना, डर लगना, बेचैनी, घबराहट, मानसिक दौरे पड़ना, सिर में दर्द एवं तनाव आदि का समुचित उपचार।
**चर्म रोग विभाग :-** सफेद दाग, सोराइसिस का इलाज फोटोथैरेपी (PUVA Chamber) के द्वारा व अधिक पसीना आने का इलाज, Megasurg-gold द्वारा मस्से व तिल का इलाज एवं Microdermabrasion के द्वारा झुर्रियों एवं त्वचा के गड्ढों का इलाज, दाद खाज खुजली, मुहाँसे, कुष्ठ रोग, स्किन एलर्जी, हाथ पैर फटना, बालों का झड़ना, रूसी व डैंड्रफ आदि के इलाज की सुविधा विशेषज्ञ डॉक्टरों के द्वारा सस्ते दरों पर उपलब्ध।
**नाक कान एवं गला रोग विभाग :-** कान के पर्दे में छेद होना, कम सुनाई देना, नाक की हड्डी बढ़ना, नाखूना, घेंघा, नाक की हड्डी का टेढ़ा होना, टांसिल बढ़ना आदि रोगों का उपचार व आपरेशन सुविधा दूरबीन द्वारा गले के अन्दर की जाँच, इंपीडेस आडियोमेट्री, प्योरटोन आडियोमेट्री, सुनने की जाँच व मशीन लगाने की सुविधा उपलब्ध है।
**छाती व श्वास रोग :-** छाती व सांस फूलना, खांसी आना, बुखार बना रहना, सीने में दर्द, बलगम आना, बलगम में खून आना, फेंफड़ों में पानी आना आदि रोगों का इलाज तथा पी.एफ.टी. (PFT), बाई-पैप (BIPAP), सी-पैप (CPAP), सी.बी-नैट (CBNAAT) की सुविधा सस्ते दरों पर उपलब्ध है।
**डायलिसिस विभाग :-** डायलिसिस की सुविधा सस्ते दरों पर उपलब्ध है।
**ब्लड बैंकः -** ब्लड बैंक की सुविधा 24 घंटे उपलब्ध है।
**डेंटल विभाग :-** समस्त प्रकार के दांतों के रोगों का इलाज।
**न्यूरो सर्जरी विभाग -** सर व दिमाग की चोट, ब्रेन हैमरेज, ब्रेन ट्यूमर, स्ट्रोक, लकवा, माइग्रेन, दिमागी टी.बी., मिर्गी के दौरे, रीढ़ की हड्डी में दर्द अथवा टी.बी., स्लिप डिस्क, सियाटिका, दिमाग में पानी या खून का थक्का जमना, कमर व गर्दन में दर्द, चलने में लड़खड़ाहट कमर की नस दबना, इत्यादि रोगों का समुचित परामर्श एवं उपचार की सुविधा उपलब्ध व इमरजेंसी न्यूरोसर्जरी (सर/दिमाग की चोटें) आई सी यू की सुविधा 24 घंटे उपलब्ध।
**प्लास्टिक सर्जरी विभाग -** जन्मजात कटे-फटे होठ, तालू, मुँह व पैदाइशी निशान, जबड़े की हड्डियों के फ्रैक्चर व चेहरे की फटी चमड़ी, जन्मजात विकृत जननांग व विकृत सिर, जन्मजात कान, नाक का टेढ़ापन या विकृत, हाथों व पैरों की चिपकी उंगुलियां, जलने या दुर्घटना में कटे फटे निशान, चेहरे के दाग धब्बों आदि की कास्मेटिक सर्जरी आदि।
**स्किन विभाग -** लेजर द्वारा अनचाहे बालों को हटाना।

उपलब्ध सुविधायें:-
★ अत्याधुनिक 1.5 Tesla MRI मशीन द्वारा MRI Brain, MRI Knee Joint, MRI Spine आदि ★ 32 Slice-CT स्कैन मशीन द्वारा CT Head, सी.टी. स्कैन स्पाइन एवं सीटी चैस्ट। आदि ★ डायलेसिस की सुविधा ★ डिजीटल एक्सरे ★ Mammography ★ कान की जाँच (Audiometry), बैरा (BERA), इंपीडेंस (Impedance) ★ हृदय की जाँच, ECHO,TMT ★ पल्मोनरी फंक्शन टेस्ट (PFT) ★ अल्ट्रासाउण्ड★ आँख की जाँच पेरीमेट्री, टोनोमेट्री/रिफरेक्शन । ★ दुरबिन विधी द्वारा सभी प्रकार के ऑपरेशन की सुविधा उपलब्ध
परिवार स्वाथ्य कार्ड की सुविधा 200/- रु में एक साल के लिए उपलब्ध
मोतियाबिन्द का आपरेशन, लैन्स, दवा व खाने के साथ मुफ्त।

## चुनाव कमाल का...

- 2024 के लोकसभा चुनाव का बिगुल बच चुका है। इस चुनाव में यदि मतदान के दौरान आपको लगता है कि आपके योग्य कोई भी उम्मीदवार नहीं है। तो नोटा का बटन दबाकर आप अपना विरोध दर्ज करा सकते हैं। अभी तक जितने भी लोकसभा अथवा विधानसभा के चुनाव हुए उसमें नोटा की भागीदारी लगभग 2 से 3 फीसदी ही रही। शायद आपको मालूम न हो कि यदि मतगणना में नोटा को सबसे अधिक वोट मिलते हैं तो चुनाव रद्द भी हो सकता है। इसके बाद चुनाव आयोग दोबारा चुनाव कराएगा । जब तक देश में नोटा की व्यवस्था नहीं थी। तब तक चुनाव में अगर किसी को लगता था कि उसके मापदण्ड पर कोई भी उम्मीदवार योग्य नहीं है, तो वो लोग वोट नहीं डालने ही नहीं जाते थे और इस तरह से उनका वोट बेकार हो जाता था। वे लोग मतदान से वंचित रह जाते थे। ऐसे में साल 2009 में चुनाव आयोग ने सुप्रीम कोर्ट को नोटा का विकल्प देने संबंधी अपने निर्णय से अवगत कराया था। और वर्ष 2013 में न्यायालय ने मतदाताओं को नोटा का विकल्प देने का आदेश दिया। प्रकार ईवीएम में एक और विकल्प नोटा शामिल हुआ।

# मुस्लिम बनाम दलित कार्ड से भाजपा का होगा बेड़ापार

## बसपा के एकला चलो से मिशन : 80 का मंत्र तलाशने में जुटी भाजपा, मुस्लिम वोटरों की एकजुटता के जवाब में दलित कार्ड पर फोकस




धीरेंद्र सिंह, लखनऊ

**अमृत विचार :** पिछले लोकसभा चुनाव तक बसपा से टिकट का मतलब सांसद बनने की गारंटी था, मगर इसबार अकेले मैदान में उतरने से माहौल नहीं बन पा रहा है। भाजपा इसी कमजोरी को हथियार बनाकर इसबार मिशन:80 में मुस्लिम बनाम दलित कार्ड खेलने की तैयारी में है।

भाजपा के साथ आरएसएस के दलित कॉडर भी मायावती और सपा नेताओं की अदावत को गांव-गांव समझाने में जुटे हैं। 'इंडिया' गठबंधन के पक्ष में मुस्लिम वोटों के एकतरफा ध्रुवीकरण की चुनौतियां से दलित कार्ड के सहारे किलेबंदी हो रही है। भाजपा से दलितों में कोई नाराजगी भी नहीं है, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ हमेशा दलित





**माया की सपा से अदावत का फायदा उठाने में आरएसएस भी सक्रिय**

चिंतकों और नेताओं से जुड़े कार्यक्रम हो या त्योहार सिद्दत से जुड़ते हैं। लोकसभा चुनाव से ही पहले दलितों को जोड़ने के लिए हर बस्ती तक पहुंच चुकी है। पार्टी ने प्रदेश में दो दिन का विशेष दलित बस्ती संपर्क अभियान भी चलाया। संत गाडगे और रविदास जयंती समारोह में दलितों की भागेदारी देखने लायक थी। भाजपा एससी मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष रामचंद्र कनौजिया बताते हैं कि पार्टी से दलितों का जुड़ाव इसबार मतदान में दिखेगा। विधानसभा क्षेत्रों में भीम सम्मेलन, जाटव बस्तियों में सम्मेलन, समाज के युवाओं से संवाद आदि कार्यक्रमों से भाजपा के हर बूथ पर दलित नेताओं की टीम मिली है।

उधर, लोकसभा चुनाव में बसपा का चुनाव प्रबंधन और तैयारी अन्य दलों के मुकाबले कमजोर दिख रही है, जहां पिछले चुनावों तक दावेदारों की कतारें रहती थीं, वहीं इसबार टिकटार्थी ढूंढने पड़ रहे हैं। 25 सीटों पर घोषित हुए प्रत्याशियों में कुछ नाम ऐसे हैं, जिनका चुनाव से कभी सरोकार नहीं रहा। ज्यादातर नए और अनुभवहीन भी हैं। कुछ तो सिर्फ इस बात के लिए लड़ रहे हैं कि बसपा के कॉडर वोट मिलने से उनकी पहचान बन जाएगी, तो आगे विधानसभा चुनाव में कहीं भी टिकट की दावेदारी काम आएगी।

### ▶▶ 14 हारी हुईं सीटों के साथ 7 जीतीं सीटों पर भी चुनौती बरकरार

भाजपा की वैसे तो 11 सीटें हैं, जहां पिछली बार लोकसभा चुनाव में हार-जीत का अंतर 25 हजार से कम था। इसमें सात जीतीं हुई सीटों पर इसबार भी चुनौतियां बरकरार है। इसमें जौनपुर जिले की मछलीशहर सीट पर भाजपा के बीपी सरोज ने मात्र 181 वोट से बसपा के ई. त्रिभुवन राम को हराया था। त्रिभुवन राम बसपा सरकार में पीडब्ल्यूडी के मुख्य अभियंता के साथ और कर्ता-धर्ता की हैसियत में थे। मेरठ सीट पर भाजपा के राजेंद्र अग्रवाल ने बसपा के हाजी याकूब को मात्र 4729 वोट से हराया था। भाजपा इसबार टिकट बदलने की तैयारी में है, यहां से रामायण सीरियल में राम की भूमिका निभाने वाले अरूण गोबिल और कवि कुमार विस्वास का भी नाम आ रहा है। मुजफ्फरनगर सीट पर भाजपा के संजीव बालियान ने रालोद के चौधरी अजीत सिंह को 6526 वोटों से हराया था। इसबार भाजपा के साथ आई रालोद ने दावेदारी नहीं की तो बालियान का टिकट पहली सूची में ही पक्का हो गया। कन्नौज सीट पर भाजपा के सुब्रत पाठक ने सपा की डिंपल यादव को 12353 वोटों से हराया था, इसबार सपा प्रत्याशी नहीं घोषित करके इंतजार कर रही है। चंदौली सीट पर केंद्रीय मंत्री डा महेंद्र पांडेय 13959 वोट से जीते थे, जबकि सुल्तानपुर सीट पर मेनका गांधी मात्र 14526 वोट से और बलिया सीट से वीरेंद्र सिंह मस्त मात्र 15519 वोट से जीते थे। महेंद्र को छोड़ सबकी सीट पर प्रत्याशी की घोषणा फंसी हुई है। इसी के साथ हारी हुई 14 सीटों पर भी भाजपा जीतने के लिए पूरा जोर लगा लगाने में जुटी है।

### ▶▶ उपेक्षित महसूस कर रही निषाद पार्टी

भाजपा के साथ हमेशा कदम ताल करने वाले निषाद पार्टी के मुखिया संजय निषाद भी खुद को उपेक्षित महसूस कर रहे हैं। लोकसभा चुनाव में तमाम सीटों पर जीत-हार में निर्णायक की भूमिका निषाद (मल्लाह बिरादरी) की रही है। नदी तटीय इलाकों में वोटरों का वर्चस्व है। फिर भी अभी तक एक भी सीट नहीं दी गई। जबकि भाजपा को कोसने वाले सुभासपा के प्रमुख ओमप्रकाश राजभर ने घोसी सीट हासिल कर ली है। आस-पास की कुछ अन्य सीटों के लिए दबाव बना रहे हैं। लेकिन निषाद पार्टी दबाव बनाने में भी पिछड़ती दिख रही है।

## भाजपा ने बहराइच से सांसद के बेटे को बनाया प्रत्याशी

**बहराइच, अमृत विचार।** भाजपा की ओर से बहराइच लोकसभा सीट से प्रत्याशी की घोषणा करते हुए सांसद के बेटे डॉक्टर आनंद गोंड को प्रत्याशी बनाया है। भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष और अन्य की टीम ने शनिवार देर शाम को सूची जारी की। जिसमें उन्होंने बहराइच सुरक्षित लोकसभा सीट से वर्तमान सांसद अक्षयवर लाल गोंड के बेटे डॉक्टर आनंद गोंड को प्रत्याशी बनाया है। बहराइच सुरक्षित लोकसभा सीट से भाजपा ने निरंतर प्रत्याशी बदले। वर्ष 2014 में भाजपा ने सावित्री बाई फुले को टिकट दिया और उन्होंने जीत दर्ज कर लोकसभा का प्रतिनिधित्व किया। इसके बाद साध्वी सावित्री बाई फुले कांग्रेस में चली गई तो वर्ष 2019 के चुनाव में भाजपा ने अक्षय वर लाल गोंड को टिकट दिया। उन्होंने भी जीत दर्ज की। इस बार के चुनाव में भाजपा ने सांसद के बेटे डॉक्टर आनंद गोंड को प्रत्याशी बनाया है।



डॉ. आनंद गोंड

# अमेठी तो खास, यहां के मुद्दे हैं आम

संवाददाता, अमेठी

**अमृत विचार :** मैं अमेठी हूं, मेरे अतीत में प्रभु श्रीराम की यादें हैं, द्वापर से भी गहरा जुड़ाव है, नंदमहर धाम में भगवान श्रीकृष्ण और नंद बाबा ने प्रवास किया, पद्मावत जैसे काव्य की रचना करने वाले सूफी संत मलिक मोहम्मद जायसी मेरे आंगन में पले बढ़े, जायस में गुरु गोरखनाथ ने तप किया, कालिकन धाम, दुर्गन भवानी, समसेरियन भवानी, देवीपाटन, अहोरवा भवानी सहित कई अन्य सांस्कृतिक और ऐतिहासिक विरासतों की अनमोल धरती मेरे पास है।

पहले मैं सुलतानपुर जिले की हिस्सा थी, मुझे 1967 में संसदीय सीट के रूप में पहचान मिली। इसके बाद से कुछ ऐसा हुआ कि हम पर सभी की नजर टिक गई। हो भी क्यों न, हमारी धरा से जीतने वाले सांसद ने प्रधानमंत्री तक का मुकाम जो हासिल किया। तमाम उतार चढ़ाव के बीच 2010 में मुझे जिले का रूप दिया गया। इसके बाद विकास की योजनाएं बनीं, कुछ पर काम हुआ तो कुछ अभी फाइलों में ही लटकी हुई हैं। कुछ मुद्दे चुनाव में खूब उछले, लोगों की जुबां पर आए, लेकिन बाद में खामोश हो गए। मेरा सबसे बड़ा दर्द अनियोजित विकास से जुड़ा है।

1980 के दशक में औद्योगिक घरानों ने अमेठी के ऊसर की तस्वीर बदलने के लिए कारखानों की स्थापना की। इसमें इंडोगल्फ, बीएचईएल, सम्राट साइकिल फैक्ट्री, ऊषा इलेक्ट्रीफायर, सीमेंट फैक्ट्री, सूर्या माल्टेक प्राइवेट लिमिटेड, वेस्पा स्कूटर सहित दो सौ से अधिक औद्योगिक इकाइयां स्थापित हुईं। 1991 के बाद से एक-एक करके ये बंद होती चली गईं। इनमें ऊषा, वेस्पा, सम्राट, मालविका स्टील की इमारतें खंडहर हो गईं।जगदीशपुर उतलेवा, कौहार, टिकरिया और त्रिशुंडी अभी चमक बिखेर रही हैं।

**वीआईपी सीट अमेठी**



राहुल गांधी



स्मृति ईरानी



युवा मुस्तकीम बघेल का कहना है कि सरकारी अस्पतालों में चिकित्सकों की कमी है। इससे मरीज परेशान हो रहे हैं। उन्हें रायबरेली और बीएचएल जाना पड़ रहा है। स्वास्थ्य सेवाओं को बेहतर करना ही होगा।



समाजसेवी जितेंद्र सिंह का कहना है कि परिवहन सेवा बहुत ही आवश्यक है। इसका विस्तार किया जाना चाहिए। गौरीगंज जिला मुख्यालय है। कम से कम बस स्टेशन होना चाहिए, जिससे आवागमन सुगम हो सके।



पूर्व ब्लॉक प्रमुख रमेश कुमार सिंह का कहना है कि औद्योगिक इकाइयों के विकास को लेकर ठोस प्रयास की आवश्यकता है। पुराने उद्योगों को शुरू कराया जाय, जिससे लोगों को रोजगार मिल सके। उद्योग स्थापना से न सिर्फ रोजगार बल्कि पर्यटन को भी बढ़ावा मिलता है।



राज बहादुर लोधी का कहना है कि पांच साल से पुल का निर्माण अधूरा है। समय का ख्याल रखना चाहिए। पुल का निर्माण अगर हो जाता तो 15 किलो मीटर का चक्कर नहीं लगाना पड़ता। निर्माण पूरा होने से सहूलियत मिल जाती।



प्रतिष्ठित व्यवसाई राम सिंह का कहना है कि अमेठी जिला मुख्यालय पर उच्च शिक्षा के लिहाज से एक भी सरकारी महाविद्यालय नहीं है। ऐसे में युवाओं की उच्च शिक्षा में समस्या आती है।

# इस बार मित्रसेन के बड़े बेटे ने ठोंकी ताल

**विरासत**

## मंत्री, सांसद, विधायक से लेकर ब्लॉक प्रमुख तक रहे परिवार के सदस्य

राजेंद्र कुमार पांडेय, अयोध्या

**अमृत विचार :** लोकसभा चुनाव के लिए भाजपा, इंडिया गठबंधन और बसपा ने अपने प्रत्याशियों की घोषणा कर दी। लेकिन इसमें सेन परिवार के किसी को भी टिकट नहीं मिला। तब से सियासी हल्के में एक सवाल चर्चा में रहा। बगैर सेन परिवार के यह लोकसभा चुनाव होगा? कयास तरह-तरह के लगाए जा रहे थे। लेकिन अब तस्वीर साफ हो गई कि इस लोकसभा चुनाव में भी सेन परिवार की मौजूदगी बतौर प्रत्याशी रहेगी। स्व. मित्रसेन यादव के बड़े बेटे पूर्व आईपीएस अरविंद सेन यादव ने चुनाव मैदान में आने कि लिए ताल ठोंक दी है। कहा कि हर स्थिति में चुनाव लड़ेंगे।

सियासत में कई परिवारों की वंशबेलि चलती रही है। परिवार भी उनमें से एक है। यह पांच बार के विधायक और तीन बार के सांसद स्व. मित्रसेन यादव का परिवार है। भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी से अपना राजनीतिक कैरियर शुरू करने वाले मित्रसेन भाकपा के साथ ही सपा और बसपा से भी जनप्रतिधि चुने गए। श्री यादव का लंबा राजनीतिक इतिहास है। 20 सदीं में वह चार बार विधायक और दो बार सांसद रहे। 21 सदीं में भी एक बार विधायक और एक बार सांसद रहे। उनके छोटे पुत्र आनंद सेन यादव तीन बार विधायक और प्रदेश में मंत्री रहे। सन् 2019 का लोकसभा चुनाव और 2022 का विधानसभा चुनाव लड़ा लेकिन दोनों बार हार गए। आनंद सेन यादव का बेटा हैरिंग्टनगंज से ब्लाक प्रमुख है। इसके पहले स्व. मित्रसेन की दोनों पुत्र बधुएं प्रियंका सेन और इंदू सेन ब्लाक प्रमुख रह चुकी है।

कई दशक से शायद ही ऐसा कोई चुनाव रहा हो, जिसमें सेन परिवार का दखल न रहा हो। लोकसभा चुनाव घोषणा हुई। सेन परिवार के सर्मथकों को उम्मीद थी कि किसी न किसी को टिकट मिलेगा लेकिन ऐसा नहीं हुआ। राजनीतिक हल्के में सेन परिवार को लेकर चर्चा तेज रही। समर्थक अपनी राह खोजने लगे थे। लेकिन इस बीच स्व. मित्रसेन के बड़े बेटे अरविंद सेन ने फैजाबाद से लोकसभा चुनाव लड़ने की घोषणा कर दी। अब समर्थकों को सहेजने और प्रचार में लग गए हैं।

### सेवानिवृत्त आईपीएस अधिकारी हैं अरविंद सेन



अरविंद सेन

**अयोध्या।** आईपीएस अफसर रहे अरविंद सेन, स्व. मित्रसेन यादव के बड़े बेटे हैं। बातचीत में उन्होंने कहा कि वह भारतीय कम्युनिष्ट पार्टी से लोकसभा चुनाव लडेंगे। टिकट की घोषणा अभी नही हुई है। टिकट में कुछ इधर-उधर होने के सवाल पर उनका कहना है कि मैं चुनाव मैदान छोड़ूंगा नहीं।

कहते हैं कि बाबू जी (मित्रसेन यादव) की जीवन पर्यन्त पहचान कम्युनिष्ट ही रही है। देश काल, परिस्थिति के चलते उन्होंने कोई फैसला लिया हो, यह अलग बात है। अब उनकी पहचान और परिवार की प्रतिष्ठा को कुछ लोग ठेस पहुंचा रहे हैं। उसे मिटाने की कोशिश कर रह हैं। उनकी प्रतिष्ठा और सम्मान की सुरक्षा में कुछ भी करना पड़ेगा तो करेंगे। 33 साल की सेवा के बाद अपमानित होकर लौटा। (किसी मामले में उन्हें जेल जाना पड़ा था) तो यहां भी अपमान करने जैसी स्थिति मिली। इसके लिए संघर्ष करना है। परिणाम चाहे कुछ भी हो, उसकी सुरक्षा, संरक्षा करना है। अपने लोगों को पहचानना है। उनके सम्मान को बचाने के लिए प्रयास करेंगे। टिकट इधर-उधर होने के सवाल पर उनका दो टूक कहना था कि इसकी उम्मीद नहीं है लेकिन मैं अब चुनाव मैदान छोड़ूंगा नहीं। छोड़ने पर तमाम तरह के आरोप लगेंगे। अब भी आरोप लग रहे। मुकदमा वापस लेने के लिए आए। लेकिन हमारी थाती को जस तरह से डैमेज किया जा रहा है। उसके लिए संघर्ष करूंगा। मुद्दों की सियासत की चर्चा करते हैं। नई पीढ़ी को सियासत का नया मार्ग दिखाना चाहते हैं।

# बहराइच लोकसभा सीट से सिर्फ दो महिला प्रत्याशियों को मिला टिकट, दर्ज की जीत

राजू जायसवाल, बहराइच

**अमृत विचार :** महिलाओं को आगे बढ़ाने की दंभ भरने वाली पार्टियां भी लोकसभा चुनाव में महिलाओं को टिकट नहीं दे रहे हैं। अब तक के इतिहास पर नजर डाले तो वर्ष 1952 से हो रहे लोकसभा चुनाव में सिर्फ दो बार ही महिला प्रत्याशियों को चुनाव मैदान में उतारा गया है। दोनों बार महिला प्रत्याशियों ने जीत का परचम लहराते हुए सदन में क्षेत्र की आवाज को बुलंद की। महिला सुरक्षा और भागीदारी को लेकर सभी पार्टियां अपना अपना दावा करती हैं। भाजपा की ओर से इस बार संसद में महिला सुरक्षा बिल भी पारित किया गया है। इसके बाद भी बहराइच लोकसभा सीट से महिला प्रत्याशियों की भागीदारी काफी कम मात्रा में रही। भाजपा, कांग्रेस, समाजवादी पार्टी और बहुजन समाज पार्टी की ओर से सिर्फ पुरुष प्रत्याशियों को ही तवज्जो दिया गया है। ऐसे में सभी पार्टियों की ओर से महिलाओं को बढ़ावा देने और उनकी हिस्सेदारी पर बात करने वाले लोगों पर सवाल उठ रहा है। बहराइच लोकसभा सीट में विधान सभा बहराइच, महसी, नानपारा और मटेरा विधान सभा क्षेत्र की जनता मतदान करती है। लेकिन 71 साल के लोकसभा चुनावों में अब तक सिर्फ दो महिला प्रत्याशियों को ही चुनाव मैदान में उतारा गया है। जिसमें भाजपा से वर्ष 2014 में साध्वी सावित्री बाई फुले और सपा ने वर्ष 2004 में रूबाब सईदा को प्रत्याशी बनाया था। दोनों ने अपनी अपनी सीट पर जीत भी दर्ज की थी। सपा से जीत दर्ज करने वाली रूबाब सईदा का इसी वर्ष निधन भी हो चुका है। बहराइच लोक सभा सीट पर 15 वर्ष पूर्व कोई भी चुनाव लड़ सकता था। लेकिन 15 वर्ष पूर्व लोक सभा सीट को 25 वर्ष के लिए आरक्षित कर दिया गया था। जिसमें अब दो चुनाव के बाद पुनः आरक्षण हटाकर सामान्य बन सकती है।



सावित्री बाई फुले



रूबाब सईदा

**परिसीमन के बाद जीते प्रत्याशी**

| प्रत्याशी | पार्टी | वर्ष |
|---|---|---|
| कमल किशोर | कांग्रेस | 2009 |
| सावित्री बाई फुले | भाजपा | 2014 |
| अक्षयवर लाल गोंड | भाजपा | 2019 |

- **वर्ष 1952 से चल रहे चुनाव में भाजपा और सपा छोड़ किसी ने नहीं दिखाई रुचि**
- **सभी लोकसभा चुनाव में पुरुषों को दिया गया ज्यादा तवज्जो**

# जब भाजपा ने बिना लड़े गंवा दी थी सुलतानपुर सीट

## गोंडा के वरिष्ठ नेता सत्यदेव सिंह का पर्चा हो गया था खारिज

अजय कुमार पांडेय, सुलतानपुर

**अमृत विचार :** राम लहर में सुलतानपुर सीट पर भाजपा ने लगातार तीन बार जीत दर्ज की थी। चौथी बार भाजपा बिना लड़े ही सीट गंवा दी थी और वाक ओवर देते हुए सीट बसपा के खाते में डाल दी। जिसका खामियाजा भाजपा को दो और चुनाव में भुगतना पड़ा और उसे हार मिली।

1991 में अयोध्या के संत विश्वनाथ दास शास्त्री ने पहली बार रामलहर में सुलतानपुर संसदीय सीट पर जीत दर्ज भाजपा का खाता खोला। हालांकि1996 में पार्टी ने उनको मौका नहीं दिया। उनके स्थान पर विवादित ढांचा ध्वंस के समय फैजाबाद (अब अयोध्या) के वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक रहे देवेंद्र बहादुर राय (डीबी राय) को प्रत्याशी बनाया था। डीबी राय ने 1996 और फिर 1998 में इस सीट पर पार्टी का कब्जा बरकरार रखा। अटल बिहारी वाजपेयी के नेतृत्व वाली सरकार के एक वोट से गिरने के बाद 1999 में एक बार फिर लोकसभा चुनाव हुआ। इसमें पार्टी ने फिर अपना प्रत्याशी बदल दिया। 1999 के चुनाव में गोंडा निवासी पार्टी के वरिष्ठ नेता सत्यदेव सिंह सुलतानपुर से उम्मीदवार थे। नामांकन के आखिरी दिन उन्होंने पर्चा दाखिल किया था। तत्कालीन जिलाधिकारी/निर्वाचन अधिकारी अनुराग श्रीवास्तव ने उसे विलंब होने के आधार पर खारिज कर दिया था। इस मुद्दे पर काफी विवाद हुआ था।

उस समय कल्याण सिंह राज्य के मुख्यमंत्री थे, लेकिन पार्टी को उनसे कोई सहायता नहीं मिल सकी थी। तीन बार से जीती जा रही सीट पर पार्टी प्रत्याशी के बिना लड़े ही मैदान से बाहर हो जाने के कारण भाजपा नेता कार्यकर्ता काफी निराश हुए थे। बसपा ने इस अवसर का पूरा लाभ उठाया। भाजपा की लोक सभा चुनाव में नमौजूदगी ने बसपा का काम आसान कर दिया। बसपा प्रत्याशी जयभद्र सिंह ने इस चुनाव में जीत हासिल कर सुलतानपुर लोकसभा सीट पर यहां बसपा का खाता खोला। इसके बाद बसपा का सिलसिला चल पड़ा। बसपा ने 2004 में ताहिर खान को उम्मीदवार बनाया था। पार्टी के भरोसे पर खरे उतरते हुए ताहिर ने जीत दर्ज की। भाजपा प्रत्याशी डा वीना पांडेय जमानत नहीं बचा सकी। 2009 के चुनाव में भाजपा ने सूर्यभान सिंह को प्रत्याशी बनाया तो कांग्रेस के डा संजय सिंह चुनाव जीत गए। हालांकि, मोदी लहर में 2014 में वरुण गांधी ने रिकार्ड मतों से जीत दर्ज कर एक बार फिर सीट भाजपा के खाते में डाल दिया। 2019 के लोक सभा चुनाव में मेनका गांधी को पार्टी ने प्रत्याशी बनाया। वे भी सुलतानपुर सीट पर जीत दर्ज की।इस बार भी मेनका गांधी ही चुनाव मैदान में हैं।



सत्यदेव सिंह




**सुलतानपुर सीट पर 1999 में हुए चुनाव के आंकड़े**

| प्रत्याशी | पार्टी | प्राप्त मत |
|---|---|---|
| जय भद्र सिंह | बसपा | 1,73,558 |
| राम लखन वर्मा | सपा | 1,58,959 |
| पवन पांडे | निर्दलीय | 1,29,525 |
| दीपा कौल | कांग्रेस | 82,385 |



मेनका गांधी

## भाजपा व सपा का प्रत्याशी घोषित बसपा का इंतजार

**अमृत विचार, सुलतानपुर :** लंबी कवायद के बाद बहुप्रतीक्षित भारतीय जनता पार्टी ने सुलतानपुर लोकसभा सीट से सांसद मेनका संजय गांधी को फिर से प्रत्याशी बनाया है। उनके प्रत्याशी बनने पर काफी दिनों से उठा पटक चल रही थी। टिकट मिलने के बाद अब जिलेवासियों को उनके सुलतानपुर आने का इंतजार है। उनके जिले में आने की अभी तक कोई अधिकृत सूचना नहीं जारी हुई है। समाजवादी पार्टी ने बीते दिनों ही भीम निषाद को अपना प्रत्याशी बनाकर भेजा है। भीम निषाद अंबेडकरनगर के निवासी है और यहां के लिए नया चेहरा हैं। फिर भी वे जिले में अपना चुनाव प्रचार शुरू कर दिया हैं। बहुजन समाजवादी पार्टी की ओर से अभी तक प्रत्याशी चयन पर मुहर नहीं लगी है। बसपा प्रत्याशी घोषित होने के बाद ही तस्वीर साफ होगी।

# भाजपा के समक्ष होगी बाराबंकी पर कब्जा बरकरार रखने की चुनौती

रीतेश श्रीवास्तव, बाराबंकी

**अमृत विचार :** भारतीय जनता पार्टी ने 53 बाराबंकी लोकसभा सीट से आखिरकार प्रत्याशी की घोषणा कर सभी कयासों पर विराम लगा दिया है। पार्टी ने अनुभव को तरजीह देते हुए पूर्व विधायक और मौजूदा जिला पंचायत अध्यक्ष राजरानी रावत को लोकसभा प्रत्याशी बनाया है। भाजपा ने अपनी पांचवीं सूची में बाराबंकी से राजरानी रावत के नाम का ऐलान किया है। बाराबंकी से मौजूदा सांसद उपेंद्र सिंह रावत को टिकट मिलने के बाद उनका कथित अश्लील वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हुआ था। विवाद बढ़ने पर बीजेपी आलाकमान के नकेल पर सांसद उपेंद्र रावत ने चुनाव न लड़ने का फैसला ऐलान किया था। जिसके बाद से डैमेज कंट्रोल करने के लिए बीजेपी नए चेहरे की तलाश में थी। सोमवार को होली के दिन राजरानी रावत के नाम के ऐलान के साथ तमाम अटकलों पर विराम लग गया है।

वहीं बीते शनिवार को सपा कांग्रेस के गठबंधन के बाद कांग्रेस के हिस्से में आई बाराबंकी सीट से तनुज पुनिया पर कांग्रेस ने भरोसा जताया है। कांग्रेस के दिग्गज नेता पीएल पुनिया के पुत्र तनुज पुनिया अपने पिता की राजनीतिक विरासत संभालने के लिए चौथी बार चुनाव मैदान में होंगे। वरिष्ठ आईएएस रहे डॉ. पीएल पुनिया ने सेवानिवृति के बाद बाराबंकी को ही अपनी राजनीति का केंद्र और कर्मस्थली बनाया। वह यहां से लोकसभा के सांसद भी रहे। पीएल पुनिया ने जिले में कांग्रेस को मजबूत किया। इनके पुत्र तनुज रुड़की से आईआईटी रुड़की से इंजीनियरिंग की पढ़ाई करने के बाद विदेश भी पढ़ने गए। पीएल पुनिया उन्हें अपना उत्तराधिकारी बना रहे हैं। वह प्रियंका गांधी की यूथ टीम के सदस्य भी हैं। 2017 में तनुज पुनिया ने जैदपुर सीट से विधानसभा का चुनाव लड़ कर अपना राजनीतिक सफर शुरु किया था लेकिन पहले चुनाव में मिली हार के बाद भी तनुज पुनिया सक्रिय रहे। इसीलिए कांग्रेस नेतृत्व 2022 फिर से ज़ैदपुर सीट से प्रत्याशी बनाया था लेकिन जीत नसीब नहीं हुई। वहीं 2019 के चुनाव में कांग्रेस ने तनुज को लोकसभा का टिकट दिया। यह चौथा मौका है जब कांग्रेस ने पुनिया पर भरोसा जताते हुए उनके पुत्र तनुज को टिकट देकर एक बार फिर दांव लगाया गया है। प्रमुख दोनों दलों के प्रत्याशियों के नाम सामने आने के बाद अब देखना है जिले की जनता राजरानी रावत को सांसद बनने का ताज पहनाती है या तनुज के सिर पर हाथ रखकर जीत का आर्शीवाद देती है।

**19 लाख मतदाता करेंगे फैसला :** इन दोनों में किसके सिर पर जीत का सेहरा बंधेगा। यह तो 20 मई को होने वाले मतदान के बाद 4 जून की मतगणना के दिन मालूम होगा। 19 लाख 11 हजार 666 मतदाताओं द्वारा इन दोनों में किसे सबसे अधिक पंसद किया जाएगा यह समय बताएगा। इस बार जहां युवाओं के लिए तनुज एक अलग छाप छोड़ सकते हैं वहीं राजरानी रावत महिलाओं के वोट हासिल करने में सफलता मिल सकती है। 10 लाख 10 हजार 81 पुरुष तो 9 लाख एक हजार 518 महिलाओं के साथ 67 थर्ड जेंडर मतदाता वोट करेंगे।



राजरानी रावत



तनुज पुनिया

- **भाजपा से राजरानी और गठबंधन से कांग्रेसी नेता तनुज पुनिया की होगी टक्कर**
- **बाराबंकी लोकसभा सीट पर दोनों प्रमुख दलों ने घोषित किए प्रत्याशी**

### डीडीसी से शुरू हुआ था राजरानी रावत का राजनीतिक सफर

- राजरानी जहां करीब ढाई दशक से राजनीति में सक्रिय हैं।
- 1995 में निदूरा प्रथम से जिला पंचायत सदस्य (डीडीसी) चुनी गईं।
- 1996 में फतेहपुर विधानसभा क्षेत्र से पहली बार भाजपा प्रत्याशी के रूप में चुनाव लड़ा, लेकिन सपा प्रत्याशी से हार गईं।
- 2000 में निदूरा तृतीय से दोबारा जिला पंचायत सदस्य चुनीं गईं।
- 2002 में फतेहपुर विधानसभा क्षेत्र से भाजपा प्रत्याशी के रूप में जीत हासिल की।
- 2007 में फतेहपुर विधानसभा क्षेत्र से चुनाव लड़ीं और बसपा प्रत्याशी से शिकस्त मिली।
- 2014 में सपा प्रत्याशी के रूप लोकसभा चुनाव लड़ीं। भाजपा की प्रियंका सिंह रावत ने शिकस्त दी।
- अप्रैल 2019 में भाजपा में घर वापसी की।
- 2021 में निदूरा चतुर्थ से डीडीसी सदस्य चुनी गईं।
- मौजूदा समय में बाराबंकी जिला पंचायत अध्यक्ष हैं राजरानी रावत।

यज्ञो दानमध्ययनं तपश्च चत्वार्येतान्यन्वेतानि सणि।
दम: सत्यमार्जवमानृशंस्यं चत्वार्येतान्यनुयान्ति संत: ॥

यज्ञ, दान, अध्ययन तथा तपश्चर्या –ये चार गुण सज्जनों के साथ रहते हैं और इंद्रियदमन, सत्य, सरलता तथा कोमलता –इन चार गुणों का सज्जन पुरुष अनुसरण करते हैं।


## संपादकीय

# अशोभनीय बयानबाजी

भारतीय राजनीति में महिलाओं की सहज भागीदारी तमाम चुनौतियों के बीच अभी भी एक दुष्कर कार्य है। जेंडर संवेदनशीलता के मुद्दे पर सभी राजनीतिक दलों का रवैया एक जैसा है। राजनीति से जुड़ी महिलाओं को अभद्र भाषा से लेकर अपमानजनक टिप्पणियों का सामना करना पड़ता है। प्रसिद्ध अभिनेत्री हिमाचल प्रदेश की मंडी सीट से भारतीय जनता पार्टी की प्रत्याशी कंगना रनौत के विरुद्ध कांग्रेस प्रवक्ता सुप्रिया श्रीनेत और एचएस अहीर की अशोभनीय टिप्पणी पर राजनीतिक विवाद खड़ा हो गया है। राष्ट्रीय महिला आयोग ने चुनाव आयोग से कार्रवाई की मांग की है। हिमाचल प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री जयराम ठाकुर ने मंगलवार को कहा कि लोकसभा चुनाव लड़ रहीं अभिनेत्री कंगना रनौत और उनके निर्वाचन क्षेत्र मंडी के खिलाफ कांग्रेस नेताओं की कथित अपमानजनक टिप्पणियों की कानूनी समीक्षा की जाएगी। हालांकि, सुप्रिया श्रीनेत के इंस्टा अकाउंट से कंगना रनौत के लिए लिखी गई पोस्ट पर सफाई दे दी है, लेकिन ऐसा व्यवहार असहनीय और महिलाओं की गरिमा के खिलाफ है। पोस्ट में पूछा गया कि मंडी में क्या भाव चल रहा है? विरोध के रास्तों पर हार मानकर एक ऐसी ओछी बात कह देना, जिससे औरत की अस्मिता और उसकी इज्जत पर प्रहार हो, यह राजनीति का गिरता स्तर ही बताता है।

गौरतलब है कि पिछले लोकसभा चुनावों से पहले सपा नेता आजम खान ने भी अभिनेत्री जया प्रदा के लिए अमर्यादित टिप्पणी की थी। राजनीति ही नहीं सार्वजनिक जीवन में जितनी भी महिलाएं हैं, चाहे वो नेता हो, अभिनेत्री हों या खिलाड़ी, उनके चरित्र और व्यवहार का रिमोट लोग अपने हाथ में ही रखना चाहते हैं। एमनेस्टी इंटरनेशनल 2020 की रिपोर्ट बताती है कि 2019 के आम चुनाव के दौरान 95 भारतीय महिला राजनेताओं के ट्वीट का विश्लेषण करने पर पाया गया कि महिला राजनेताओं के बारे में सात में से एक ट्वीट अपमानजनक था। दुर्भाग्यपूर्ण है कि खुद एक महिला होने के बावजूद कांग्रेस प्रवक्ता ने एक अन्य महिला के खिलाफ ऐसी ओछी टिप्पणी की और यह कहकर पीछे हटने की कोशिश कर रही हैं कि किसी ने उनके दूसरे खाते का इस्तेमाल किया है। इसको समाप्त करने के लिए या कम करने के लिए राजनीतिक दलों के पास कोई दूरगामी योजना नहीं है। महिलाओं के विरुद्ध अश्लील और अपमानजनक टिप्पणी करने पर कार्यवाही करने का कोई नियम कायदा तक राजनीतिक दलों में नहीं है। भारतीय राजनीति किस तरह से जेंडर संवेदनशील हो सकती है? इसके लिए भी किसी राजनीतिक दलों के पास कोई आचार संहिता नहीं है। सच्चाई यही है कि राजनीति के लगातार गिरते स्तर ने हमें ऐसे विचारों का आदी बना दिया है।

# सत्ता की आकांक्षाओं और वास्तविकता के बीच टकराव मात्र है सुशासन



रणवीर सिंह फोगाट
इतिहासकार

देखने वाली बात यह है कि मुगल शासक क्या इब्ने सीना जैसे दार्शनिकों के बारे में जानते थे जिसने पॉलिटिकल गवर्नेंस और सुशासन के बारे में बहुत कुछ कहा। देखने की दूसरी बात यह कि क्या गुड गवर्नेंस के नियम और इनके पीछे का दर्शन, शासक और सत्ता वर्ग के साथ हमेशा ही 'कनफ्लिक्ट' में रहता है।

नेता लोग अक्सर 'गुड गवर्नेंस' या सुशासन की बात करते थकते नहीं हैं। प्रांतों और केंद्र सरकार का हर एक शासकीय प्रमुख यह दावा करता है कि उनके राज में ही गुड गवर्नेंस आई है। यह शब्द भाव कहां से आया? क्या भारत में कभी सुशासन रहा है। सुशासन आखिर है क्या? क्या रामराज्य, जिसे हममें से किसी ने नहीं देखा और बस सुना मात्र है, हमारे लिए सुशासन की कल्पना रही है। क्या गरीबी और इनइक्वलिटी, प्रताड़ना और दुःख राम राज्य में नहीं थे? उस वक्त 'स्टेट रिसोर्सेज' थे या नहीं और अगर थे तो इन्हें कौन,कैसे कंट्रोल करता था। क्या इक्वीटेबल डिस्ट्रीब्यूशन ऑफ रिसोर्सेज हुआ करता?

राम का राज्य थोड़े से क्षेत्र में था जिसकी सीमाएं भी हमें मालूम नहीं। ज्ञात जानकारी के अनुसार यह सरयू क्षेत्र के होता था जिसका रकबा आजकल के एक जिले जितना ही रहा होगा। रामराज्य की समृद्धि का आकलन हम उससे नहीं लगा सकते जिस प्रकार से यह भारतीय हिंदी सिनेमा और टीवी सीरियल्स में अभिव्यक्त किया जाता रहा है। मेरे हिसाब से उस समय रेशम के बने हुए वैसे शानदार वस्त्र और आभूषण कभी नहीं थे,जैसा सागर प्रोडक्शन्स इंटरनेशनल द्वारा निर्मित रामायण सीरियल में अक्सर दिखाया गया। उस समय के स्टेट एडमिनिस्ट्रेशन, फाइनेंसेस, पब्लिक फैसिलिटीज और गवर्नेंस के बारे में हमें कुछ नहीं मालूम, ऐसा मेरी अवधारणा है। हो सकता है श्रीराम के राजकाल के बारे में जो भी तत्कालीन साहित्यकारों ने लिखा वह सिर्फ गौरवगाथा है।

आधुनिक वक्तों में गुड गवर्नेंस के कांसेप्ट को ग्लोबल कॉन्टेक्स्ट में पहली बार दूसरे विश्व युद्ध की समाप्ति पर 28 मार्च सन् 1947 को यूनाइटेड नेशन्स इकनोमिक कमीशन फॉर एशिया एंड फार-ईस्ट की स्थापना के पांच महीना बाद जब इसका नाम बदलकर 'इकोनॉमिक एंड सोशल कमीशन फॉर एशिया एंड पेसिफिक' किया गया उस समय डिफाइन किया गया था। इसके उद्देश्यों में कहा गया कि 'सुशासन, अन्य बातों के अलावा, सहभागी, पारदर्शी और जवाबदेह है। यह प्रभावी और न्यायसंगत भी है और यह कानून के शासन को बढ़ावा देता है। सुशासन यह सुनिश्चित करता है कि राजनीतिक, सामाजिक और आर्थिक प्राथमिकताएं समाज में व्यापक सहमति पर आधारित हों और विकास संसाधनों के आवंटन पर निर्णय लेने में सबसे गरीब और सबसे कमजोर लोगों की आवाज सुनी जाए।' तब क्या सोशलिज्म को हम गुड गवर्नेंस कहेंगे? दुनिया के बड़े मुल्कों के पोलिटिकल गवर्नेंस के सिस्टम के अनुसार गुड गवर्नेंस के तौर-तरीके विकसित होते हैं और एक देश की गुड गवर्नेंस दूसरे देश के पॉलिटिकल सिस्टम के अनुसार ढाल ली जाती है। गुड गवर्नेंस के या सुशासन के सार्वभौम माने नहीं भी बदलें तो भी हर एक देश अपने सिस्टम के अनुसार गुड गवर्नेंस को डिफाइन तो करता ही है।

**भारत में गुड गवर्नेंस को लोकतंत्र के जरिये से स्थापित करने का प्रयास हुआ जिसमें आमजन की असरदार और सक्रिय भागीदारी को सिद्धांततः स्वीकार किया गया, लेकिन संवैधानिक व्यवस्थाओं के बावजूद अभी तक गुड गवर्नेंस का असर पूरे तौर से दिखाई नहीं दिया है।**

इस हिसाब से अगर देखें तो रामराज्य के वक्तों में पॉलिटिकल आइडियोलॉजी वही रही होगी जिसे राजा जनक और वशिष्ठ जैसे मुनियों ने तय किया होगा। आखिर राजगुरुओं ने ही उस समय सुशासन को तय किया होगा, लेकिन हमें प्राचीनतम भारत के पॉलिटिकल एडमिनिस्ट्रेशन या स्टेट एडमिनिस्ट्रेशन के बारे में कुछ अधिक नहीं मालूम। कुछ लर्नेड जर्नल्स में छपे पर्चों को और किताबों में प्रकाशित जानकारी को देखा गया कि इसमें गवर्नेंस के 'दर्शन' के बारे में तो बहुत कुछ मालूम हुआ, लेकिन ऐसा कुछ नहीं दिखा जिन नुक्तों के बारे में हल्का सा जिक्र मैंने किया है। हर एक कानून और नियम का पीछे 'दर्शन' की एक दृष्टि काम करती है,लेकिन गवर्नेंस के बारे में सॉलिड प्रूफ और एविडेंस अगर नहीं है तो एडवांस्ड सिविल सोसाइटी इसे कैसे मान सकती है। इसका एविडेंस न हो तब भी हिन्दुओं के 'सेक्रेड टेक्स्ट्स' में इसकी झलक तो मिलती ही है और गुड गवर्नेंस के लिए उत्तरोत्तर प्रगतिशील समाज अपने प्राचीन दर्शन और शास्त्रों के अनुसार वर्तमान कानूनों के इसी अनुसार निर्मित और स्थापित करने के उपरांत इन्हें न्याय पूर्ण व्यवस्था के अनुसार लागू करता है जिसका अवलोकन न्यायालय की जिम्मेवारी होती है और वह भी तत्परता से। ऐसे में क्या हम राजा राव द्वारा रचित 'कन्थपुरा' उपन्यास से कुछ सूत्र ग्रहण कर सकते हैं जिसमें हम रामराज्य की झलक पा सकते हैं? इसके नैरेटिव में राव जी ने रामायण और पुराणों के अलावा मिथकों का प्रयोग किया है। ब्रिटिश राज के परिप्रेक्ष्य में राव जी ने इस उपन्यास के कथावस्तु में भारत के लोगों की संवेदनशीलता और आमजन के 'दर्शन' का ताना-बाना दक्षता से बुना है। इस मामले में उद्धरणों के तौर से हम मशहूर ब्रिटिश निबंध लेखक और चिंतक फ्रांसिस बेकन (1561-1626) को भी इस्तेमाल कर सकते हैं। बेकन का जीवन काल करीब वही है जिस समय भारत में अकबर और जहांगीर का शासन कायम था। इन मुगल सम्राटों की पॉलिटिकल गवर्नेंस की स्थिति पूरी तरह से तुर्क और इस्लामिक नहीं थी, बल्कि इसमें भारतीय दर्शन तत्व भी शामिल थे।

देखने वाली बात यह है कि मुगल शासक क्या इब्ने सीना जैसे दार्शनिकों के बारे में जानते थे जिसने पॉलिटिकल गवर्नेंस और सुशासन के बारे में बहुत कुछ कहा। देखने की दूसरी बात यह कि क्या गुड गवर्नेंस के नियम और इनके पीछे का दर्शन, शासक और सत्ता वर्ग के साथ हमेशा ही 'कनफ्लिक्ट' में रहता है अर्थात् क्या इनके बीच तनाव और टकराव का होना एक कुदरती जरूरत है? अगर हर एक शासक या सत्ताधारी सुशासन का दावा करता रहा है तो भ्रष्टाचार और रिश्वतखोरी और अन्याय से लोग दुखी क्यों रहते हैं,शिकायत बनी क्यों रहती हैं? इसकी वजहों पर बहुत विमर्श इस समय उपलब्ध है। दक्षिण भारत में राजा राव (सन् 1908-2006) बड़े माने हुए लेखक और चिंतक हुए हैं। गांधी जी द्वारा संचालित भारत के स्वतंत्रता आंदोलन के सिद्धांतों और मूल्यों के अनुसार एक दक्षिण भारत के एक गांव कंथपुरा की स्वशासन को पृष्ठभूमि में रखकर राव जी ने इसी नाम से उपन्यास लिखा जिसका गजब का नैरेटिव है। कंथपुरा के नैरेटिव के भीतर हम स्वशासन के जरिए सुशासन की गंध सूंघ सकते हैं,लेकिन कितने सत्ताधारियों को 'कंथपुरा' के बारे में मालूम है। साहित्य और सुशासन के ऐसे अंतरंग संपर्क दूसरी किताबों में अनुपलब्ध हैं। संस्थानों और व्यक्तियों को भ्रष्ट करने की आवश्यकता क्या सत्ताधारियों के इरादों और दर्शन की श्रेष्ठता के बीच के 'कनफ्लिक्ट' का अध्ययन मात्र है या इससे न्यायपरकता पर लांछन लगाए जा सकने की एक एक्सरसाइज माना जाता रहा है जिसके पक्ष में जाहिर है, सत्ताधारी अधिकतम संख्या में रहते हैं?

भारत में गुड गवर्नेंस को लोकतंत्र के जरिए से स्थापित करने का प्रयास हुआ जिसमें आमजन की असरदार और सक्रिय भागीदारी को सिद्धांततः स्वीकार किया गया,लेकिन संवैधानिक व्यवस्थाओं के बावजूद अभी तक गुड गवर्नेंस का असर पूरे तौर से दिखाई नहीं दिया है। चाहे ग्राम्यांचल हैं या नगरांचलों की शासन व्यवस्था। भ्रष्टाचार और अराजकता,कानून के सामने बराबरी हर समय, हर स्थिति में, व्यक्तिगत स्वतंत्रता, इनका हनन होता है ऐसे समाचारों से अखबार भरे रहते हैं। क्या इस सत्ताचारी शासक वर्ग को इस बात के लिए कभी प्रेरित नहीं करता कि गुड गवर्नेंस को आघात पहुंचने की अवस्थाएं मौजूद रहीं हैं और वे दूर हो ही नहीं पा रही हैं? 'हैंडबुक ऑफ गुड गवर्नेंस', 'इंटेलीजेंट गवर्नेंस इन द ट्वेंटीफर्स्ट सेंचुरी', 'गुड गवर्नेंस एंड डेवलपमेंट' और 'गुड गवर्नेंस, डेमोक्रेटिक सोसाइटीज एंड ग्लोबलायिजेशन' जैसी किताबें कुछ सोचने को तो मजबूर करती हैं,लेकिन विशाल और विविधताओं से भरपूर देश भारत में गुड गवर्नेंस के इम्प्लीमेंटेशन और संचालन एक चुनौती रहा है। देश के बड़े सत्ताधीशों की अच्छी सोच के बावजूद व्यावहारिक और सामान्य गुड गवर्नेंस लोकल स्तर पर भी हो जाए तो बहुत है। जाहिर है यह सत्ताधीशों से 'कनफ्लिक्ट' की नहीं,बल्कि उनसे त्याग की पहले मांग करता है,जो इनके लिए पॉलिटिकल गवर्नेंस की वर्तमान स्थिति के चलते हुए 'संभव' से परे की बात नजर आती है।

## प्रसंगवश

# महादेवी वर्मा और स्त्री विमर्श

महादेवी वर्मा की जयंती पर हिंदी भाषी लोग उतने मुखर नहीं होते जितने अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर। स्त्रियां भी महादेवी के स्त्री चिंतन और सामाजिक सक्रियता के उदाहरणों पर मौन रह जाती हैं। महादेवी के साहित्य का एक स्त्री के छायावादी साहित्य के रूप में अध्ययन स्त्री और छायावाद दोनों को नए अर्थ से भर देता है। उन्होंने 'श्रृंखला की कड़ियां' लिखी थीं,फिर भी एक स्त्री विमर्शकार के रूप में उनके अवदान को स्त्रियां भी याद नहीं करतीं।



शंभुनाथ
सेवानिवृत्त प्रोफेसर, कोलकाता

निराला के 'झूम- झूम मृदु गरज-गरज घनघोर' के बादल और महादेवी की 'मैं नीर भरी दुख की बदली' के फर्क को देखा जा सकता है। आखिर स्त्रियां ही इतना क्यों रोती हैं,पढ़ी-लिखी स्त्रियां भी? पुरुष को क्यों ऐसा रोना नहीं आता? यह हार्मोन का मामला नहीं है,यह नियति नहीं है,बल्कि हजारों साल के आतंककारी पितृसत्तात्मक मानसिक दबाव का मामला है। हमारे समाज में धर्मांधता बढ़ी है तो पितृसत्ता भी मजबूत हुई है,भले कुछ महिलाओं को मंत्री बनाकर उदारवाद का मिथ्या प्रदर्शन किया जाए। महादेवी का अश्रु महज रोने-गाने का मामला नहीं है,वह एक नए संसार के लिए तड़प है, 'करें दृग आंसू का व्यापार, चाहिए एक नया संसार'। वर्तमान संसार असह्य है,इसलिए एक नया संसार चाहिए। वह बड़े सपनों,संघर्षों और बलिदान का जमाना था,जहां सपने हों पहरेदार,चाहिए एक नया संसार। वह सारा कुछ आजादी के लिए था,सिर्फ अंग्रेजी दासता से नहीं। हर दासता से मुक्ति के लिए,धार्मिक गुलामी से भी मुक्ति के लिए। आज इतने विस्तार से कल्पना करने की शक्ति समाज खोता जा रहा है। वह 'मैं-मैं' और 'मेरा अनुभववाद- तेरा अनुभववाद' में फंसा है। महादेवी मंदिर की आरती बेला के शंख और घड़ियाल के शोर के बीच कहती हैं,'यह मंदिर का दीप,इसे नीरव जलने दो।' जब धर्म एक शोर होता है,वहां ईश्वर छोड़कर बाकी सबकुछ होता है।

आज बाजार उछल-उछल कर स्त्री की परिभाषा तय कर रहा है। धार्मिक अंधविश्वासों की तरह बाजारवाद हावी है। महादेवी का स्त्री विमर्श धार्मिक अंधविश्वास और बाजारवाद का विरोध करता है। आजकल का स्त्री विमर्श कितना करता है?

# कारपोरेट कंपनी बने दल,हाईजैक जनतंत्र

लोकतंत्र का वर्तमान स्वरूप कारपोरेट के अनुसार हो चुका है। अब दलों में जनभावना के अनुसार निर्णय नहीं होते हैं,बल्कि उच्च स्तर के आदेशों का पालन नीचे कराया जाता है। अब गांधी, लोहिया कोई नहीं बनना चाहता,बल्कि प्रत्येक व्यक्ति तंत्र से जुड़ना चाहता है, क्योंकि तंत्र के माध्यम से वह सब कमाया जा सकता है,जो अपने पुरुषार्थ एवं मेहनत से प्राप्त नहीं हो सकता है।

तंत्र से सवाल पूछने वाले लोग भी तंत्र से जुड़ गए हैं और वह वहां स्थापित होकर गौरवान्वित अनुभव कर रहे हैं। वह लोक की पीड़ा समझते हैं,किंतु स्वहितों के कारण तंत्र के आगे नतमस्तक हैं। संपूर्ण राजनीतिक तंत्र पिशाची प्रवृत्ति का हो गया है। चुनावों में राजनीतिक तंत्र के द्वारा लोक का मखौल बनाया जाने लगा है। लगभग सभी दलों में प्रत्याशी का चयन जनभावना के अनुरूप न होकर हाईकमान की सर परस्ती से होने लगा है,ऐसे में लोक का नेतृत्व करने वाले नेता अब नेपथ्य में चले गए हैं और हाईकमान की अनुकंपा वाले प्रसाद पाकर स्थापित होते जा रहे हैं। लोक का दुर्भाग्य है कि आज वह सिर्फ एक भीड़ बनकर रह गया है। इस भीड़ का एक भाग पक्ष में दिखता है और दूसरा विपक्ष में।



अमित त्यागी
वरिष्ठ स्तंभकार

**लोक का दुर्भाग्य है कि आज वह सिर्फ एक भीड़ बनकर रह गया है। इस भीड़ का एक भाग पक्ष में दिखता है और दूसरा विपक्ष में।**

लोकतंत्र पहले लीग मैचों की तरह था जिसमें चार-पांच दल आपस में प्रतिद्वंद्विता रखते हुए विजय प्राप्त करते थे। एक उत्सव की तरह चुनाव होते थे और दो तीन महीने जनता इसका रसपान करती थी। अब सीधे दो पक्षों के बीच फाइनल होने लगा है। इस नई व्यवस्था का कारण स्पष्ट है कि भारत को अमेरिकी तर्ज पर ढाला जा चुका है। अमेरिका के राष्ट्रपति चुनाव को प्रेरणास्रोत की तरह देखने वाली राजनीतिक व्यवस्था ने पिछले दो दशक में भारतीय लोकतांत्रिक व्यवस्था का उत्पीड़न करते हुए सुनियोजित तरीके से दो दलीय व्यवस्था स्थापित कर दी है। धन का मानक अन्य सभी सामाजिक मानकों पर अब सर्वोच्च है।

एलेक्टोरल बांड भी इसी व्यवस्था से उपजा एक प्रारूप है। अब चुनावी चंदे का कारपोरेट नाम एलेक्टोरल बांड है। राजनीतिक दल अपने लूटतंत्र को छुपाते हुए जनता के बीच अपनी साख बचाने के लिए किसी भी स्तर पर अपने कार्यकर्ता को पुर्जे की तरह बदल देते हैं। लोकतंत्र में तंत्र लोक के लिए बनाया जाता है। हर चुनाव के बाद एक तंत्र बनता है। वह तंत्र उसी का शोषण करता है,जो उसका निर्माण करता है। तंत्र को बनाने वाला लोक हर बार ठगा जाता है। जैसा लोक चाहता है वैसा तंत्र को कार्य करना चाहिए। क्या ऐसा हो रहा है? शायद नहीं।

तंत्र को नियंत्रित करने के साधन भी सीमित होते चले जा रहे हैं। तंत्र लगातार लोक की राह में रोड़ा बन रहा है,जो व्यवस्था अंग्रेजों ने अपने राज करने के लिए बनाई थी वह आज भी बरकरार है। तंत्र से जुड़े लोग कभी नहीं चाहते हैं कि इस तंत्र को बदलने की कोई आवाज लोक से उठे। लोक से उठी हर आवाज को यह तंत्र या तो दबा देगा या किसी भी माध्यम से दबवा देगा। यह तंत्र मालिक बनकर लोक को मजदूर बना रहा है। आज खेत लोक के हैं,किंतु उसकी कीमत तंत्र तय करता है। जमीन पर कार्य कार्यकर्ता करते हैं,पर चुनावी टिकट आलाकमान तय करता है।

तंत्र से जुड़े लोगों द्वारा आपसी मिली भगत से आज देश में,जो लूट मची है,ऐसी लूटपाट करने वाले अंग्रेजों से तो हमने 1947 में मुक्ति पा ली थी,पर पिछले दो दशक में अमेरिकी तर्ज पर ढल चुके इस तंत्र में बैठे काले अंग्रेजों और अपने खुद के जयचंदों का हम क्या करें? अब इस राजनीतिक तंत्र में जो व्यक्ति तंत्र का हिस्सा बनता है वह रातों-रात करोड़पति बन जाता है। इसके बाद धन से राजनीतिक पद पा जाता है,जो लोक से जुड़ा रहता है,उसके हिस्से में सिर्फ संघर्ष आता है। उसका कार्य होता है कि आलाकमान के कुकृत्यों को जनता के बीच सुकृत्य बनाकर प्रस्तुत करे।

देश में इस समय एक वैचारिक आंदोलन की आवश्यकता है। अन्ना हजारे के नेतृत्व में भ्रष्टाचार के विरुद्ध एक बड़ा आंदोलन एक दशक पहले हुआ। उस व्यवस्था से निकले अरविंद केजरीवाल ने लोगों के अंदर आंदोलन के प्रति विश्वास भी समाप्त कर दिया। सामान्य जनमानस अब इंस्टाग्राम एवं अन्य सोशल मीडिया पर आनंदित हो रहा है। सब कुछ समझते हुए भी उसके पास विकल्पहीनता है। यह विकल्पहीनता भी उसी राजनीतिक तंत्र का एक प्रारूप है।

## सोशल फोरम

# राजनेताओं की भाषा

राजनीति इतनी विकृत हो गई है कि जो बुद्धिजीवी उसके संपर्क में आते हैं उनके भीतर वही वायरस प्रवेश कर जाता है। राजनीति उस कचरे की तरह हो गई है जिससे बदबू निकलने लगी है जिनको पसंद है वे इत्मीनान से गींजते रहे,मैं भले अकेले रहूं,लेकिन मैं ऐसा नहीं कर सकता।

राजनेताओं और प्रवक्ताओं की गंदी जुबान और घटिया भाषा कोई आश्चर्य की बात नहीं,लेकिन यह देखकर मैं हैरान हूं कि 65-70 की उम्र तक पहुंच चुके लेखक,संपादक और पत्रकार भी अब ऐसी ही भाषा बोलने लगे हैं। हैरान-परेशान जब मैं शांत होकर ऐसे लोगों की पूंछ टटोलता हूं तो कुछ-कुछ समझ में आने लगता है। उछलकूद और दुर्मुख होने के पीछे इनकी जाति और जातिगत नेताओं की चाटुकारिता की बैट्री है। अगर वह इस या उस जाति के नहीं होते तो वे दो कौड़ी के कलमघिस्सू भी मुश्किल से बन पाते। ऐसे लोग हाथ में अलकतरा लिए हर पल फेसबुक पर भी मौजूद रहते हैं और तलाशते रहते हैं ऐसे लोगों को जो अल्पसंख्यक कमजोर जाति से हो और जिनका उनकी तरह का कोई राजनीतिक जुड़ाव न हो। अगर ऐसे लोग उनसे या उनकी जाति के किसी नेता से मात्र असहमत होता हुआ दिखा तो तुरंत उसके मुंह पर अलकतरा पोत देते हैं। ऐसे लोगों को मैंने देखा है कि जहां उनको लगता है कि यहां टार्गेट किया तो अलकतरा के बदले एसिड भी आ सकता है। फिर तो वे रास्ता ही बदल लेते हैं या मिमियाने लगते हैं। लोकतंत्र के खतरे को लेकर रेंकने में ये अगली कतार में रहते हैं।

**मेरा दावा है बहुत सारे रचनाकार और पत्रकार सिर्फ अपनी जाति की बदौलत ही वैशाख में हरी-हरी घास चर रहे हैं और जब तक जीवित हैं वे चरते हुए ही मिलेंगे।**



कर्मेंदु शिशिर
वरिष्ठ लेखक

मेरा दावा है बहुत सारे रचनाकार और पत्रकार सिर्फ अपनी जाति की बदौलत ही वैशाख में हरी-हरी घास चर रहे हैं और जब तक जीवित हैं वे चरते हुए ही मिलेंगे। आप उनका कुछ नहीं कर सकते। ऐसे परजीवी बुद्धिजीवी बहुत हो गए हैं। तमाम प्रतिकूलताओं के विरुद्ध साहस से प्रतिरोधी आवाज देने के लिए माद्दा चाहिए। ऐसा जिसके पीछे न जाति की ताकत हो और न सत्ता की।

–फेसबुक वॉल से

# आईए हम भी सोच बदलें अपनी

टुन्न आदमी से बतिया कर देखिए। वो बेचारा पूरी कोशिश में होता है कि उसे शराबी न मान ले आप। वो आपसे तौल-तौल कर बाते करेगा जितना तमीजदार हो सकता है,उससे दस गुना होने की पूरी कोशिश करेगा। चलेगा तो एक-एक कदम संभालकर रखेगा। पीने वाले से ज्यादा सभ्य,सतर्क और तार्किक होना मुश्किल है। शराब का जिक्र काफी होता है। आपको पीने वाले की आंखों की तेज चमक चौंधिया देगी। वो इतना खुश हो जाएगा कि उसकी खुशी संभालना आपको भारी पड़ सकती है। वो शराब के सामने किसी को गिने ऐसा होता नहीं। यदि आप भी पीने वालों में से हो,पिलाने की हैसियत रखते हों तो वह फौरन से पेश्तर आपका यार हो जाएगा। गले से लगा लेगा आपको और आपके लिए कुछ भी करने के लिए तैयार हो जाएगा।

ये फक्कड़,वीतरागी और खोए-खोए लोग हैं। बाकी किस्मों के इश्क की ही तरह ही शराब से इश्क उन्हें उदार और भलामानस बना देता है। ऐसे दसियों लोग आपको अपने आसपास,परिचितों में ही मिल जाएंगे,जो दो पैग लगाने के बाद जो भी करते हैं वो बेमिसाल होता है। छतरपुर पोस्टिंग के वक्त मेरा बच्चों के डॉक्टर से परिचय हुआ था। डॉक्टर साहब जब लगा चुके होते थे तब वो अपनी काबिलियत के चरम पर होते थे। छोटे-छोटे बच्चों लिए मां-बाप की भीड़ यही चाहती थी कि डॉक्टर साहब उनका बच्चा देखने के पहले एकाध पैग लगा चुके हो तो बेहतर है। मैं अपने निजी अनुभव से यह मानता हूं कि पीने वाले ज्यादा खुशमिजाज,व्यवहार कुशल,मिलनसार,भरोसेमंद और यारबाज होते हैं और यही गुण उसे जिंदगी की रेस जीतने में मदद करते हैं। आप न पीने वाले को देख लें। भाई इसी बात के नशे में रहेगा कि मैं नहीं पीता। नीरस जिंदगी जीता है वो। रात को आठ बजे तक अकेले-अकेले मुंह बनाते हुए अपना दाल-दलिया खा लेता है। चैनल पर न्यूज देखता है और दस बजते-बजते खर्राटों के हवाले हो जाता है। अब ऐसी जिंदगी किस काम की। इससे तो दो पैग लगाकर यारों की मंडली जुटाने वाले भले।



मुकेश नेमा
वरिष्ठ लेखक

**हमारे यहां की रवायत है कि किसी की भी थोड़ी बहुत पूछ परख करना हो तो उसके मरने का इंतजार किया जाता है। शराबी आदमी को यह दुनिया मरने के बाद भी इज्जत के लिए तरसा देती है।**

शराबी भगवान से डरता है और भगवान से ज्यादा बीबी-बच्चों से डरता है। बिना किसी के कहे ही माने बैठा होता है कि उसने गलती की है,ऐसे में देर रात तोहफों से लदा-फदा घर लौटता है। बंदा यारों के साथ मन हल्का करके लौटा होता है। इसलिए घर में सुख-शांति बरकत बनी रहती है। आप ठंडे दिमाग से गौर करें तो मेरी इस बात से राजी होंगे कि पीने वालों की तुलना में न पीने वाले ज्यादा तुनकमिजाज, झगड़ालू और बददिमाग होते हैं। दुनिया में जितनी भी गड़बड़ियां हुई हैं,उनमें से अधिकतर के पीछे न पीने वाले बंदों का ही हाथ है। अब हिटलर को ही ले लें। बंदे ने शराब को हाथ नहीं लगाया,पर कभी पर आदमियों का खून पीने में कोई कसर बाकी नहीं रखी। जबकि पीने वाले ऐसे लीडरों की लंबी-कतार मिलेगी आपको जो सच्चे अर्थों में जनता से प्रेम करते थे।

हमारे यहां की रवायत है कि किसी की भी थोड़ी बहुत पूछ परख करना हो तो उसके मरने का इंतजार किया जाता है। शराबी आदमी को यह दुनिया मरने के बाद भी इज्जत के लिए तरसा देती है। पर भगवान के घर देर है अंधेर नहीं। वो हाथों-हाथ लेता है पीने वालों को। आप ने जन्नत में शराब की नदियां बहने की बात सुनी ही होगी। इन नदियों की वजह से ही उसे जन्नत कहा गया है और ये नदियां ही उसे दोजख से अलग करती हैं। ये नदियां वहां इसलिए हैं,क्योंकि ऊपर वाला भी शराब से इश्क करने वालों का ख्याल रखता है। उन्हें बतौर वीआईपी ट्रीट करता है। यदि ऐसा न होता तो जन्नत में शराब की नदियां बहाने का कोई तुक नहीं था। आइए हम भी सोच बदलें अपनी। शराब से इश्क करने वालों से तमीज से पेश आएं। इज्जत करें उनकी। इसलिए करें, क्योंकि ऊपर वाला भी यही करता है।

# आम बने खास

दिल्ली प्रदेश के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल प्रारंभ से ही नाटक करने में बेजोड़ रहे हैं। अन्ना के भ्रष्टाचार विरोधी आंदोलन से राजनेता और फिर मुख्यमंत्री बनने के पश्चात वर्ती घटनाएं इसकी गवाह हैं। इन्होंने अपनी पार्टी का नाम 'आम आदमी'पार्टी' रखा। हालांकि केजरीवाल सहित इसके नेताओं के तौर-तरीके कभी आम आदमी जैसे नहीं रहे। उन्होंने सब कुछ वैसा ही किया जैसा अन्य पार्टियां करती हैं। हां! मुफ्तखोरी को बढ़ावा देने तथा नाटक,पाखंड करने में औरों से कुछ आगे हैं।



रघोत्तम शुक्ला
सेवानिवृत्त पीसीएस

इनकी शुरुआती घोषणा थी कि वे जनता की सवारी से चलेंगे और सड़क पर बैठकर जन सुनवाई करेंगे,किंतु एक दिन सब मंत्री आटो-टेम्पों से चले, फोटो मीडिया में आईं और अगले ही दिन से सब चमचमाती कारों से चलने लगे। ऐसे ही सड़क से जन सुनवाई एक दिन भी पूरी नहीं कर सके थे। बीच में ही छत पर चढ़ गए थे। जिस कांग्रेस को भ्रष्ट बताया और उनकी मुख्यमंत्री शीला दीक्षित को जेल भेजने की घोषणा करता रहे। शुरू में उन्हीं से गठबंधन करके सरकार चलाई। केजरीवाल की सत्ता और शक्ति की भूख बहुत प्रबल रही है और वे इस अधूरे प्रांत के मुख्यमंत्री/सरकार की शक्तियां बढ़ाने के लिए कई बार सुप्रीमकोर्ट गए। वे मुख्यमंत्री होकर सड़क पर धरने प्रदर्शन करते रहे और छोटी-छोटी बातों के लिए आए दिन सुप्रीमकोर्ट गए,जिस पर उन्हें अदालत ने फटकारा भी।

एक समय था,जब वे आए दिन प्रेस वार्ता करके किसी न किसी नामचीन नेता को भ्रष्ट घोषित करते थे। हालांकि इन आरोपितों में कुछ ने इन पर कोर्ट में आपराधिक मानहानि का मुकदमा भी किया जिसमें इन्होंने माफी मांगी। अब वे प्रवर्तन निदेशालय द्वारा दिल्ली शराब घोटाले में जेल भेजे गए हैं और पाखंड चालू है। इसके पहले,अब तक के इतिहास में जिन मुख्यमंत्रियों पर जेल जाने की तलवार लटकी,उन्होंने पहले ही इस्तीफा दे दिया। ये नायाब और पहले मुख्यमंत्री हैं,जो जेल जाने के बाद भी पद पर डटे हैं और सरकार चलाते रहने का दावा कर रहे हैं। इन्होंने दिल्ली की मंत्री आतिशी को एक आदेश भेजा है जिसमें कहा गया है कि "दिल्ली वासियों को पानी की दिक्कत न होने पाए"। आदेश कंप्यूटर पर टाइप है।

संप्रति ये अदालत से जांच एजेंसी द्वारा पूछताछ के लिए रिमांड पर लिए गए हैं और ईडी की हिरासत में हैं। जांच एजेंसी ने उन्हें न तो कंप्यूटर दिया है,न कागज। अदालत ने भी उन्हें ऐसी कोई अनुमति नहीं दी है,किंतु पाखंड चालू है कि इन्हें दिल्लीवासियों की बड़ी चिंता है। समझा जाता है कि इनकी पत्नी सुनीता इनसे मिलने गईं थीं। वे टाइप शुदा कागज,कलम ले गईं और इनके हस्ताक्षर करवा कर बाहर कागज़ ले गईं। अब यह विषय भी फरेब और जालसाजी का बनता है।

दरअसल जेल की अपनी नियमावली है। न्यायिक हिरासत में बिना अदालत की अनुमति से ये सरकार कैसे चला सकते हैं? पूछताछ के लिए रिमांड पर होने पर इन्हें विवेचना एजेंसी के अनुशासन के अधीन रहना होगा। कानून से ऊपर कोई नहीं है। मालूम हो कि इन्होंने अठारह विभाग तक उप मुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया को आवंटित किए थे और अपने पास कोई विभाग नहीं रखा। ये जिम्मेदारी से बचते रहे,लेकिन अब काम की चिंता है। ये देश के अकेले मुख्यमंत्री हैं,जो अपने पास कोई काम नहीं रखते थे। छद्म लाजवाब है!

# तीन जगहों पर छापेमारी में 30 लाख के नकली नोट बरामद

## भारी मात्रा में नगदी और लाखों की चरस भी पकड़ी गई

संवाददाता, मसौधा/अयोध्या



अयोध्या पुलिस की हिरासत में आरोपी।

- कई राज्यों में फैला है अवैध धंधे का कारोबार, अंतर्जनपदीय गिरोह के तीन साथी गिरफ्तार

**अमृत विचार :** पूरा कलंदर पुलिस ने सोमवार शाम थाना क्षेत्र के मलिकपुर, भरतकुंड सहित तीन अलग-अलग स्थानों से नकली नोट छापने का गोरखधंधा करने वाले गिरोह के तीन सदस्यों को गिरफ्तार कर करीब तीस लाख के नकली नोट व लाखों की अवैध चरस बरामद की है।

इनके पास से कई मोबाइल फोन कुछ उपकरण व 100 और 50 रुपए की 120 नकली नोटों की गड्डियां भी बरामद की गई हैं, जिन्हें करीब तीस लाख रुपये बताया जा रहा है। पुलिस की मानें तो गिरफ्तार किए गए अंतर्जनपदीय गिरोह के इन सदस्यों के विरुद्ध थाना पूरा कलंदर समेत अन्य थानों में भी चूरन के नकली नोटों को असली नोट का झांसा देकर कई लोगों से लाखों की ठगी कर चुके हैं। थानाध्यक्ष रतन कुमार शर्मा का कहना है कि नकली नोटों का गोरखधंधा प्रदेश स्तर पर फैला हुआ है। यह शातिर लोगों को नकली नोट की गड्डियों के ऊपर असली नोट लगाते हैं और फिर नोट छाप कर देने तथा साथ में बाजार में जाकर नोट चलवाने की गारंटी देकर भोले भाले लोगों को झांसा देकर लाखों की ठगी करते हैं। पुलिस इन ठगों की तलाश पहले से कर रही थी। मुखबिर की सूचना के आधार पर सोमवार शाम क्षेत्रीय उप निरीक्षक अमित कुमार हमराही सिपाहियों के साथ निकले और मलिकपुर गांव के निकट से विजय कुमार 33 वर्ष पुत्र हरेंद्र कुमार राय निवासी बिहार मुजरूक थाना पट्टेहरवा जिला कुशीनगर नामक ठग को गिरफ्तार किया। उसकी निशा देही पर भरतकुंड के पास से राजेश गौड़ 30 वर्ष पुत्र रामसुंदर गौड़ निवासी रूम नं 26 नेपाली चाल बगार फाटा थाना बसई जिला पुणे महाराष्ट्र को हिरासत में ले लिया। फिर प्रदीप गुप्ता 25 वर्ष पुत्र बैजनाथ साहू निवासी बघौल थाना चांद जिला कैमूर भभुआ बिहार को गिरफ्तार किया गया।

### 3 किलो 400 ग्राम अवैध चरस भी बरामद की गई

इन तीनों ठगों के पास से 3 किलो 400 ग्राम अवैध चरस बरामद की गई है, जिसकी कीमत लगभग 15 लाख रुपए बताई जा रही है। इनके पास से कई मोबाइल फोन सहित सैकड़ों रुपये नकद भी बरामद हुए हैं। इनके विरुद्ध पूरा कलंदर सहित कई थानों में धारा 420 सहित ठगी के कई मुकदमे दर्ज हैं। गिरफ्तार ठगों के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज चालान कर दिया गया। थानाध्यक्ष ने बताया कि सघन जांच की जा रही है।

# आश्रम पद्धति विद्यालय में दाखिले को 28 को होगी परीक्षा

**लखनऊ, अमृत विचार :** आश्रम पद्धति विद्यालय में छात्र-छात्राओं के दाखिले के लिए 28 मार्च को परीक्षा होगी। विभिन्न कक्षाओं में प्रवेश के लिए होने वाली परीक्षा को लेकर समाज कल्याण विभाग तैयारियों में जुटा हुआ है।

- 94 आश्रम पद्धति विद्यालयों में लगभग 32 हजार छात्र-छात्राएं हैं अध्यनरत

बता दें कि समाज कल्याण विभाग की ओर से प्रदेश में 94 आश्रम पद्धति विद्यालय संचालित किए जा रहे हैं और इसमें लगभग 32 हजार छात्र-छात्राएं अध्यनरत हैं। समाज कल्याण निदेशक कुमार प्रशांत ने बताया कि 70 बच्चे सभी 94 आश्रम पद्धति विद्यालय में दाखिले के लिए परीक्षा देंगे। इसके अलावा कक्षा छह, सात, आठ, नौ और ग्यारहवीं में रिक्त सीटों के लिए दाखिला परीक्षा होगी। उन्होंने बताया कि जौनपुर में दो और अयोध्या में एक नए आश्रम पद्धति विद्यालय में भी कक्षा छह, सात और आठ में दाखिले के लिए परीक्षा होगी। बताया कि अप्रैल से जौनपुर और अयोध्या के नए विद्यालय का भी संचालन किया जाएगा।

# राहुल और वरुण मिलें तो खत्म होगी वैचारिक मतभेद की लड़ाई

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार :** चुनावों में प्रत्याशियों के चयन के दौरान राजनीतिक, सामाजिक और जातीय के साथ धन व बाहुबल के समीकरण अक्सर बनते-बिगड़ते देखा गया है, लेकिन इस बार पीलीभीत के भाजपा सांसद वरुण गांधी को टिकट न मिलने से दो भाइयों का वैचारिक मतभेद खत्म हो सकता है। बेटों की एकता से संजय गांधी की मौत के बाद शुरू हुई सोनिया और मेनका में दूरी भी घट सकती है।

पूरा देश जानता है कि गांधी परिवार एक है, राहुल और वरुण चचेरे भाई हैं और दादी पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी की गोद में खेले और बड़े हुए हैं। लेकिन काफी दिनों से कभी एक साथ नहीं दिखते। मिलते भी है तो पारिवारिक रूप से बंद कमरे में, कभी सार्वजनिक रूप से तस्वीरें नहीं आईं। अब वरुण गांधी के अपनी पारिवारिक पार्टी में शामिल होने की बात हो रही है तो जाहिर है राहुल गांधी उनसे (वरुण) आरएसएस के विचारधारा के खिलाफ हमले तेज करने को कह सकते हैं। ऐसा हुआ तो मेनका गांधी को भी आगे आना पड़ सकता है। ऐसे में बेटे के बाद मां पर भी भाजपा से किनारा करने की चुनौती होगी।

### अधीर रंजन के ऑफर से गरमाई राजनीति

कांग्रेस सांसद अधीर रंजन चौधरी ने वरुण गांधी को कांग्रेस में शामिल होने का ऑफर दिया है। कहा कि वरुण गांधी को कांग्रेस में शामिल होने का न्योता दिया है। चौधरी ने कहा कि वरुण को कांग्रेस में शामिल होना चाहिए। वह एक काबिल और कद्दावर नेता हैं।

राहुल पहले ही कह चुके हैं कि लड़ाई विचारधाराओं की है। एक घटना का जिक्र करते हुए राहुल बता चुके हैं कि वरुण ने मुझसे कहा कि आएसएस देश में बहुत अच्छा काम कर रहा है।

राहुल कहते हैं कि हमारे बीच कोई नफरत जैसी बात नहीं है। वरुण गांधी ने उस विचारधारा को अपनाया और अपना बनाया तो मैं स्वीकार नहीं कर सकता। राहुल गांधी ने कहा कि इतना जरूर है कि मैं प्यार से मिल सकता हूं, गले लग सकता हूं मगर उस विचारधारा को स्वीकार नहीं कर सकता। जब से राहुल ने ये बातें कहीं हैं सोशल मीडिया पर राहुल गांधी और वरुण गांधी की चर्चा होने लगी है। वरुण गांधी कुछ दिनों पहले कह चुके हैं कि उन्हें न तो कांग्रेस से दिक्कत है, न पंडित नेहरू से। ऐसे में उनके भाजपा से रिश्ता तोड़कर कांग्रेस में जाने की चर्चा बढ़ गई है।

## सार-संक्षेप

### आचार संहिता के उल्लंघन पर सी-विजिल एप पर मतदाता करें शिकायतः नवदीप रिणवा





**लखनऊ, अमृत विचार :** लोकसभा चुनाव के दौरान आचार संहिता के उल्लंघन पर मतदाता सी–विजिल एप के जरिए शिकायत करें। मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवदीप रिणवा ने मतदाताओं से यह अपील की। उन्होंने कहा कि आचार संहिता के उल्लंघन पर सख्त कार्रवाई की जाएगी। मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि सी–विजिल एप के जरिए आम नागरिक आदर्श चुनाव आचार संहिता के उल्लघंन की शिकायत कर सकता है। मोबाइल से प्ले स्टोर या ऐप स्टोर से सी–विजिल एप डाउनलोड कर आदर्श चुनाव आचार संहिता के उल्लघंन की शिकायत, लाइव फोटो या लाइव वीडियो अपलोड कर शिकायत की जा सकती है। आम तौर पर सी–विजिल एप में धनराशि वितरण, गिफ्ट– कूपन वितरण, शराब वितरण आदि शिकायतों के अतिरिक्त बिना अनुमति पोस्टर, बैनर लगाना, बिना अनुमति बैठक करना, बिना अनुमति के प्रचार में गाड़ी लगाना, धार्मिक व उन्मादी भाषणबाजी करने सम्बन्धी शिकायतें दर्ज होंगी।

### उमेश पाल के घर के पीछे गौशाले में चला बम

**प्रयागराज, अमृत विचार :** स्वर्गीय अधिवक्ता उमेश पाल के गौशाले में मंगलवार की देर शाम बम चलने की सूचना से हड़कंप मच गया। दिवंगत उमेश पाल की पत्नी जया पाल ने घटना की जानकारी धूमनगंज पुलिस जब सूचना दी। जिसके बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने जांच पड़ताल शुरू कर दी। शिकायत के बाद पुलिस ने पड़ोस के ही तीन लोगों को हिरासत में लेकर पूछताछ शुरू कर दिया है। जानकारी के मुताबिक धूमनगंज थाना क्षेत्र के जयंतीपुर मोहल्ले में रहने वाली जयापाल पत्नी स्वर्गीय उमेश पाल के घर पर मंगलवार की देर शाम मकान के पीछे बने गौशाले में अचानक धमाके की आवाज आने के बाद हड़कंप मच गया। घर के अंदर रहे लोग बाहर निकाल कर आए तो गौशाले से धुआं निकलता देख घबरा गये। घटना की सूचना जया पाल ने पुलिस को दी तो मौके पर पहुंची पुलिस और एसीपी धूमनगंज ने पहुंच कर जांच पड़ताल शुरू की। पुलिस के मुताबिक वहां पर एकत्र कूड़े के ढेर में किसी ने ज्वलनशील पदार्थ डाल दिया था। जिससे धुंआ उठ रहा था। मामले में पुलिस ने संजय पटेल समेत तीन अन्य को पुलिस ने हिरासत में लिया है। तीनों से पूछताछ की जा रही है।

### असामाजिक कृत्य करने वालों की तैनाती उचित नहीं

**विधि संवाददाता, प्रयागराज :** इलाहाबाद हाईकोर्ट ने सीआईएसएफ के एक सदस्य के खिलाफ अनुशासनात्मक कार्यवाही को रद करने की मांग को लेकर दाखिल याचिका पर विचार करते हुए कहा कि वर्तमान मामले में परिस्थितिजन्य साक्ष्य के आधार पर वस्तुनिष्ठ सामग्री उपलब्ध है, जो तस्करी गतिविधियों में सम्मिलित याची की गिरफ्तारी को उचित ठहराती है। याची के आतंक और भय के कारण उसके खिलाफ यूनिट का कोई अन्य सदस्य गवाही देने के लिए तैयार नहीं है। इसका यह अर्थ नहीं है कि याची निर्दोष है। याची का अपराध स्वयंसिद्ध है। अत : न्यायमूर्ति जे जे मुनीर की एकल पीठ ने हसनदीन की याचिका को खारिज कर दिया। याची ने वर्ष 1999 में सीआईएसएफ में कांस्टेबल के रूप में नियुक्ति प्राप्त की थी। वह चौथी बटालियन सरकारी, अफीम फैक्ट्री, गाज़ीपुर में कांस्टेबल जीडी यूनिट के रूप में तैनात था। गाजीपुर में उसकी पोस्टिंग के दौरान पुलिस स्टेशन जैतपुरा, वाराणसी द्वारा अन्य दस आरोपियों के साथ याची के खिलाफ एक प्राथमिकी दर्ज कराई गई थी, जिसमें आरोप लगाया गया कि याची अवैध रूप से अफीम का व्यापार करता है। कोर्ट ने मुख्य रूप से कहा कि ऐसे असामाजिक कार्य करने वाले को एक सदस्य के रूप में यूनिट में रखना न केवल यूनिट के लिए घातक है बल्कि उन प्रतिष्ठानों को भी अत्यधिक खतरे में डालता है जहां वह तैनात है। सीआईएसएफ एक केंद्रीय सशस्त्र पुलिस बल है इन्हें हवाई अड्डों बंदरगाहों,परमाणु ऊर्जा विभाग के इकाइयों, अंतरिक्ष विभागों, मेट्रो रेल, बिजली जैसे संवेदनशील स्थानों और स्टेशनों पर तैनात किया जाता है।

# मुख्तार अंसारी बीमार, इलाज कराकर वापस भेजा बांदा जेल

कार्यालय संवाददाता,बांदा

- सोमवार आधी रात के बाद भर्ती कराया, कराई गईं एक दर्जन जांचें



**अमृत विचार :** बांदा जेल में बंद गैंगस्टर मुख्तार अंसारी को सोमवार आधी रात तबियत बिगड़ने पर जेल अस्पताल में प्राथमिक उपचार के बाद रानी दुर्गावती मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया गया। अंसारी को आईसीयू में रखकर एक दर्जन जांचें कराई गईं। मंगलवार देर शाम उसे जेल में भेज दिया गया।

मुख्तार अंसारी की सोमवार रात अचानक हालत बिगड़ी तो जिला जेल अस्पताल में प्राथमिक उपचार के बाद हालत में सुधार न होने पर तत्काल कड़ी सुरक्षा के बीच नरैनी रोड स्थित रानी दुर्गावती मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया गया। डॉक्टरों ने अंसारी को आईसीयू में रखकर तमाम जांचें कराईं। मेडिकल कॉलेज से जारी बुलेटिन के अनुसार पेट में दर्द होने पर मुख्तार को भर्ती कराया गया था। इलाज के बाद मंगलवार देर शाम उसे वापस जेल भेज दिया गया। खबर मिलते ही भाई अफजाल अंसारी, बेटा उमर अंसारी मिलने के लिए सुबह बांदा आए। अंसारी का एक चचेरा भाई भी आया। प्रशासनिक अधिकारियों ने सिर्फ अफजाल अंसारी को ही उससे मिलने दिया। बेटे उमर का आरोप था कि वह 900 किलोमीटर की दूरी से पिता से मिलने आया, लेकिन प्रशासन ने पिता से नहीं मिलने दिया, वह सुप्रीम कोर्ट का दरवाजा खटखटाएगा।

# युवतियों का स्टंट करते वीडियो वायरल 33 हजार का चालान

**नोएडा, एजेंसी :** गौतमबुद्ध नगर पुलिस ने होली के दौरान स्कूटी पर कथित स्टंट करती युवतियों के दो वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल होने के मामले में कार्रवाई करते हुए पंजीकरण संख्या के आधार पर कुल 33 हजार रुपये का चालान किया है। वायरल 38 सेकेंड के पहले वीडियो में दो लड़कियां मोहे रंग लगा दे रे गाने पर चलती स्टूटी से रील्स बनाती दिख रही हैं जबकि स्कूटी एक युवक चलाता दिख रहा है। तीनों बिना हेलमेट दिखाई दे रहे हैं। नोएडा सेक्टर-113 थाना में तीनों आरोपियों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की गई है। 13 सेकेंड के वायरल एक अन्य वीडियो में एक युवती स्कूटी पर खड़ी होकर स्कूटी चालक युवक को रंग लगा रही है और इस दौरान स्कूटी अचानक गिर जाती है।

# प्रथम चरण में 42 ने किया नामांकन

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- अब तक कुल 46 प्रत्याशियों ने नामांकन किया

**अमृत विचार :** लोकसभा चुनाव के प्रथम चरण की 8 सीटों के लिए मंगलवार को 42 प्रत्याशियों ने नामांकन किया। अब तक कुल 46 प्रत्याशी नामांकन कर चुके हैं। 27 मार्च को प्रत्याशी आखिरी दिन नामांकन कर सकेंगे।

मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवदीप रिणवा ने बताया कि सहारनपुर सीट से मंगलवार को कुल चार प्रत्याशियों ने नामांकन किया। इसी प्रकार कैराना सीट में सात प्रत्याशियों ने नामांकन किया। मुजफ्फरनगर सीट में 11 प्रत्याशियों ने नामांकन किया, जिसमें भारतीय जनता पार्टी से संजीव कुमार बालियान, समाजवादी पार्टी से हरेन्द्र सिंह मलिक, बहुजन समाज पार्टी से दारा सिंह प्रजापति, जयसमता पार्टी से नील कुमार, सर्वजन लोक शक्ति पार्टी से ओमपाल सिंह, राष्ट्रवादी जनलोक पार्टी से कविता शामिल हैं। इसी प्रकार, बिजनौर लोकसभा सीट में चार प्रत्याशियों ने नामांकन किया। नगीना (सुरक्षित) सीट में अब तक कुल पांच प्रत्याशियों ने नामांकन किया, इसमें मंगलवार को तीन प्रत्याशियों ने नामांकन किया हैं।

मुरादाबाद सीट में अब तक कुल छह प्रत्याशियों ने नामांकन किया, इसमें से पांच प्रत्याशियों ने मंगलवार को नामांकन किया। इसमें भारतीय जनता पार्टी से सर्वेश कुमार सिंह, बहुजन समाज पार्टी से मोहम्मद इरफान, समाजवादी पार्टी से डॉ एसटी हसन, भारतीय बहुजन समता पार्टी से ओंकार सिंह व निर्दलीय प्रत्याशी में साधना सिंह शामिल हैं। रामपुर लोकसभा सीट में पांच प्रत्याशियों ने नामांकन किया, जिसमें परचम पार्टी ऑफ इण्डिया से सैफत अली खान, जनसेवा सहायक पार्टी से जगत सिंह, लेबर पार्टी ऑफ इण्डिया से अब्दुल कादर व निर्दलीय प्रत्याशियों में अशोक कुमार व शिवप्रसाद शामिल हैं। पीलीभीत सीट में अब तक कुल चार प्रत्याशियों ने नामांकन किया, जिसमें मंगलवार को तीन प्रत्याशियों ने नामांकन किया। इसमें बहुजन समाज पार्टी से अनीस अहमद खान (फूल बाबू), समाजवादी पार्टी से भगवत सरण गंगवार व स्वतंत्र प्रत्याशी में आदर्श पाण्डेय शामिल हैं।


## वर्ग पहेली-21

**बाएं से दाएं**

5. 1. सीखना 2. समझना 3. समझाना; बतलाना।
6. अस्तबल, घुड़साल, अश्वशाला।
7. थप्पड़, चांटा, झापड़।
9. 1. किसी कार्य या बात में लगा हुआ 2. प्रसन्न 3. अनुरक्त 4. युक्त, सहित।
10. एक प्रकार का गान, एक ताल।

**ऊपर से नीचे**

1. दुकान।
2. 1. आत्मवाद 2. अध्यात्मवाद।
3. 1. अवरोध, रुकावट, बाधा 2. प्रतिकूलता, विपरीतत 3. आपसी अनबन या बिगाड़ 4. असंगति; विसंगति 5. लड़ाई, झगड़ा, संघर्ष।
4. 1. परिवार के लिए काम करने वाला व्यक्ति, गृहस्थ 2. संसार के प्रपंच में उलझा हुआ व्यक्ति, संसारी 3. व्यवहारकुशल व्यक्ति।
8. 1. तरह, समान, सदृश, तुल्य 2. ऐसा।



### वर्ग पहेली -20 का हल

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 कु | ब | ड़ | | 2 अ | | 3 ह |
| रे | | | 4 अ | भि | जि | त |
| शी | | | | धा | | म |
| | 5 अं | 6 शा | प | न | | ति |
| 7 का | बु | क | | | 8 फु | |
| | जा | | | | हा | |
| | | 9 ज | हा | ज़ | रा | नी |

# मुख्यमंत्री आज से चुनाव अभियान में उतरेंगे

राज्य ब्यूरो, लखनऊ।

**पश्चिमी उप्र. के कई जिलों में योगी आदित्यनाथ करेंगे प्रबुद्ध सम्मेलन**



- 27 से 31 मार्च तक 5 दिनों में 15 जिलों में प्रबुद्ध जनों के साथ ही आम लोगों से भी होगा योगी का संवाद

**अमृत विचार :** गोरखपुर में रहकर होली मनाने के बाद मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ बुधवार से लोकसभा चुनाव के लिए प्रचार अभियान में उतरने को तैयार हैं। दरअसल, लोकसभा आम चुनावों की घोषणा के बाद से ही शांत नजर आ रहे योगी अब नयी ऊर्जा के साथ चुनावी रैलियों में दिखने वाले हैं।

हालांकि रैलियों में शामिल होने से पहले से बुधवार से इस माह के अंत तक योगी उप्र. के अंदर प्रबुद्ध सम्मेलनों के जरिए अलग-अलग जिलों में प्रबुद्ध लोगों से वार्तालाप करेंगे। इस दौरान वह सरकार द्वारा किए गए कार्यों का पूरा लेखा-जोखा प्रस्तुत करेंगे। मुख्यमंत्री के प्रबुद्ध सम्मेलनों की शुरुआत पश्चिमी उप्र. से होने जा रही है, जहां पहले कुछ चरणों में चुनाव भी होने वाला है। 31 मार्च तक प्रस्तावित इन सम्मेलनों के माध्यम से मुख्यमंत्री यहां लोगों के साथ संवाद स्थापित कर वह चुनावों से पूर्व 'फिर एक बार मोदी सरकार' के संकल्प की चुनावी जमीन तैयार करेंगे।

योगी के इन सम्मेलनों की शुरुआत पश्चिमी उप्र. से हो रही है। पहले चरण यानी 19 अप्रैल को सहारनपुर, कैराना, मुजफ्फरनगर, बिजनौर, नगीना, मुरादाबाद, रामपुर और पीलीभीत में चुनाव होना है तो वहीं दूसरे चरण यानी 26 अप्रैल को अमरोहा, मेरठ, बागपत, गाजियाबाद, गौतमबुद्धनगर, मथुरा, बुलंदशहर और अलीगढ़ में चुनाव होना है।

### पांच दिन में 15 सम्मेलनों में लेंगे हिस्सा

भाजपा, उप्र. से जारी कार्यक्रम के अनुसार, योगी 27 से 31 मार्च तक यानी पांच दिनों में 15 जिलों को कवर करेंगे। उनके सम्मेलनों की शुरुआत बुधवार 27 मार्च को मथुरा, मेरठ और गाजियाबाद से होगी। अगले दिन 28 मार्च को मुख्यमंत्री का बिजनौर, मुरादाबाद और अमरोहा में कार्यक्रम है। योगी 29 मार्च को शामली, मुजफ्फरनगर और सहारनपुर में, 30 मार्च को बागपत (मोदीनगर), बुलंदशहर और गौतमबुद्धनगर में व 31 मार्च को बरेली, रामपुर और पीलीभीत में वह प्रबुद्ध सम्मेलन में हिस्सा लेंगे।

### मेरठ में 30 को मोदी, साथ होंगे जयंत चौधरी

**लखनऊ ।** लोकसभा चुनाव प्रचार के लिए प्रधानमंत्री मोदी 30 मार्च को मेरठ में रैली करेंगे। उसी मंच पर मोदी के साथ रालोद के राष्ट्रीय अध्यक्ष जयंत चौधरी भी होंगे। हालांकि प्रधानमंत्री के कार्यक्रम की प्रदेश भाजपा द्वारा अधिकारिक घोषणा न होने की वजह से कार्यक्रम में संशय बना हुआ है। राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन में शामिल होने के बाद रालोद मुखिया पहली बार पीएम मोदी के साथ नजर आएंगे। मेरठ में मोदी की रैली से बागपत, मेरठ, बिजनौर की सीटों पर सीधा असर पड़ेगा।

# होली मना रहे युवाओं को ट्रैक्टर ने रौंदा, दो की मौत

**फतेहपुर, अमृत विचार :** रविवार रात होली से पहले खेत में शराब और मीट पार्टी के दौरान नशे में धुत खेत मालिक ने मजदूरों पर ट्रैक्टर चढ़ा दिया। इससे दो मजदूरों की मौत हो गई जबकि एक अन्य घायल हो गया। चांदपुर थाना क्षेत्र के दपसौरा गांव के राम बहुदार निषाद ने खेत में गेहूं की कटाई के लिए मजदूर मनोज निषाद निवासी रूरा को ट्रैक्टर ट्राली और मशीन संग बुलाया था। कटाई के लिए अन्य मजदूर मइयादीन, कल्लू और चुन्नू सिंह होली पर खेत पर शराब पार्टी कर रहे थे। खेत मालिक राम बहुदार ने नशे में ट्रैक्टर को स्टार्ट कर दिया और मीट बना रहे मजदूरों को रौंद दिया। घायल मनोज, कल्लू और मइयादीन को पुलिस ने सीएचसी अमौली में भर्ती कराया, जहां पर डॉक्टर ने मनोज को मृत घोषित कर दिया।

## सुडोकू -100

सुडोकू एक तरह का तर्क वाला खेल है, जो एक वर्ग पहेली की तरह होता है। जब आप इस खेल को खेलना सीख जाते हैं तो यह बहुत ही सरलता से खेला जा सकता है। सुडोकू खेल में बॉक्स में 1 नंबर से 9 नंबर तक आने वाले अंक दिए हैं। इसमें कुछ बॉक्स खाली हैं, जिन्हें आपको भरना है। कोई भी अंक दोबारा नहीं आना चाहिए। एक सीधी लाइन और एक खड़ी लाइन तथा बॉक्स में नंबर रिपीट नहीं होना चाहिए।

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 7 | | 4 | | 2 | | | | 3 |
| | 6 | | | | | 2 | | |
| 2 | | | | | 9 | | | 7 |
| | 2 | | | 7 | | | | 8 |
| 4 | | 7 | | | | 1 | | |
| | | | 6 | 1 | | | 9 | |
| | | | 5 | | | 6 | | 9 |
| | | 9 | | | | | 8 | |
| 1 | | | | 9 | | 4 | | 5 |

### सुडोकू -99 का हल


| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 4 | 7 | 5 | 2 | 9 | 6 | 3 | 8 |
| 5 | 3 | 9 | 1 | 8 | 6 | 4 | 2 | 7 |
| 6 | 8 | 2 | 4 | 7 | 3 | 5 | 1 | 9 |
| 8 | 1 | 6 | 7 | 9 | 4 | 3 | 5 | 2 |
| 3 | 7 | 4 | 2 | 5 | 1 | 9 | 8 | 6 |
| 9 | 2 | 5 | 3 | 6 | 8 | 7 | 4 | 1 |
| 2 | 5 | 8 | 6 | 4 | 7 | 1 | 9 | 3 |
| 7 | 9 | 3 | 8 | 1 | 5 | 2 | 6 | 4 |
| 4 | 6 | 1 | 9 | 3 | 2 | 8 | 7 | 5 |

## आज का भविष्यफल

-पं.डॉ. ज्ञानेन्द्र शर्मा

आज की ग्रह स्थिति : 27 मार्च, बुधवार 2024 संवत–2080, शक संवत 1945 मास–चैत्र, पक्ष–कृष्ण पक्ष, तिथि–द्वितीया 17.06 तक तत्पश्चात तृतीया।

### आज का पंचांग





दिशाशूल–उत्तर। ऋतु–वसंत।
चन्द्रबल–मेष, वृषभ, सिंह, तुला, धनु, मकर।
ताराबल–भरणी, रोहिणी, मृगशिरा, आर्द्रा, पुनर्वसु, आश्लेषा, पूर्वा फाल्गुनी, हस्त, चित्रा, स्वाति, विशाखा, ज्येष्ठा, पूर्वाषाढ़ा, श्रवण, धनिष्ठा, शतभिषा, पूर्वाभाद्रपद, रेवती।
नक्षत्र–चित्रा 16.16 तक तत्पश्चात स्वाती।

**मेष** – आज घर में अचानक मेहमान आ सकते हैं। अपनी जिम्मेदारियों के प्रति निष्ठावान रहेंगे। कोई महत्वपूर्ण व्यावसायिक अनुबंध हो सकता है। सरकारी जॉब कर रहे लोगों के ऊपर से दबाव कम होगा।

**वृष** – आज भोजन के प्रति अरुचि हो सकती है। पूजा–पाठ आदि को लेकर दिखावे से बचें। अपनी छुपी हुई प्रतिभा को उभारने के लिए प्रयास करेंगे। कारोबार में प्रतिस्पर्धा के बावजूद अच्छा आर्थिक लाभ प्राप्त कर सकते हैं।

**मिथुन** – आज घर के सदस्यों पर अपना गुस्सा न निकालें। प्रेमीजन के प्रति अपना व्यवहार अच्छा रखें। कारोबार को लेकर बड़ा जोखिम न लें। संतान को लेकर आपको खर्च ज्यादा करना पड़ सकता है। पैरों में थकान के कारण थोड़े अनमने रहेंगे।

**कर्क** – आज महत्वपूर्ण उपकरण या वाहन खराब हो सकता है। जीवनसाथी से अपने मन की बातें शेयर अवश्य करें। पुराने साथियों के साथ मुलाकात होगी। व्यापार के दृष्टिकोण से ग्रह स्थिति पक्ष की नहीं है। मानसिक तनाव के कारण आप परेशान होंगे।

**सिंह** – आज शिक्षा के क्षेत्र में बहुत अच्छा प्रदर्शन करेंगे। दोपहर के बाद आपको आर्थिक परेशानियों से राहत मिलेगी। नए मित्र बन सकते हैं। कारोबार में बड़ा आर्थिक लाभ प्राप्त हो सकता है। छोटी दूरी की यात्रा हो सकती है।

**कन्या** – आज परिस्थितियों में सकारात्मक परिवर्तन आएगा। अनावश्यक बातों पर आपको ध्यान नहीं देना चाहिए। नजदीकी रिश्तेदार आपसे धन उधार मांग सकते हैं। लोग आपकी बातों का गलत मतलब निकाल सकते हैं, इसीलिए नाप–तौल कर बातें करें।

**तुला** – आज भविष्य की योजनाओं को लेकर काफी आशावादी रहेंगे। धर्म–कर्म के प्रति रुचि जागृत होगी। समाज में आपकी छवि निखरेगी। नई योजनाओं पर काम शुरू कर सकते हैं। परिवार के लोगों की जरूरतों पर धन खर्च करें।

**वृश्चिक** – आज लंबी दूरी की यात्रा बिल्कुल न करें। पुराना कर्ज आपको बहुत ज्यादा परेशान करेगा। किसी को भी कोई वादा न करें वरना आपको लगातार मानसिक दबाव का सामना करना पड़ेगा। आप थोड़ा सुस्त सा महसूस करेंगे।

**धनु** – आज सामाजिक कार्यों में आप भाग ले सकते हैं। अपनी बातों से लोगों को आकर्षित कर लेंगे। पैतृक संपति से आपको धन लाभ होगा। व्यापार में आपकी आमदनी में वृद्धि होगी। अचल संपत्ति की खरीदारी का विचार बनाएंगे।

**मकर** – आज विदेश से जॉब के अवसर मिलने की संभावना बन रही है। संतान का उत्तम सहयोग प्राप्त होगा। नया काम शुरु करने के लिए दिन शानदार रहेगा। आप आवश्यक कार्यों को लेकर थोड़े लापरवाह हो सकते हैं। सभी काम आराम से व धीमी गति से करेंगे।

**कुंभ** – आज छोटी–छोटी बातों पर परिजनों के साथ उलझने से बचें। काल्पनिक विचारों के प्रभाव में रहेंगे। अति भावुक होने से आपको बचना चाहिए। कार्यक्षेत्र में लोग आपको कमतर आंक सकते हैं। घरेलू वातावरण थोड़ा अशांत रहेगा।

**मीन** – आज प्रेमीजन के साथ झगड़ा हो सकता है। किसी भी तरह के मनमुटाव को शीघ्र ही सुलझा लें वरना यह बड़े तनाव का कारण बन सकता है। घर पर भी आपका मन नहीं लगेगा। भागदौड़ वाले कार्यों के कारण थोड़ा हताश महसूस करेंगे।

## आज की फिल्में

**B4U MOVIES**
सीता और गीता – सुबह : 11.00
कर्तव्य – रात : 07.00

**&pictures**
ए फ्लाइंग जट्ट – सुबह : 11.18
चुप – रात : 08.00

**SONY PIX**
जर्नी 2 – सुबह : 10.49
वेनम – रात : 09.00

**ZEE CINEMA**
आर्टिकल 15 – सुबह : 09.40
जीरो – शाम : 05.25

**colors CINEPLEX**
कल हो न हो – सुबह : 11.21
फोर्स 2 – रात : 07.00

### आज की सुपरहिट फिल्म





जी सिनेमा पर शाम : 05.25 बजे

## जोक्स ऑफ द डे

रतनलाल– रमेश! तुम्हें देखता हूं तो मुझे सुरेश की याद आ जाती है।
रमेश– लेकिन मुझमें और सुरेश में शायद ही कोई बात कॉमन हो!
रतनलाल– क्यों नहीं! पिछले दो साल से आप दोनों ने मुझसे पांच सौ रुपए कर्ज लिये थे। आज तक नहीं लौटाए।

दो नाली के कीड़े खाते समय आपस में बाते कर रहे थे।
एक कीड़ा– यह सामने वाला होटल कितना साफ है, हर चीज शीशे की तरह चमकती है।
दूसरा कीड़ा– मेहरबानी करो यार, कम–से–कम खाना खाते समय तो ऐसी घिनौनी बातें मत किया करो।

## मैंथा बाजार भाव

**रामपुर**–शिवालिक 1015 फ्लैग 1120 डीएमओ 895 बोल्ड 1185, **सम्भल-चन्दौसी**–शिवालिक 1010 फ्लैग 1125 बोल्ड 1180 डीएमओ 905।

## बरेली मंडी

**वनस्पति तेल तिलहन**–तुलसी 1910, राज श्री 1390, फॉर्चून कि. 1820, रविन्द्रा 1860, फॉर्चुन ली0 1670, जय जवान 1495, सचिन 1610, सूरज 1520, अवसर 1650, राग गोल्ड 1695, गृहणी 1605, क्लासिक (किलो) 1790, मोर 1640, चक्र टिन 1725, ब्लू 1725, आशीर्वाद मस्टर्ड 1760, स्वास्तिक 1880, **किराना (प्रति कु.)**–हल्दी निजामाबाद 17500, जीरा 40000, लाल मिर्च 20000-24000, धनिया 9000-11000, अजवायान 16000-24000, मेथी 8600, सौंफ 12000-18000, सोंठ 45000, (प्रति कि.) लौंग 920-1000, बादाम 580-680, काजू 2 पीस 600, किसमिस पीली 140-180, मखाना 650-950, **चावल (प्रति कु.)**–डबल चाबी सेला 10200, स्पाइस 7700, शरबती कच्ची 5200, शर्बती स्टीम 5600, डायमंड मंसूरी 4300, महबूब सेला 4550, गौरी रॉयल 9500, राजभोग 7350, हरी पत्ती (1 किलो, 5 किलो) 10600, हरी पत्ति नेचुरल नया 10500, जेनिथ 10700, गलैक्सी 7400, सूमो 3900, पतंजलि गोल्डन सेला 7900, मंसूरी पनघट 4250, खजाना 4250, **दाल दलहन**–मूंग दाल इंदौर 10800, मूंग धोवा काला क्राउन 11100, राजमा चित्रा 13200-14100, राजमा भूटान नया 11500, मलका काली 6750-7100 मलका दाल 7150-7700, मलका छाँटी 7350, दाल उड़द बिलासपुर 9800-10500, मसूर दाल छोटी 9000-9600, दाल उड़द दिल्ली 12000, उड़द साबुत दिल्ली 11800, उड़द धोवा इंदौर 13500, उड़द धोवा 11500-12100, दाल चना 7250, लाल हिंदुस्तान 7350, मलका विदेशी 7300, रूपकिशोर बेसन 8100, चना अकोला 8200, डबरा 9000-11500, सच्चा हीरा 10700, मोटा हीरा 11700, अरहर गोला मोटा 12600, अरहर पटका मोटा 13000, अरहर कोरा मोटा 13300, अरहर पटका छोटा 13800-14300, अरहर कोरी छोटी 15000, **चीनी**–डालमियां 4040, पीलीभीत 4000, नवाबगंज (नई) 3980, बहेड़ी (नई) 4000 रुपये।

# मुंबई में रहते हैं सबसे ज्यादा अरबपति

## हुरुन ग्लोबल रिच लिस्ट के अनुसार भारतीयों ने चीन के बीजिंग को भी पीछे छोड़ा

मुंबई, एजेंसी



भारत की वित्तीय राजधानी मुंबई ने अरबपतियों की संख्या के मामले में चीन के बीजिंग को भी पीछे छोड़ दिया है। मंगलवार को जारी एक रिपोर्ट में कहा गया है कि दुनिया में सबसे अधिक अरबपति मुंबई में रहते हैं। हुरुन ग्लोबल रिच लिस्ट के अनुसार, मुंबई में कुल 92 अरबपतियों के आवास हैं, जबकि बीजिंग में यह संख्या 91 है।

सूची के अनुसार, भारत में 271 अरबपति हैं, जबकि चीन में यह संख्या 814 है। वैश्विक अमीरों की यह सूची भारत में बढ़ती असमानता पर चिंता व्यक्त करने वाली एक रिपोर्ट के कुछ दिन बाद आई है। 'भारत में आय और धन असमानता, 1922-2023: अरबपति राज का उदय' शीर्षक वाले एक पत्र के अनुसार, भारत में शीर्ष एक प्रतिशत आबादी के पास 2023 में 40 प्रतिशत संपत्ति थी, जबकि 2000 की शुरुआत में यह आंकड़ा 22.6 प्रतिशत था। हुरुन की रिपोर्ट के अनुसार रिलायंस इंडस्ट्रीज के मुकेश अंबानी ने 115 अरब अमेरिकी डॉलर की संपत्ति के साथ सबसे अमीर भारतीय के रूप में बरकरार हैं। अंबानी की संपत्ति में पिछले साल 33 अरब डॉलर का इजाफा हुआ। रिपोर्ट में कहा गया कि एक शॉर्ट सेलर की रिपोर्ट के बाद हुए नुकसान की कुछ हद तक भरपाई करने में गौतम अडाणी सफल रहे हैं और पिछले साल उनकी कुल संपदा में 62 प्रतिशत का इजाफा हुआ।

वैश्विक स्तर पर, टेस्ला के मालिक एलन मस्क इस सूची में शीर्ष पर हैं। अंबानी 231 अरब अमेरिकी डॉलर की संपत्ति के साथ सूची में 10वें स्थान पर हैं। अडाणी 15वें स्थान पर हैं। रिपोर्ट में कहा गया कि नए अरबपतियों के मामले में भारत ने सूची में 94 नए नाम शामिल हुए, जबकि चीन से 55 नए नाम शामिल हुए।

### बीते साल 50 करोड़ रुपये या उससे अधिक कीमत के लक्जरी घरों की बिक्री 51 प्रतिशत बढ़ी



**नई दिल्ली।** बीते कैलेंडर साल 2023 में मजबूत मांग के चलते 50 करोड़ रुपये और उससे अधिक कीमत वाले लक्जरी घरों की बिक्री मूल्य के हिसाब से 51 प्रतिशत बढ़कर 4,319 करोड़ रुपये हो गई। रियल एस्टेट सलाहकार जेएलएल इंडिया के आंकड़ों के अनुसार, 50 करोड़ रुपये और उससे अधिक कीमत वाले कम से कम 45 मकान 2023 में 4,319 करोड़ रुपये में बेचे गए। कैलेंडर वर्ष 2022 में इस मूल्य वर्ग में 2,859 करोड़ रुपये मूल्य के कम से कम 29 मकान बिके थे। जेएलएल के अनुसार, इन लक्जरी मकानों में बंगला और अपार्टमेंट दोनों शामिल हैं। इसमें प्राथमिक बाजार और पुन बिक्री लेनदेन भी शामिल हैं। इसमें कोई उपहार और संयुक्त उद्यम लेनदेन शामिल नहीं हैं। जेएलएल इंडिया के मुख्य अर्थशास्त्री एवं अनुसंधान प्रमुख सामंतक दास ने कहा- 2023 में बेचे गए 45 लक्जरी मकानों में से 14 मकान 100 करोड़ रुपये और उससे अधिक कीमत के थे। इनमें से अधिकतर (79 प्रतिशत) मुंबई में बेचे गए।

## एलआईसी को जीएसटी के लिए 178 करोड़ का मांग नोटिस मिला

**नई दिल्ली।** भारतीय जीवन बीमा निगम (एलआईसी) को दो वित्त वर्षों के लिए माल एवं सेवा कर (जीएसटी) के कम भुगतान को लेकर कर अधिकारियों से लगभग 178 करोड़ रुपये का नोटिस मिला है। एलआईसी ने मंगलवार को शेयर बाजार को दी सूचना में कहा कि कंपनी को अतिरिक्त आयुक्त, जमशेदपुर (केंद्रीय जीएसटी और केंद्रीय उत्पाद शुल्क) से ब्याज और जुर्माने के लिए आदेश प्राप्त हुआ है।

इसमें कहा गया है कि नोटिस 'रिवर्स चार्ज' व्यवस्था पर इनपुट टैक्स क्रेडिट के समय से पहले लाभ के लिए है। कुल 161,62,33,898 रुपये की जीएसटी मांग, उस पर ब्याज और 16,16,23,390 रुपये का जुर्माना नोटिस वित्त वर्ष 2018-19 और 2019-20 के लिए है।

# इरडा ने किया पॉलिसी सरेंडर से संबंधित नियमों में बदलाव

नई दिल्ली, एजेंसी

- 2024 के तहत छह नियमों को एक एकीकृत ढांचे में मिलाया

बीमा नियामक इरडा ने इंश्योरेंस सेक्टर की कंपनियों और ग्राहकों के लिए बड़ी खबर दी है। इरडा के नए नियमों के तहत पालिसी सरेंडर की अवधि से सरेंडर वैल्यू तय होगी। आसान शब्दों जितनी अधिक पालिसी सरेंडर की अवधि होगी उतनी अधिक सरेंडर वैल्यू मिलेगी। ये नए नियम 1 अप्रैल, 2024 से लागू होने वाले हैं। बीमा नियामक इरडा ने कई नियमों को नोटिफाई किया है। इसमें बीमा पॉलिसी वापस या सरेंडर करने से जुड़ा शुल्क भी शामिल है। इसमें बीमा कंपनियों को ऐसे चार्ज का खुलासा पहले ही करना होता है। पहले बीमा कंपनियां सरेंडर में केवल जमा ही लौटाती थीं, उसमें भी मनमाने नियम और अवधि लागू होती थी।

इरडा (बीमा उत्पाद) विनियमन, 2024 के तहत छह नियमों को एक एकीकृत ढांचे में मिलाया गया है। इसका उद्देश्य बीमा कंपनियों को उभरती बाजार मांग के अनुसार तेजी से कदम उठाने में सक्षम बनाना, कारोबार सुगमता को बेहतर करना और बीमा को बढ़ावा देना है। भारतीय बीमा विनियामक एवं विकास प्राधिकरण ने कहा कि ये नियम उत्पाद डिजायन और मूल्य निर्धारण में बेहतर कामकाज को बढ़ावा देते हैं। इसमें पॉलिसी वापसी पर गारंटीशुदा मूल्य और विशेष वापसी मूल्य से जुड़े नियमों को मजबूत करना शामिल है। नए नियम एक अप्रैल, 2024 से प्रभाव में आएंगे। यह निर्धारित करते हैं कि यदि पॉलिसी खरीद के तीन साल के भीतर लौटायी या वापस की जाती है, तो वापसी मूल्य समान या उससे भी कम रहने की संभावना है।

## सर्राफा

| | |
|---|---|
| **कानपुर** | |
| चाँदी 999 (प्रति किलो) | 77,500 |
| चांदी सिक्का (प्रति सैकड़ा) | 82,500 |
| चांदी सिक्का (सैकड़ा) बिकवाल | 87,500 |
| सोना बिस्कुट (दस ग्राम) | 68,750 |
| गिन्नी (प्रति नग) | 51,200-51,400 |
| **लखनऊ** | |
| सोना स्टैंडड (प्रति 10 ग्राम) | 66,050 |
| सोना रवा (प्रति 10 ग्राम) | 65,900 |
| गिन्नी (प्रति 10 नग) | 42, 500 |
| चांदी (999) | 75,000 |
| चांदी तैयार | 75,100 |
| चांदी का सिक्का (प्रति सैकड़ा) | 90, 500 |
| **बरेली** | |
| सोना जेवरात पक्के | 66,400 |
| सोना जेवरात गिन्नी | 65,400 |
| चांदी पक्की | 742 (अनुमानित) |
| **मुरादाबाद** | |
| सोना 24 कैरेट | 66,300 |
| चांदी आभूषण | 74,800। |

## चालू वित्त वर्ष के पहले 11 माह में रूस को भारत का इंजीनियरिंग निर्यात हुआ दोगुना

कोलकाता, एजेंसी

चालू वित्त वर्ष 2023-24 के पहले 11 माह यानी फरवरी तक रूस को भारत का इंजीनियरिंग निर्यात दोगुना होकर 1.22 अरब डॉलर पर पहुंच गया है। इंजीनियरिंग निर्यात संवर्धन परिषद (ईईपीसी) ने मंगलवार को यह जानकारी दी।

पिछले वित्त वर्ष में भारत से रूस को इंजीनियरिंग निर्यात 61 करोड़ 66.8 लाख डॉलर का रहा था। ईईपीसी ने बयान में कहा कि इस अवधि के दौरान अमेरिका को निर्यात सालाना आधार पर सात प्रतिशत घटकर 15.95 अरब डॉलर का रह गया है। चीन के मामले में, यह मामूली घटकर 2.38 अरब डॉलर रहा है। पिछले वित्त वर्ष की समान अवधि में यह 2.40 अरब डॉलर रहा था। संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) और ऑस्ट्रेलिया को निर्यात सकारात्मक रहा। इन देशों के साथ भारत का मुक्त व्यापार समझौता (एफटीए) है। फरवरी तक, संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) के लिए निर्यात सालाना आधार पर 16 प्रतिशत बढ़कर 5.22 अरब डॉलर का हो गया, जबकि ऑस्ट्रेलिया के लिए निर्यात पांच प्रतिशत बढ़कर 1.30 अरब डॉलर का रहा।

## सरकार अगले दो-तीन दिन में पांच लाख टन रबी प्याज खरीदेगी

**नई दिल्ली।** प्याज निर्यात प्रतिबंध को आगे बढ़ाने की वजह से मंडी की कीमतों में संभावित गिरावट की चिंताओं के बीच सरकार ने मंगलवार को किसानों को भरोसा दिलाया कि वह उनके हितों की रक्षा के लिए अगले 2-3 दिन में पांच लाख टन रबी प्याज की खरीद शुरू करेगी। पिछले सप्ताह वाणिज्य मंत्रालय ने प्याज निर्यात पर प्रतिबंध अगले आदेश तक बढ़ा दिया था। प्याज निर्यात पर रोक 31 मार्च तक वैध थी। उपभोक्ता मामलों के सचिव रोहित कुमार सिंह ने कहा- हम देश के किसानों की चिंता का पूरा ध्यान रख रहे हैं।

# एसएंडपी ने वृद्धि दर का अनुमान बढ़ाया

नई दिल्ली, एजेंसी

- एजेंसी ने 2024-25 के लिए 6.4% से बढ़ाकर 6.8% कर दिया




एसएंडपी ग्लोबल रेटिंग्स ने अगले वित्त वर्ष 2024-25 के लिए भारत की वृद्धि दर का अनुमान बढ़ाकर मंगलवार को 6.8 प्रतिशत कर दिया। अमेरिका स्थित एजेंसी ने पिछले साल नवंबर में मजबूत घरेलू गति के बीच वित्त वर्ष 2024-25 में भारत की वृद्धि 6.4 प्रतिशत होने का अनुमान लगाया था। चालू वित्त वर्ष 2023-24 में भारतीय अर्थव्यवस्था में 7.6% की वृद्धि होने का अनुमान है।

एसएंडपी ने एशिया प्रशांत के लिए अपने 'इकोनॉमिक आउटलुक' में कहा-एशियाई उभरती बाजार (ईएम) अर्थव्यवस्थाओं के लिए हम आम तौर पर मजबूत वृद्धि का अनुमान लगाते हैं, जिसमें भारत, इंडोनेशिया, फिलीपींस और वियतनाम अग्रणी हैं। एजेंसी के अनुसार, भारत, जापान और ऑस्ट्रेलिया जैसी बड़े पैमाने पर घरेलू मांग-आधारित अर्थव्यवस्थाओं में घरेलू खर्च करने की क्षमता पर उच्च ब्याज दरों और मुद्रास्फीति के प्रभाव ने दूसरी छमाही में क्रमिक सकल घरेलू उत्पाद की वृद्धि को कम किया है। एसएंडपी ने कहा-हमे उम्मीद है कि वित्त वर्ष 2024-25 (मार्च 2025 को समाप्त) में भारत की वास्तविक जीडीपी वृद्धि दर 6.8 प्रतिशत हो जाएगी।

**चालू खाते का घाटा घटकर 10.5 अरब डॉलर पर:** देश का चालू खाते का घाटा (कैड) चालू वित्त वर्ष 2023-24 की अक्टूबर-दिसंबर तिमाही में घटकर 10.5 अरब डॉलर यानी सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) का 1.2 प्रतिशत रहा है। आरबीआई के जारी आंकड़ों से यह जानकारी मिली है।



## एक नजर

### सीआईएससीई की 12वीं मनोविज्ञान की परीक्षा स्थगित

**नई दिल्ली।** काउंसिल फॉर द इंडियन स्कूल सर्टिफिकेट एग्जामिनेशंस (सीआईएससीई) ने 12वीं कक्षा की मनोविज्ञान की परीक्षा स्थगित कर दी। परीक्षा से एक दिन पहले एक केंद्र से प्रश्नपत्र के पैकेट खो जाने के बाद ये परीक्षा स्थगित करने की मंगलवार को घोषणा की गई। सीआईएससीई ने बताया कि अब यह परीक्षा चार अप्रैल को अपराह्न दो बजे आयोजित की जाएगी। बोर्ड की उप सचिव संगीता भाटिया ने बताया कि एक परीक्षा केंद्र ने 12वीं कक्षा के मनोविज्ञान विषय के प्रश्नपत्र के खो जाने की सूचना दी है।

### सीयूईटी-स्नातक के लिए आवेदन की अंतिम समयसीमा 31 तक बढ़ी

**नई दिल्ली।** साझा विश्वविद्यालय प्रवेश परीक्षा (सीयूईटी)-स्नातक के लिए आवेदन की अंतिम तिथि 31 मार्च तक बढ़ा दी गई है। विश्वविद्यालय अनुदान आयोग (यूजीसी) के अध्यक्ष एम. जगदीश कुमार ने मंगलवार को यह घोषणा की। पहले यह समय सीमा मंगलवार रात 11 बजे तक थी। उन्होंने कहा, "अभ्यर्थियों और अन्य हितधारकों से प्राप्त अनुरोध के आधार पर सीयूईटी-यूजी - 2024 के लिए आवेदन पत्र ऑनलाइन जमा करने की समय सीमा 31 मार्च 2024 को रात 9 :50 बजे तक बढ़ा दी गई है।" परीक्षा 15 से 31 मई तक आयोजित होनी है।

### भाजपा उम्मीदवारों की छठी सूची जारी

**नई दिल्ली।** भाजपा ने मंगलवार को लोकसभा चुनाव 2024 के लिए अपनी छठी लिस्ट जारी कर दी। इस लिस्ट में राजस्थान और मणिपुर के उम्मीदवारों के नाम हैं। इससे पहले रविवार को भाजपा ने अपनी पांचवीं लिस्ट जारी की थी। इस सूची में यूपी-बिहार समेत तमाम अन्य राज्यों के उम्मीदवारों के नाम थे। पांचवी सूची में अभिनेत्री कंगना रनौत को बीजेपी ने हिमाचल प्रदेश की मंडी सीट से उम्मीदवार बनाया, जबकि यूपी की पीलीभीत सीट से वरुण गांधी का टिकट कट गया है। उनकी जगह जितिन प्रसाद को उम्मीदवार बनाया गया है। इसके अलावा, कुरुक्षेत्र सीट से बीजेपी ज्वाइन करने वाले नवीन जिंदल को उतारा गया है। पांचवी लिस्ट में भारतीय जनता पार्टी ने 111 उम्मीदवारों के नामों की घोषणा की थी।

# लाइसेंस रद करने में केंद्र से जवाब-तलब

## दिल्ली उच्च न्यायालय में सीपीआर ने एफसीआरए को लेकर दायर की है याचिका

नई दिल्ली, एजेंसी




दिल्ली उच्च न्यायालय ने सार्वजनिक 'थिंक-टैंक' सेंटर फॉर पॉलिसी रिसर्च (सीपीआर) की उस याचिका पर केंद्र सरकार से जवाब मांगा है जो उसने एफसीआरए लाइसेंस रद करने के खिलाफ दायर की है। न्यायमूर्ति चंद्र धारी सिंह ने पिछले सप्ताह पारित एक आदेश में केंद्र सरकार के फैसले के खिलाफ संगठन की अपील पर नोटिस जारी किया और उसके वकील को दो सप्ताह में एक संक्षिप्त जवाब दाखिल करने का समय दिया। आदेश में कहा गया है कि सरकार के वकील ने अपील का "जोरदार विरोध" किया।

केंद्रीय गृह मंत्रालय ने 10 जनवरी को भारत के आर्थिक हितों को प्रभावित करने और विकास परियोजनाओं के खिलाफ विरोध प्रदर्शनों और कानूनी लड़ाई में सहायता के लिए विदेशी धन का कथित रूप से दुरुपयोग करने के लिए सीपीआर के विदेशी अंशदान विनियमन अधिनियम (एफसीआरए) पंजीकरण को रद कर दिया। जब किसी संगठन का एफसीआरए पंजीकरण रद्द या निलंबित किया जाता है, तो उसे विदेश या विदेशी दानदाताओं से कोई भी धन प्राप्त करने से रोक दिया जाता है।

सार्वजनिक 'थिंक-टैंक' ने सरकार के कदम को "समझ से बाहर और अनुपातहीन" करार दिया है। सीपीआर का एफसीआरए लाइसेंस आखिरी बार 2016 में नवीनीकृत किया गया था और 2021 में नवीनीकरण होना था। सितंबर 2022 में आयकर विभाग द्वारा एक सर्वेक्षण किए जाने के बाद 'थिंक-टैंक' जांच के दायरे में आया। इसका एफसीआरए लाइसेंस फरवरी 2023 में 180 दिन के लिए निलंबित कर दिया गया था जिसे बाद में 180 दिन के लिए बढ़ा दिया गया था।

### न्यायालय का वनों की सुरक्षा के लिए केंद्र को निर्देश

दिल्ली उच्च न्यायालय ने उस याचिका पर केंद्र से जवाब मांगा है, जिसमें पूछा गया था कि क्या राष्ट्रीय राजधानी में वन क्षेत्र को जमीन कब्जाने वाले और भू-माफियाओं की अवैध गतिविधियों या अतिक्रमण से बचाने के लिए किसी तरह के सुरक्षा बल तैनात किए जा सकते हैं। अदालत का यह निर्देश उस याचिका पर आया जिसमें केंद्र सरकार को दिल्ली सरकार के वन एवं वन्यजीव विभाग में पर्याप्त संख्या में भारतीय वन सेवा (आईएफएस) अधिकारियों को तैनात करने का निर्देश देने की मांग की गई थी। प्रधान मुख्य वन संरक्षक ने जवाब में कहा कि वन अधिकारियों को जमीन कब्जाने वालों और माफियाओं से लगातार धमकी मिलती रहती है और वन क्षेत्रों में केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल (सीआईएसएफ) को तैनात करने का प्रस्ताव तैयार किया गया है। हालांकि, केंद्र की ओर से पेश अधिवक्ता ने कहा कि सीआईएसएफ नियम ऐसी तैनाती की अनुमति नहीं देते हैं।

## महाराष्ट्र में मस्जिद की दीवार पर 'राम' शब्द लिखा, प्राथमिकी दर्ज

**छत्रपति संभाजीनगर।** महाराष्ट्र के बीड जिले के माजलगांव कस्बे में होली उत्सव के दौरान एक मस्जिद की दीवार पर 'राम' शब्द लिखा हुआ पाए जाने के बाद पुलिस ने इस सिलसिले में प्राथमिकी दर्ज की है। पुलिस के एक अधिकारी ने मंगलवार को यह जानकारी दी। पुलिस अधिकारी के मुताबिक मस्जिद की दीवार पर उत्कीर्ण 'राम' शब्द सोमवार शाम करीब पांच बजे देखा गया, इस दिन राज्य में होली का त्योहार मनाया गया था। पुलिस अधिकारी ने कहा-माजलगांव में मरकज नाम की एक मस्जिद है। इस मस्जिद की पिछली दीवार पर किसी ने होली के रंगों और पिचकारी से 'राम' शब्द लिख दिया। मुस्लिम समुदाय के लोगों ने सोमवार रात माजलगांव थाने में आकर इस घटना के सिलसिले में शिकायत दर्ज कराई है।

## पुलिस की लट्ठमार होली की चेतावनी देना महिला उप निरीक्षक को पड़ा महंगा

इंदौर (मध्यप्रदेश), एजेंसी

- मध्य प्रदेश के इंदौर शहर में सामने आया मामला
- अतिरिक्त पुलिस उपायुक्त ने जारी किया कारण बताओ नोटिस

इंदौर में होली के त्योहार पर पुलिस के वाहन से उद्घोषणा के जरिए आम लोगों को ''पुलिस की लट्ठमार होली'' की चेतावनी देना एक महिला उप निरीक्षक को महंगा पड़ सकता है। इस उद्घोषणा का कथित वीडियो सोशल मीडिया पर प्रसारित होने के बाद उप निरीक्षक से जवाब-तलब किया गया है।

वीडियो में महिला उप निरीक्षक कहती सुनाई पड़ रही हैं, जनता से निवेदन है कि आचार संहिता का ध्यान रखें। अपने-अपने घर चले जाएं। चार बजे (शाम) तक होली खेलने का समय निर्धारित किया गया था। अपने घर पर रहें, वरना पुलिस द्वारा लट्ठमार होली का आयोजन किया जाएगा। अतिरिक्त पुलिस उपायुक्त राजेश दंडोतिया ने मंगलवार को बताया कि इस वीडियो का पुलिस ने खुद संज्ञान लेकर महिला उप निरीक्षक को कारण बताओ नोटिस जारी किया है। उन्होंने बताया कि नोटिस के जवाब के आधार पर उचित कदम उठाए जाएंगे। पुलिस के एक अन्य अधिकारी ने उप निरीक्षक की उद्घोषणा को सरासर अनुचित करार देते हुए बताया कि लोकसभा चुनावों की आदर्श आचार संहिता के तहत शहर में होली का त्योहार मनाने के लिए आम लोगों के लिए कोई समयसीमा तय नहीं की गई थी। महिला उप निरीक्षक की संबंधित उद्घोषणा की सोशल मीडिया पर कई लोगों ने आलोचना की।

## भाजपा ने कांग्रेस नेताओं को हिमाचल गुजरात के उपचुनावों में बनाया उम्मीदवार

**नई दिल्ली।** भाजपा ने मंगलवार को विभिन्न राज्यों के उपचुनावों के लिए अपने उम्मीदवार घोषित कर दिए। पार्टी ने हाल ही में अयोग्य ठहराए गए कांग्रेस के छह पूर्व विधायकों को हिमाचल प्रदेश विधानसभा उपचुनाव के लिए उम्मीदवार बनाया है। पिछले दिनों इन विधायकों ने भाजपा की सदस्यता ग्रहण कर ली थी। कांग्रेस सहित अन्य दलों से हाल ही में भाजपा में शामिल हुए पूर्व विधायकों को पार्टी ने गुजरात में उम्मीदवार बनाया है। इनमें चार कांग्रेस के हैं। गुजरात में भाजपा ने अर्जुन मोधवाडिया, चतुरसिंह चावड़ा और अरविंद लाडानी को उपचुनाव के लिए उम्मीदवार बनाया है। भाजपा ने सिक्किम विधानसभा की नौ सीटों के अलावा पश्चिम बंगाल की दो और कर्नाटक की एक सीट पर उपचुनाव के लिए भी अपने उम्मीदवारों की घोषणा कर दी।

## नि:शुल्क दवाओं की न हो कोई कमी : केजरीवाल

नई दिल्ली, एजेंसी

- मोहल्ला क्लीनिक को लेकर ईडी की हिरासत से दिया निर्देश

दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने राष्ट्रीय राजधानी के मोहल्ला क्लीनिक और अस्पतालों में दवाओं और जांच की सुविधा की कमी को दूर करने के लिए प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) की हिरासत से निर्देश जारी किए हैं।

दिल्ली के स्वास्थ्य मंत्री सौरभ भारद्वाज ने मंगलवार को यहां एक संवाददाता सम्मेलन में यह जानकारी दी। यह ईडी की हिरासत से केजरीवाल द्वारा जारी किया गया दूसरा निर्देश है।



बाद में दिन में भारद्वाज ने कहा कि बुधवार को दिल्ली विधानसभा का सत्र आहूत किया गया है। भारद्वाज ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर पोस्ट किया, कल दिल्ली विधानसभा का सत्र है। मुख्य सचिव को आदेश दिया है कि अस्पतालों और मोहल्ला क्लीनिक में मुफ्त दवाइयों और मुफ्त जांच की स्थिति बताएं और यदि कोई कमी हो तो उसको ठीक करने का पूरी योजना लेकर आएं ताकि मैं विधानसभा को सूचित कर सकूं। भारद्वाज ने कहा कि दिल्ली में स्वास्थ्य सेवा हमेशा केजरीवाल की प्राथमिकता रही है।

## गांधी परिवार के साथ संबंध होने के चलते वरुण को लिए टिकट नहीं दिया : अधीर

**बहरामपुर (प.बंगाल)।** कांग्रेस के वरिष्ठ नेता अधीर रंजन चौधरी ने मंगलवार को दावा किया कि गांधी परिवार से संबंध होने के कारण भाजपा ने वरुण गांधी को लोकसभा चुनाव लड़ने के लिए टिकट नहीं दिया। उन्होंने वरुण गांधी को कांग्रेस में शामिल होने का न्योता भी दिया। चौधरी ने वरुण को एक "दबंग नेता" बताया और कहा कि वह एक साफ छवि वाले पढ़े लिखे व्यक्ति हैं। निवर्तमान लोकसभा में कांग्रेस के नेता चौधरी ने कहा-वह एक दबंग नेता और बहुत शिक्षित व्यक्ति हैं। उनकी छवि साफ-सुथरी है। वरुण गांधी का गांधी परिवार से संबंध है। यही कारण है कि भाजपा ने उन्हें (लोकसभा चुनाव के लिए) टिकट देने से इनकार कर दिया। मुझे लगता है कि उन्हें (कांग्रेस में शामिल होने) आना चाहिए, हमें बहुत खुशी होगी।

## मोदी के खिलाफ अपशब्द बोल रहे विपक्षी इनको रोके निर्वाचन आयोग

नई दिल्ली, एजेंसी

- आचार संहिता उल्लंघन पर समान दृष्टिकोण अपनाए आयोग

भाजपा ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के खिलाफ तमिलनाडु की मंत्री अनिता राधाकृष्णन समेत विपक्षी नेताओं की आपत्तिजनक टिप्पणियों और उनके खिलाफ कार्रवाई नहीं होने का मुद्दा उठाया। पार्टी ने निर्वाचन आयोग से चुनाव आचार संहिता उल्लंघन के खिलाफ स्वयं ही कड़े कदम उठाने का अनुरोध किया। भाजपा ने आचार संहिता उल्लंघन के मामलों में विभिन्न राज्यों में चुनाव अधिकारियों के 'अलग-अलग' रुख अपनाए जाने का जिक्र किया और दावा किया कि कर्नाटक, तेलंगाना, केरल, तमिलनाडु और पश्चिम बंगाल जैसे राज्यों में नेताओं के खिलाफ ज्यादा कुछ नहीं किया गया है। इन सभी राज्यों में भाजपा की प्रतिद्वंद्वी पार्टियों की सरकार है।

केंद्रीय मंत्री अश्विनी वैष्णव और महासचिव विनोद तावड़े सहित भाजपा के एक प्रतिनिधिमंडल ने इस 'विसंगति' को रेखांकित करने के लिए निर्वाचन आयोग से मुलाकात की। तावड़े ने बाद में संवाददाताओं से कहा कि विपक्षी नेता लगातार मोदी के विरूद्ध अपशब्द कह रहे हैं और महिला शक्ति तथा भारतीय संस्कृति को बदनाम कर रहे हैं।

## हेमंत सोरेन की याचिका पर उच्चतम न्यायालय में 1 अप्रैल को सुनवाई

**नई दिल्ली।** उच्चतम न्यायालय झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की उस याचिका पर 1 अपैल को सुनवाई करने वाला है, जिसमें विधानसभा सत्र में शामिल होने की अनुमति देने से इनकार करने के उच्च न्यायालय के फैसले को चुनौती दी गई है। न्यायमूर्ति सूर्यकांत और न्यायमूर्ति के. वी.विश्वनाथन की पीठ सोरेन की याचिका पर सुनवाई करेगी, जिन्हें धन शोधन के एक मामले में 31 जनवरी को प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने गिरफ्तार किया था। सोरेन ने 23 फरवरी से शुरू और दो मार्च को संपन्न हुए विधानसभा के बजट सत्र में शामिल होने देने की झारखंड उच्च न्यायालय से अनुमति मांगी थी।

# कांग्रेस युवाओं का भविष्य बनाना चाहती और भाजपा भटकाना

नई दिल्ली, एजेंसी

- कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने केंद्र सरकार पर साधा निशाना



कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने रोजगार के मुद्दे को लेकर मंगलवार को केंद्र सरकार पर निशाना साधा और कहा कि उनकी पार्टी युवाओं का भविष्य बनाना चाहती है और भाजपा उन्हें भटकाना चाहती है।

राहुल गांधी ने 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा, ''नरेन्द्र मोदी जी, क्या आपके पास रोज़गार के लिये कोई योजना थी भी? यही सवाल आज हर युवा की जुबान पर है। गली-गली, गांव-गांव भाजपा वालों से पूछा जा रहा है- आखिर हर साल दो करोड़ नौकरी देने का झूठ क्यों बोला गया था?'' उन्होंने कहा कि कांग्रेस ने 'युवा न्याय' के तहत रोज़गार क्रांति का संकल्प लिया है। कांग्रेस नेता के अनुसार-हमारी गारंटी है कि हम सरकार में आते ही 30 लाख सरकारी पदों को भरेंगे, हर शिक्षित युवा को 'पहली नौकरी पक्की' योजना के तहत 1 लाख रुपये सालाना की नौकरी देंगे और कानून बना कर पेपर लीक से मुक्ति दिलाएंगे। राहुल गांधी ने कहा, ''यह वक्त दो विचारधाराओं की नीतियों के फर्क को पहचानने का है। कांग्रेस युवाओं का भविष्य बनाना चाहती है और भाजपा उन्हें भटकाना। भ्रम का जाल तोड़ कर युवाओं को अपने ही हाथों अपनी तकदीर बदलनी होगी।

### अरुणाचल पर चीन के दावे का खंडन करे सरकार



कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने मंगलवार को कहा कि अरुणाचल प्रदेश भारत का एक अविभाज्य हिस्सा है और मोदी सरकार को चीन द्वारा इस राज्य पर दावा किए जाने का बहुत सख्ती से खंडन करना चाहिए। चीन ने सोमवार को एक बार फिर यह दावा किया कि अरुणाचल प्रदेश ''हमेशा'' उसका क्षेत्र रहा है। हालांकि भारत ने बीजिंग के दावे को ''बेतुका'' और ''हास्यास्पद'' बताकर खारिज कर दिया। खरगे ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर पोस्ट किया कि अरुणाचल प्रदेश भारत का एक अविभाज्य हिस्सा है। उन्होंने यह भी कहा, ''कांग्रेस अरुणाचल प्रदेश पर चीन के किसी भी दावे की कड़ी निंदा और विरोध करती है। यह एक महीने में चौथी बार है, जब चीन ने पूरी तरह से हास्यास्पद और बेतुके दावे किए हैं।'' खरगे का कहना है कि स्थानों का नाम बदलकर और दूसरे देशों से संबंधित क्षेत्रों के नक्शे दोबारा बनाकर बेतुके दावे करने में चीन का रिकॉर्ड सर्वविदित है।

# सीएसके की दूसरी जीत गुजरात को 63 रनों से हराया



शिवम दूबे

चेन्नई, एजेंसी

- सीएसके के लिए ऋतुराज गायकवाड़ और रचिन रविंद्र ने 46-46 रनों का योगदान दिया
- सीएसके के दीपक चहर, मुस्तफिजुर रहमान और तुषार देशपांडे ने दो-दो विकेट झटके

पिछली चैम्पियन चेन्नई सुपर किंग्स (सीएसके) ने रचिन रविंद्र (46 रन) की धमाकेदार शुरूआत के बाद शिवम दूबे (51 रन) के अर्धशतक की बदौलत चुनौतीपूर्ण लक्ष्य देने के बाद गेंदबाजों के अच्छे प्रदर्शन से मंगलवार को यहां इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के एकतरफा टी20 मैच में गुजरात टाइटन्स को 63 रन से हरा दिया।

सीएसके ने बल्लेबाजी का न्योता मिलने के बाद छह विकेट पर 206 रन का चुनौतीपूर्ण स्कोर खड़ा किया। रचिन ने पावरपले का पूरा इस्तेमाल करते हुए 20 गेंद में छह चौके और तीन छक्के से 46 रन बनाये। उन्होंने और कप्तान ऋुराज गायकवाड़ (46) ने पहले विकेट के लिए 32 गेंद में 62 रन की साझेदारी कर शानदार शुरूआत करायी। फिर दूबे ने 23 गेंद में 51 रन (दो चौके, पांच छक्के) जड़कर गुजरात टाइटन्स के बल्लेबाजों के लिए बड़ा स्कोर खड़ा करने में मदद की। गुजरात टाइटन्स की टीम की शुरूआत अच्छी नहीं रही जिसने पावरप्ले में दो विकेट गंवा दिये। इसके बाद टीम इन झटकों से उबर ही नहीं सकी और 20 ओवर में आठ विकेट पर 143 रन ही बना सकी। साई सुदर्शन 37 रन बनाकर शीर्ष स्कोर रहे। दीपक चाहर (28 रन देकर दो विकेट) ने सीएसके के लिए विकेट झटकने का सिलसिला शुरू किया और पावरप्ले में पहले दो विकेट अपनी झोली में डाले। चाहर ने गुजरात टाइटन्स के कप्तान शुभमन गिल (08 रन) तीसरे ही ओवर में और विकेटकीपर बल्लेबाज रिद्धिमान साहा (21) को पांचवें ओवर में आउट कर दिया। विजय शंकर (12) 12 गेंद ही खेल सके और डेरिल मिचेल का शिकार हुए जिससे स्कोर तीन विकेट पर 55 रन था। मध्यक्रम पर दबाव बढ़ता जा रहा था और 10 ओवर तक गुजरात टाइटन्स का स्कोर तीन विकेट पर 80 रन था जिससे जीत के लिए अगली 60 गेंद में 127 रन बनाने थे जो मेहमान टीम की बल्लेबाजी को देखते हुए असंभव ही लग रहा था। तुषार देशपांडे और मुस्तफिजुर रहमान ने भी दो दो विकेट अपने नाम किये। देशपांडे की गेंद पर अजिंक्य रहाणे ने डेविड मिलर (21 रन) का शानदार कैच लपका। इस गेंदबाज ने फिर अजमतुल्लाह ओमरजई के रूप में दूसरा विकेट प्राप्त किया। माथिशा पाथिराना ने इस दौरान साई सुदर्शन की पारी समाप्त की। मुस्तफिजुर रहमान ने फिर राशिद खान और राहुल तेवतिया के रूप में दो विकेट झटक लिये। दूबे की पारी शानदार रही जिसमें उन्होंने साई किशोर पर दो गगनदायी छक्के जड़े और जॉनसन की गेंद पर भी छक्का जमाया। दूबे ने डेरिल मिचेल (20 गेंद में 24 रन) के साथ 5.5 ओवर में 57 रन की साझेदारी निभायी।

**चेन्नई 206/6** — 20 ओवर, अतिरिक्त : 06

| बल्लेबाज | रन | गेंद | 4/6 |
|---|---|---|---|
| ऋतुराज गायकवाड़ का साहा बो जॉनसन | 46 | 36 | 5/1 |
| रचिन रविंद्र स्ट साहा बो राशिद खान | 46 | 20 | 6/3 |
| अजिंक्य रहाणे स्ट साहा बो साई किशोर | 12 | 12 | 0/0 |
| शिवम दूबे का शंकर बो राशिद खान | 51 | 23 | 2/5 |
| डेरिल मिचेल रन आउट | 24 | 20 | 2/0 |
| समीर रिज्वी का मिलर बो शर्मा | 14 | 06 | 0/2 |
| रविंद्र जडेजा नाबाद | 07 | 03 | 1/0 |

**गेंदबाजी :** अजमतुल्लाह ओमरजई 3-0-30-0, उमेश यादव 2-0-27-0, राशिद खान 4-0-49-2, साई किशोर 3-0-28-1, स्पेंसर जॉनसन 4-0-35-1, मोहित शर्मा 4-0-36-1

**गुजरात 143/8** — 20 ओवर, अतिरिक्त : 11

| बल्लेबाज | रन | गेंद | 4/6 |
|---|---|---|---|
| रिद्धिमान साहा का देशपांडे बो चाहर | 21 | 17 | 4/0 |
| शुभमन गिल पगबाधा बो चाहर | 08 | 05 | 0/1 |
| साई सुदर्शन का रिज्वी बो पाथिराना | 37 | 31 | 3/0 |
| विजय शंकर का धोनी बो मिचेल | 12 | 12 | 0/1 |
| डेविड मिलर का रहाणे बो तुषार देशपांडे | 21 | 16 | 3/0 |
| ओमरजई का रविंद्र बो तुषा देशपांडे | 11 | 10 | 1/0 |
| राहुल तेवतिया का रविंद्र बो मुस्तफिजुर | 06 | 11 | 1/0 |
| राशिद खान का रविंद्र बो मुस्तफिजुर | 01 | 02 | 0/0 |
| उमेश यादव नाबाद | 10 | 11 | 0/1 |
| स्पेंसर जॉनसन नाबाद | 05 | 05 | 1/0 |

**गेंदबाजी :** दीपक चाहर 4-0-28-2 मुस्तफिजुर रहमान 4-0-30-2, तुषार देशपांडे 4-0-21-2, रविंद्र जडेजा 2-0-15-0, डेरिल मिचेल 2-0-18-1, माथिया पाथिराना 4-0-29-1

# कोहली की पारी से पंजाब पस्त

बेंगलुरू, एजेंसी

- पंजाब किंग्स की ओर से कप्तान शिखर धवन ने सर्वाधिक 45 रनों का योगदान दिया
- आरसीबी के लिए मोहम्मद सिराज और ग्लेन मैक्सवेल ने दो दो विकेट झटके
- आरसीबी के विराट कोहली को पारी की पहली ही गेंद पर मिला था जीवनदान

विराट कोहली के आक्रामक अर्धशतक की मदद से रॉयल चैलेंजर्स बेंगलोर ने होली के दिन सोमवार को अपने घरेलू मैदान पर जीत के रंग बिखेरते हुए पंजाब किंग्स को आईपीएल के रोमांचक मैच में सोमवार को चार विकेट से हरा दिया। जीत के लिये 177 रन का लक्ष्य आरसीबी ने चार गेंद बाकी रहते हासिल किया। कोहली ने 49 गेंद में 11 चौकों और दो छक्कों की मदद से 77 रन बनाये। आरसीबी को आखिरी 24 गेंद में 47 रन की जरूरत थी जब दिनेश कार्तिक ने दस गेंद में नाबाद 28 और 'इंपैक्ट प्लेयर' महिपाल लोमरोर ने आठ गेंद में नाबाद 17 रन बनाये। कार्तिक ने फिनिशर की भूमिका बखूबी निभाते हुए हर्षल पटेल और अर्शदीप सिंह को छक्के जड़कर टीम को लक्ष्य तक पहुंचाया।



विराट कोहली

कोहली को अपनी पारी की पहली ही गेंद पर जीवनदान मिला और उसके बाद 33 के स्कोर पर भी वह बाल बाल बचे। दोनों बाद गेंदबाज सैम कुरेन थे। पहले ओवर में कैच छूटने के बाद उन्होंने कुरेन को तीन और चौके जड़कर 16 रन निकाले। इससे पहले कप्तान शिखर धवन और जितेश शर्मा की उपयोगी पारियों के दम पर पंजाब किंग्स ने चिन्नास्वामी स्टेडियम की उछाल लेती पिच पर छह विकेट पर 176 रन बनाये। धवन ने 37 गेंद में 45 रन बनाये जबकि जितेश ने 20 गेंद में 27 रन की पारी खेली। प्रभसिमरन सिंह ने 17 गेंद में 25 रन बनाये। आरसीबी ने हरी भरी पिच पर टॉस जीतकर गेंदबाजी का फैसला लिया था। आरसीबी के लिये मोहम्मद सिराज और ग्लेन मैक्सवेल ने दो दो विकेट लिये। पंजाब की शुरूआत खराब रही और जॉनी बेयरस्टो जल्दी आउट हो गए। पहला विकेट 17 रन पर गंवाने के बाद धवन और प्रभसिमरन ने 38 गेंद में 55 रन जोड़े। खतरनाक होती इस साझेदारी को मैक्सवेल ने तोड़ा। रावत ने 12वें ओवर में लियाम लिविंगस्टोन का भी कैच लपका और इस बार गेंदबाज अलजारी जोसेफ थे। अगली गेंद पर पंजाब को सबसे बड़ा झटका धवन के विकेट के रूप में मिला। पंजाब का स्कोर इस समय 12.1 ओवर में चार विकेट पर 98 रन था। इसके बाद जितेश ने डागर को लगातार दो छक्के लगाये। उन्होंने सैम कुरेन के साथ पांचवें विकेट के लिये 34 गेंद में 52 रन जोड़कर टीम को 150 रन के पार पहुंचाया। शशांक सिंह ने जोसेफ के आखिरी ओवर में 20 रन निकाले।

**पंजाब 176/6** — 20 ओवर, अतिरिक्त : 08

| बल्लेबाज | रन | गेंद | 4/6 |
|---|---|---|---|
| शिखर धवन का कोहली बो मैक्सवेल | 45 | 37 | 5/1 |
| जॉनी बेयरस्टो का कोहली बो सिराज | 08 | 06 | 2/0 |
| प्रभसिमरन सिंह का रावत बो मैक्सवेल | 25 | 17 | 2/2 |
| लियाम लिविंगस्टोन का रावत बो जोसेफ | 17 | 13 | 1/1 |
| सैम कुरेन का रावत बो दयाल | 23 | 17 | 3/0 |
| जितेश शर्मा का रावत बो सिराज | 27 | 20 | 1/2 |
| शशांक सिंह नाबाद | 21 | 08 | 1/2 |
| हरप्रीत बरार नाबाद | 02 | 02 | 0/0 |

**गेंदबाजी :** सिराज 4-0-26-2, ग्रीन 2-0-19-0, दयाल 4-0-23-1, जोसेफ 4-0-43-1, डागर 3-0-34-0, मैक्सवेल 3-0-29-2

**बेंगलोर 178/6** — 19 .2 ओवर, अतिरिक्त : 18

| बल्लेबाज | रन | गेंद | 4/6 |
|---|---|---|---|
| विराट कोहली का बरार बो पटेल | 77 | 49 | 11/2 |
| फाफ डु प्लेसी का कुरेन बो रबाडा | 03 | 07 | 0/0 |
| कैमरन ग्रीन कर शर्मा बो रबाडा | 03 | 05 | 0/0 |
| रजत पाटीदार बो बरार | 18 | 18 | 1/1 |
| ग्लेन मैक्सवेल बो बरार | 03 | 05 | 0/0 |
| अनुज रावत पगबाधा बो कुरेन | 11 | 14 | 1/0 |
| दिनेश कार्तिक नाबाद | 28 | 10 | 3/2 |
| महिपाल लोमरोर नाबाद | 17 | 08 | 1/1 |

**गेंदबाजी :** कुरेन 3-0-30-0, अर्शदीप 3 .2-0-40-0, रबाडा 4-0-23-2, बरार 4-0-13-2, पटेल 4-0-45-1, चाहर 1-0-16-0

## अंकतालिका

| टीम | मैच | जीत | हार | टाई | अंक | रन रेट |
|---|---|---|---|---|---|---|
| चेन्नई सुपरकिंग्स | 02 | 02 | 00 | 00 | 04 | +1.979 |
| राजस्थान रॉयल्स | 01 | 01 | 00 | 00 | 02 | +1.000 |
| कोलकाता नाइट राइडर्स | 01 | 01 | 00 | 00 | 02 | +0.200 |
| पंजाब किंग्स | 02 | 01 | 01 | 00 | 02 | +0.025 |
| रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु | 02 | 01 | 01 | 00 | 02 | -0.180 |
| गुजरात टाइटंस | 02 | 01 | 01 | 00 | 02 | -1.425 |
| सनराइजर्स हैदराबाद | 01 | 00 | 01 | 00 | 00 | -0.200 |
| मुंबई इंडियंस | 01 | 00 | 01 | 00 | 00 | -0.300 |
| दिल्ली कैपिटल्स | 01 | 00 | 01 | 00 | 00 | -0.455 |
| लखनऊ सुपर जायंट्स | 01 | 00 | 01 | 00 | 00 | -1.000 |

## खेल डायरी

### बोपन्ना-एब्डेन मियामी ओपन के क्वार्टर फाइनल में

**मियामी गार्डन्स (अमेरिका)।** भारतीय टेनिस खिलाड़ी रोहन बोप्पाना और उनके आस्ट्रेलियाई जोड़ीदार मैथ्यू एब्डेन ने यहां एक संघर्ष पूर्ण मुकाबले में ह्यूगो निस और जान ज़िलिंस्की को हराकर मियामी ओपन टेनिस टूर्नामेंट के पुरुष युगल क्वार्टर फाइनल में प्रवेश किया। बोपन्ना और एब्डेन की शीर्ष वरीयता प्राप्त जोड़ी ने सोमवार की रात खेले गए एटीपी मास्टर्स 1000 टूर्नामेंट के दूसरे दौर में मोनेगास्क के निस और पोलैंड के ज़िलिंस्की को 7-5, 7-6 (3) से पराजित किया। यह मुकाबला एक घंटा 39 मिनट तक चला।

### साथियान विश्व रैंकिंग में 60वें स्थान पर पहुंचे

**नयी दिल्ली।** भारत के शीर्ष टेबल टेनिस खिलाड़ी जी साथियान पिछले सप्ताह बेरूत में खेली गई प्रतियोगिता में अच्छा प्रदर्शन करने के दम पर मंगलवार को जारी विश्व रैंकिंग में 43 पायदान की छलांग लगाकर 60वें स्थान पर पहुंच गए जबकि महिला वर्ग में खिताब जीतने वाली श्रीजा अकुला अपने करियर की सर्वश्रेष्ठ 40वीं रैंकिंग पर पहुंच गई है। साथियान हाल में रैंकिंग में शीर्ष 100 से बाहर हो गए थे। बेरूत में खिताब जीतने पर उन्हें 125 अंक मिले।

### एसीसी ने महिला एशिया कप का कार्यक्रम किया जारी

**नयी दिल्ली।** एशियन क्रिकेट काउंसिल (एसीसी) ने मंगलवार को महिला टी-20 एशिया कप का कार्यक्रम जारी कर दिया है। श्रीलंका के दांबुला में 19 जुलाई से शुरु टूर्नामेंट 28 जुलाई तक चलेगा। इस बार श्रीलंका की महिला टीम एशिया कप में आठ टीमें हिस्सा लेंगी। महिला टी-20 एशिया कप में भारत, पाकिस्तान, श्रीलंका और बंगलादेश, संयुक्त अरब अमीरात, मलेशिया, नेपाल और थाईलैंड की टीमें हिस्सा लेंगी। कार्यक्रम के अनुसार 26 जुलाई को दोनों सेमीफाइनल खेले जायेंगे। वहीं फाइनल मुकाबला 28 जुलाई को होगा।

# लीग में पहली जीत की तलाश में एक दूसरे से भिड़ेंगे मुंबई और हैदराबाद

हैदराबाद, एजेंसी

मुंबई इंडियंस और सनराइजर्स हैदराबाद को इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के अपने शुरुआती मुकाबलों में हार का सामना करना पड़ा और बुधवार को जब यह दोनों टीम आमने-सामने होंगी तो उनका लक्ष्य जीत दर्ज करके खाता खोलना होगा। पांच बार के चैंपियन मुंबई इंडियंस की शुरुआत हमेशा की तरह अच्छी नहीं रही। गुजरात टाइटंस के खिलाफ मैच में जीत की स्थिति में होने के बावजूद आखिर में उसे हार का सामना करना पड़ा। इस मैच में हालांकि जसप्रीत बुमराह की शानदार गेंदबाजी, डेवाल्ड ब्रेविस की प्रभावशाली पारी और शीर्ष क्रम में रोहित शर्मा का उपयोगी योगदान उसके लिए सकारात्मक पहलू रहे।

**मुंबई इंडियंस :** हार्दिक पंड्या (कप्तान), रोहित शर्मा, डेवाल्ड ब्रेविस, जसप्रीत बुमराह, पीयूष चावला, गेराल्ड कोएत्ज़ी, टिम डेविड, श्रेयस गोपाल, ईशान किशन, अंशुल कंबोज, कुमार कार्तिकेय, आकाश मधवाल, क्वेना मफाका, मोहम्मद नबी, शम्स मुलानी , नमन धीर, शिवालिक शर्मा, रोमारियो शेफर्ड, अर्जुन तेंदुलकर, नुवान तुषारा, तिलक वर्मा, विष्णु विनोद, नेहल वढेरा, ल्यूक वुड, सूर्यकुमार यादव।

**सनराइजर्स हैदराबाद :** पैट कमिंस (कप्तान), अब्दुल समद, अभिषेक शर्मा, एडेन मार्कराम, ट्रैविस हेड, वानिंदु हसरंगा, मार्को यानसन, राहुल त्रिपाठी, वाशिंगटन सुंदर, ग्लेन फिलिप्स, सनवीर सिंह, हेनरिक क्लासेन, भुवनेश्वर कुमार, मयंक अग्रवाल, टी. नटराजन, अनमोलप्रीत सिंह, मयंक मारकंडे, उपेन्द्र सिंह यादव, उमरान मलिक, नीतीश कुमार रेड्डी, फजलहक फारूकी, शाहबाज अहमद, जयदेव उनादकट, आकाश सिंह, जाथवेध सुब्रमण्यन। **मैच शाम 7 .30 बजे शुरू होगा।**

मुंबई को एक समय 36 गेंद पर 48 रन की जरूरत थी और उसके सात विकेट बचे हुए थे लेकिन वह इसे हासिल नहीं कर पाया जो टीम प्रबंधन के लिए चिंता का विषय होगा। पहली बार मुंबई की कप्तानी कर रहे हार्दिक पंड्या सातवें नंबर पर बल्लेबाजी के लिए उतरे लेकिन उनकी यह रणनीति नहीं चल पाई। उन्हें इस पर फिर से विचार करना होगा क्योंकि पिछले साल गुजरात टाइटंस की तरफ से खेलते हुए उन्होंने ऊपरी क्रम में अच्छा प्रभाव छोड़ा था। सलामी बल्लेबाज ईशान किशन केवल चार गेंद का सामना कर पाए थे और अब टीम को उनसे अच्छी शुरुआत की उम्मीद होगी।

## शाकिब अल हसन की दूसरे टेस्ट के लिए टीम में वापसी

**सिलहट (बांग्लादेश)।** ऑल राउंडर शाकिब अल हसन को आंख की समस्या के बाद फिट पाये जाने के बाद शनिवार को चटगांव में श्रीलंका के खिलाफ होने वाले दूसरे और अंतिम टेस्ट के लिए बांग्लादेश की टीम में शामिल किया गया। बांग्लादेश पहला टेस्ट चार दिन में 328 रन से हार गया था। शाकिब नवंबर में भारत में हुए विश्व कप के बाद से राष्ट्रीय टीम से बाहर हैं। उन्होंने 82 रन बनाये और दो विकेट लिये थे, जिससे टीम ने श्रीलंका को हरा दिया था। लेकिन उनके बायें हाथ की तर्जनी उंगली चोटिल हो गयी थी और नजर संबंधित समस्या का भी पता चला था। वह फिट होने के बाद पिछले दो महीनों से बांग्लादेश में और ढाका प्रीमियर लीग में खेल रहे हैं।

# भारत-ऑस्ट्रेलिया टेस्ट शृंखला 22 नवंबर से


मेलबर्न, एजेंसी

भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच पांच मैचों की टेस्ट शृंखला 22 नवंबर को पर्थ के ऑप्टस स्टेडियम में शुरू होगी। ऑस्ट्रेलिया अमूमन अपने सत्र का पहला टेस्ट मैच एडिलेड ओवल में खेलता रहा है लेकिन भारत के खिलाफ वहां दूसरा टेस्ट मैच खेला जाएगा जो 6 से 10 दिसंबर तक चलेगा। यह दिन रात्रि मैच होगा। तीसरा टेस्ट मैच 14 से 18 दिसंबर के बीच ब्रिस्बेन में खेला जाएगा जबकि मेलबर्न हमेशा की तरह 26 से 30 दिसंबर के बीच बॉक्सिंग डे टेस्ट मैच की मेजबानी करेगा। सिडनी में नए साल पर 3 से 7 जनवरी के बीच पांचवा और अंतिम टेस्ट मैच खेला जाएगा। क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया ने मंगलवार को अगली गर्मियों के लिए अपने क्रिकेट कार्यक्रम की घोषणा की। भारत के खिलाफ शृंखला इसका हिस्सा है। क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया के कार्यक्रम प्रमुख पीटर रोच ने कहा कि पर्थ को पहले टेस्ट की मेजबानी का अधिकार देने के पीछे सबसे महत्वपूर्ण कारकों में से एक इसका दोनों देशों के दर्शकों के लिए अनुकूल प्रसारण क्षेत्र का होना है। उन्होंने कहा, ''हमारी राष्ट्रीय टीम की स्पष्ट सलाह है कि टेस्ट शृंखला की शुरुआत उन स्थानों पर की जानी चाहिए जहां वे अधिक सहज हों तथा पर्थ और ब्रिस्बेन इस तरह के स्थान हैं।'' इससे पहले क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया ने सोमवार को घोषणा की थी कि बॉर्डर गावस्कर ट्रॉफी के लिए खेली जाने वाली यह शृंखला पांच टेस्ट मैच की होगी।




## बॉलीवुड हलचल

# कृष 4 की तैयारी शुरू करने वाले हैं एक्टर ऋतिक रोशन



**मुंबई, एजेंसी।** ऋतिक रोशन की सुपरहीरो थ्रिलर फिल्म कृष 4 की तैयारियां शुरू हो चुकी हैं। इस फ्रैंचाइजी की पिछली तीन फिल्में कोई मिल गया, कृष और कृष 3 सुपरहिट रही थीं, जिन्हें फिल्ममेकर राकेश रोशन ने डायरेक्ट और प्रोड्यूस किया था। अब खबरों की मानें तो राकेश रोशन ने इस फ्रैंचाइजी की चौथी फिल्म की तैयारियां शुरू कर दी हैं, जो एडवांस स्टेज पर हैं। हाल ही में आई एक रिपोर्ट के अनुसार ऋतिक रोशन अपने पिता राकेश रोशन के साथ मिलकर इस समर, कॉन्सेप्ट, स्क्रिप्ट और अन्य सेगमेंट का काम शुरू करेंगे। फिलहाल ऋतिक अपनी अपकमिंग सीक्वल फिल्म वॉर 2 की शूटिंग में व्यस्त चल रहे हैं। फिल्म की शूटिंग खत्म होते ही वो कृष 4 की तैयारी में जुटेंगे। रिपोर्ट में सूत्र के हवाले से आगे लिखा गया है कि ऋतिक और राकेश रोशन आइडिया और स्क्रिप्टिंग इसी साल पूरी करने की तैयारी में हैं। इसके बाद दोनों अगले साल इसकी शूटिंग शुरू करेंगे। फिलहाल फ्रैंचाइजी की चौथी फिल्म के लिए कई अलग-अलग स्क्रिप्ट्स और आइडिया तैयार किए गए हैं। बस अब उन्हें सही स्टोरी और आइडिया चुनना है। कृष फ्रैंचाइजी की शुरुआत साल 2003 की फिल्म कोई मिल गया से हुई थी, जिसमें प्रीति जिंटा, ऋतिक रोशन, रेखा ने अहम किरदार निभाया था। इसके 3 साल बाद फिल्म का स्पिन ऑफ सीक्वेंस कृष रिलीज किया गया था।



# ट्रेलर लॉन्च पर अक्षय ने टाइगर को दी मजेदार सलाह

**मुंबई, एजेंसी।** टाइगर श्रॉफ और दिशा पाटनी एक वक्त पर बॉलीवुड का पावर पैक्ड कपल माना जाता था। लेकिन दोनों का ब्रेकअप हो गया और वह अपनी-अपनी लाइफ में व्यस्त हो गए। इसके बाद दिशा को अक्सर एक शख्स के साथ देखा जाता था जो कथित तौर पर उनके बॉयफ्रेंड थे। अब कयास लगाए जा रहे हैं कि टाइगर और दिशा दोबारा साथ आ गए हैं। इसका अंदाजा दोनों की होली मस्ती को देखकर लगाया जा रहा है। इसी बीच फिल्म 'बड़े मियां छोटे मियां' के ट्रेलर लॉन्च पर अक्षय कुमार ने टाइगर को ऐसी सलाह दी है, जिससे लोगों को एक और हिंट मिल गया है ।26 मार्च को दोपहर में अपकमिंग फिल्म 'बड़े मियां छोटे मियां' का ट्रेलर लॉन्च इवेंट था। जिसमें फिल्म की स्टार कास्ट और डायरेक्टर सब थे। अक्षय कुमार, टाइगर श्रॉफ, मानुषी छिल्लर और अलाया का अलग अंदाज देखने को मिला। इस इवेंट का एक वीडियो सामने आया है, जिसमें अक्षय, टाइगर को हिंट देते नजर आ रहे हैं। अक्षय वीडियो में कहते दिख रहे हैं, "मैं टाइगर से ये कहना चाहूंगा कि हमेशा एक ही दिशा में रहा करो।" एक्टर की बात सुनकर सभी हंसने लगे। फिर अक्षय ने जाकर टाइगर को गले लगाया।

# शादी की बात पर मां ने घर से निकाल देने की दी थी धमकी




**मुंबई, एजेंसी।** बॉलीवुड की जानी मानी डायरेक्टर और कोरियोग्राफर फराह खान एक फिल्मी परिवार में पली-बढ़ीं लेकिन उनका परिवार उस तरह का नहीं था, जहां उन्हें सब कुछ चांदी की थाली में परोसा जाता था। फराह ने कम उम्र में ही काम करना शुरू किया और जल्द ही, उन्हें एक कोरियोग्राफर के रूप में पहचान मिली। हाल ही में एक इंटरव्यू में फराह ने कहा कि उनका परिवार कई अन्य लोगों से अलग है क्योंकि वे नहीं चाहते थे कि बिना अपने पैरों पर खड़े हुए मैं शादी करूं। फराह ने कहा कि वह काम को लेकर सीरियस थीं और 20 साल की उम्र में, शादी और बच्चे उनके ख्याल में भी नहीं था, लेकिन 22 साल की उम्र में एक बार उनके मन में शादी का ख्याल आया था जब उनके परिवार ने उन्हें ऐसा न करने की सलाह दी थी। फराह ने कहा "शादी मेरे दिमाग में बिल्कुल नहीं थी। मुझे लगता है कि 22 साल या उसके आसपास की उम्र में मैंने सोचा था कि मैं शादी कर लूंगी लेकिन मेरा परिवार अजीब है। वे एकत्र हुए और उन्होंने कहा कि अगर तुमने जीवन में कुछ भी किए बिना इतनी कम उम्र में शादी कर ली तो हम तुम्हें घर से बाहर निकाल देंगे। इसलिए वे सामान्य माता-पिता जो करते हैं उसके बिल्कुल विपरीत थे।"फराह ने कहा, "मेरी माँ ने कहा कि मैं तुम्हें घर से बाहर निकाल दूंगी। शादी से तुम्हें खुद को आर्थिक रूप से स्वतंत्र होना होगा।" फराह ने कहा कि शिरीष कुंदर से मिलने से पहले उन्होंने कभी शादी के बारे में सोचा भी नहीं था।

स्वामी-रुहेलखंड इंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक शंभू दयाल वाजपेयी द्वारा अमृत विचार प्रकाशन, नवादा जोगियान, चक रोड, रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज के सामने,बरेली,पिन कोड-243006 से मुद्रित एवं 932 कटरा चांद खां, भारत पेट्रोल पंप के सामने पीलीभीत बाईपास रोड बरेली (उ.प्र.) पिन कोड-243005 से प्रकाशित। **संपादक-शंभू दयाल वाजपेयी, कार्यकारी संपादक- नवीन गुप्ता*** 0581-4000222 (कार्यालय), ईमेल-amritvichar120@gmail.com, info@amritvichar.com, आर.एन.आई नं0-UPHIN/2019/78502, *इस अंक में प्रकाशित समाचार के चयन एवं संपादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट की धारा 7 के अंतर्गत उत्तरदायी। (नोट-सभी विवादों का न्यायक्षेत्र बरेली होगा)।

# समाचार प्रकाशन के खिलाफ प्री-ट्रायल निषेधाज्ञा गलत, शीर्ष कोर्ट ने पलटा आदेश

नई दिल्ली, एजेंसी



- अंतर्राष्ट्रीय मीडिया समूह ब्लूमबर्ग से जुड़ी अवमानना याचिका पर सुप्रीम कोर्ट ने सुनाया फैसला

अभिव्यक्ति की आजादी के मामले में सुप्रीम कोर्ट की तीन जजों की पीठ ने अंतर्राष्ट्रीय मीडिया समूह ब्लूमबर्ग से जुड़ी अवमानना याचिका पर फैसला सुनाया। चीफ जस्टिस डीवाई चंद्रचूड़ की अध्यक्षता वाली तीन जजों की पीठ ने कहा, अदालतों को असाधारण मामलों को छोड़कर किसी समाचार लेख के प्रकाशन के खिलाफ एकपक्षीय निषेधाज्ञा नहीं देना चाहिए।

अदालत ने साफ किया कि लेखक की अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता के अधिकार और जनता के जानने के अधिकार पर गंभीर प्रभाव पड़ सकता है। इस टिप्पणी के साथ शीर्ष अदालत ने देश की मशहूर मीडिया समूह के खिलाफ कथित तौर पर अपमानजनक समाचार लेख का प्रकाशन रोकने वाले ट्रायल कोर्ट के आदेश को भी निरस्त कर दिया।

अंतर्राष्ट्रीय मीडिया समूह ब्लूमबर्ग पर जी एंटरटेनमेंट के खिलाफ अपमानजनक लेख लिखने का आरोप है। निचली अदालत ने लेख को हटाने का निर्देश दिया था, लेकिन शीर्ष अदालत ने कहा कि सामग्री के प्रकाशन के खिलाफ निषेधाज्ञा मामले की सुनवाई पूरी होने के बाद ही दी जानी चाहिए। मुख्य न्यायाधीश डीवाई चंद्रचूड़ की अध्यक्षता वाली तीन-न्यायाधीशों की पीठ ने कहा, किसी लेख के प्रकाशन के खिलाफ 'प्री-ट्रायल निषेधाज्ञा' जैसे आदेश से लेखक की अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता और जनता के जानने के अधिकार पर गंभीर प्रभाव पड़ सकता है। कोर्ट में तीन जजों की पीठ में न्यायमूर्ति जेबी पारदीवाला और न्यायमूर्ति मनोज मिश्रा भी शामिल थे।

अदालत ने कहा कि निषेधाज्ञा, विशेष रूप से एकपक्षीय नहीं होनी चाहिए। कोर्ट ने साफ किया कि जिस सामग्री का प्रकाशन प्रतिबंधित करने की मांग की गई है, वह 'दुर्भावनापूर्ण' या 'स्पष्ट रूप से झूठी' है, यह साबित हुए बिना निषेधाज्ञा का आदेश नहीं दिया जाना चाहिए। पीठ ने कहा कि दूसरे शब्दों में मुकदमे का ट्रायल शुरू होने से पहले लापरवाही से अंतरिम निषेधाज्ञा जैसे आदेश 'सार्वजनिक बहस का गला घोंटने की तरह' हैं।


## मोदी ने की बेल्जियम के पीएम से फोन पर बात, मुद्दों पर चर्चा



नई दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अपने बेल्जिम समकक्ष अलेक्जेंडर डी क्रू से फोन पर बात की है। इस दौरान दोनों शीर्ष नेताओं के बीच पश्चिम एशिया में शांति, सुरक्षा की बहाली और रूस-यूक्रेन युद्ध के मुद्दे पर चर्चा हुई। गौरतलब है कि फोन पर बातचीत के दौरान, पीएम मोदी ने पिछले सप्ताह ब्रुसेल्स में पहले परमाणु ऊर्जा शिखर सम्मेलन की सफल मेजबानी के लिए डी क्रू को भी बधाई दी। फोन पर बातचीत के बाद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सोशल मीडिया पोस्ट साझा किया। जिसमें उन्होंने लिखा, बेल्जियम के प्रधानमंत्री अलेक्जेंडर डी क्रू से बात की।

# गूगल ने 22 लाख यूट्यूब वीडियो किए डिलीट, उल्लंघन का आरोप

*गूगल का कहना है कि कंपनी ने अपनी नीतियों का उल्लंघन करने के लिए 22.5 लाख से अधिक यूट्यूब वीडियो को प्लेटफार्म से हटा दिया है। गूगल ने पिछले साल अक्टूबर से दिसंबर के बीच यह कार्रवाई की है। इससे पहले, कंपनी ने अप्रैल और जून के बीच नीतियों का उल्लंघन करने के लिए भारत में अपने प्लेटफॉर्म से 20 लाख से अधिक वीडियो को हटाए थे। गूगल ने बताया है कि उल्लंघन के आरोप में वीडियो हटाने की सूची में अमेरिका और रूस जैसे देशों को पछाड़ते हुए भारत शीर्ष पर रहा है।*



- गूगल ने कहा कि हमने पिछले एक साल में करीब 12 हजार करोड़ रुपये के स्कैम भी रोके हैं। कंपनी के अनुसार, गूगल पे पर हमने लोगों को उनकी पसंदीदा भाषा में संदिग्ध लेनदेन के बारे में तुरंत अलर्ट किया और धोखाधड़ी के प्रयासों को तुरंत रोक दिया। इसकी वजह से पिछले साल अकेले गूगल पे ने 12 हजार करोड़ रुपये के घोटाले रोके हैं।

### नीतियों का उल्लंघन करने पर हुई कार्रवाई



गूगल ने कहा कि इन वीडियो को नीतियों का उल्लंघन करने पर डिलीट किया गया है। गूगल के अनुसार, अक्टूबर और दिसंबर 2023 में दिशानिर्देशों का उल्लंघन करने के लिए भारत में उत्पन्न होने वाले लगभग 22 लाख वीडियो हटाए हैं। इससे पहले, कंपनी ने अप्रैल और जून 2023 के बीच नीतियों का उल्लंघन करने के लिए भारत में अपने प्लेटफॉर्म से 20 मिलियन से अधिक वीडियो को हटाया था। ग्लोबल स्तर पर, वीडियो-स्ट्रीमिंग दिग्गज ने इसी अवधि के दौरान नियम उल्लंघन के लिए 6.48 मिलियन से अधिक वीडियो को हटाया था।

### गूगल ने विश्वभर के देशों के 90 लाख वीडियो हटाए

यूट्यूब के आंकड़ों के अनुसार, 12 लाख से अधिक वीडियो हटाते हुए सिंगापुर इस सूची में दूसरे स्थान पर और अमेरिका लगभग आठ लाख वीडियो हटाते हुए तीसरे स्थान पर है। इंडोनेशिया लगभग सात लाख वीडियो हटाने के साथ चौथे स्थान पर है, जबकि रूस में पांच वीडियो हटाए गए हैं। वैश्विक स्तर पर 2023 की चौथी तिमाही के दौरान यूट्यूब ने अपने सामुदायिक मानदंडों का उल्लंघन करने के कारण 90 लाख से अधिक वीडियो हटा दिए। इनमें से 96 प्रतिशत से अधिक वीडियो के बारे में लोगों के बजाय मशीनों के जरिये जानकारी मिली। वीडियो को हानिकारक या खतरनाक सामग्री, बाल सुरक्षा, हिंसक या ग्राफिक सामग्री, नग्नता और यौन सामग्री, गलत सूचना और अन्य सामुदायिक मानदंडों का उल्लंघन करने के लिए हटा दिया गया था।

## एक नजर

### म्यांमार में अभय ठाकुर नए राजदूत के रूप में संभालेंगे कमान

नई दिल्ली। वरिष्ठ राजनयिक अभय ठाकुर को म्यांमार में भारत का अगला राजदूत नियुक्त किया गया है। वह वर्तमान में विदेश मंत्रालय में विशेष कार्याधिकारी के तौर पर कार्यरत हैं। विदेश मंत्रालय ने मंगलवार बताया है कि, भारतीय विदेश सेवा (आईएफएफ) के 1992-बैच के अधिकारी ठाकुर ने भारत की जी20 की अध्यक्षता के दौरान जी20 प्रक्रिया के सूस-शेरपा के रूप में कार्य किया था। विदेश मंत्रालय ने कहा, अभय ठाकुर को म्यांमार संघ गणराज्य में भारत का अगला राजदूत नियुक्त किया गया है, जो जो वर्तमान में मंत्रालय में विशेष कार्याधिकारी हैं।

### भारतीय मूल के प्रख्यात गणितज्ञ डॉ. टी एन सुब्रमण्यम का निधन

न्यूयॉर्क। भारतीय मूल के प्रख्यात गणितज्ञ डॉ. टी एन सुब्रमण्यम, जो अमेरिकी ऑटो दिग्गज जनरल मोटर्स के संस्थापक और निदेशक थे, 26 मार्च मंगलवार को 76 वर्ष की उम्र में उनका का निधन हो गया। सुब्रमण्यम 1979 में अमेरिका चले गए। भारत और अमेरिका में अकादमिक क्षेत्र में प्रसिद्ध थे। वह अपने पीछे गणित की दुनिया के लिए गणितीय मॉडल और सिद्धांतों की एक समृद्ध विरासत छोड़ गए हैं। उन्हें जनरल मोटर्स द्वारा जीएम कारों के लिए गणितीय मॉडल बनाने के लिए काम पर रखा गया था। बाद में, उन्होंने ऑटोमोटिव विनिर्माण कंपनी के लिए रूट वन कंपनी की स्थापना की, जो सभी जीएम कारों और जीपीएस सिस्टम के लिए ऑटो-फाइनेंसिंग संभालती है।

### सोनम वांगचुक ने खत्म की 21 दिनों से चल रही भूख हड़ताल

लेह। लद्दाख को राज्य का दर्जा दिए जाने और संविधान की छठी अनुसूची में शामिल करने की मांग को लेकर अनशन पर बैठे शिक्षा सुधारक सोनम वांगचुक ने मंगलवार को 21 दिनों के बाद भूख हड़ताल खत्म कर दी है। उन्होंने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से लोगों से किए वादे पूरा करने की अपील की है। साथ ही लद्दाख के लोगों से राष्ट्र हित में सावधानीपूर्वक अपने मताधिकार का इस्तेमाल करने का आह्वान किया। वांगचुक ने बच्ची के हाथ से जूस पीकर भूख हड़ताल समाप्त की। उन्होंने कहा- भूख हड़ताल की समाप्ति वर्तमान आंदोलन के नए चरण की शुरुआत है।

### अमेरिका:ट्रैफिक रोकने पर पुलिस अधिकारी को मारी गोली, मौत

न्यूयॉर्क। अमेरिका के न्यूयॉर्क में एक ट्रैफिक पुलिस अधिकारी की गोली मारकर हत्या कर दी। घायल पुलिस अधिकारी को अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां चिकित्सकों को मृत घोषित कर दिया। पत्रकारों को संबोधित करते हुए मेयर एरिक एडम्स ने कहा कि यह एक बेहद दर्दनाक घटना है। पुलिस ने बताया कि अधिकारियों ने जवाबी गोलीबारी की और गाड़ी में सवार एक व्यक्ति को घायल कर दिया। अधिकारियों ने बताया कि घायल अधिकारी को क्षेत्रीय अस्पताल ले जाया गया, जहां पुलिस अधिकारी की मौत हो गई।

# हर देश को राष्ट्रीय संप्रभुता बनाए रखने का अधिकार: एस जयशंकर

## द.चीन सागर में फिलीपींस से विवाद के बीच चीन को दो टूक- भारत करेगा फिलीपींस की मदद

मनीला, एजेंसी

दक्षिण चीन सागर में चीन के साथ फिलीपींस के विवाद के बीच भारत के विदेश मंत्री जयशंकर ने प्रतिक्रिया दी है। जयशंकर ने कहा कि भारत अपनी राष्ट्रीय संप्रभुत्ता को बनाए रखने में फिलीपींस का समर्थन करता है।

जयशंकर ने एक प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान कहा कि मनीला में फिलीपींस के विदेश मंत्री एनरिक मनालो के साथ उनकी बहुत अच्छी बातचीत हुई। उन्होंने कहा कि मैं अपनी राष्ट्रीय संप्रभुत्ता बनाए रखने के लिए फिलीपींस को भारत के समर्थन को मजबूती से दोहराता हूं।

उन्होंने इंडो-पैसिफिक, दक्षिण-पूर्व एशियाई देशों के संगठन (आसियान), पश्चिम एशिया, यूक्रेन, गुट निरपेक्ष आंदोलन और संयुक्त राष्ट्र सहित वैश्विक, क्षेत्रीय और बहुपक्षीय मुद्दों पर भी विचारों का आदान-प्रदान किया। जयशंकर ने कहा कि हम अपना सहयोग बढ़ाने के लिए तत्पर हैं।

उन्होंने कहा मैं इस अवसर पर फिलीपींस की राष्ट्रीय संप्रभुता को बनाए रखने के लिए भारत के समर्थन को दोहराता हूं। उन्होंने कहा कि जैसे-जैसे दुनिया बदल रही है। यह जरूरी है कि भारत और फिलीपींस उभरते मॉडल को आकार देने में अधिक निकटता से सहयोग करें। विदेश मंत्री ने कहा कि प्रत्येक देश को अपनी राष्ट्रीय संप्रभुत्ता को बनाए रखने का अधिकार है। उन्होंने कहा कि हमने इस पर भी चर्चा की है। जयशंकर ने कहा कि हाल ही में भारत और फिलीपींस के बीच द्विपक्षीय संबंधों में बहुत उल्लेखनीय वृद्धि हुई है।



फिलीपींस में मंगलवार को द्विपक्षीय संबंधों पर चर्चा करते विदेश सचिव एनरिक मनालो और जयशंकर।

### जयशंकर-एनरिक मनालो के बीच हुई बातचीत

जयशंकर ने एक्स पर पोस्ट किया। उन्होंने कहा कि फिलीपींस के विदेश मंत्री एनरिक मनालो के साथ गर्मजोशी भरी बातचीत हुई। जयशंकर ने कहा कि इस बैठक में राजनीतिक, रक्षा, सुरक्षा और समुद्री सहयोग, व्यापार और निवेश, बुनियादी ढांचा, विकास सहयोग, शिक्षा, डिजिटल, प्रौद्योगिकी, संस्कृति और वाणिज्य क्षेत्र में संबंधों को आगे बढ़ाने पर व्यापक चर्चा हुई।

### फिलीपींस के समर्थन को लेकर भारत पर बौखलाया चीन

फिलीपींस के साथ चल रहे समुद्री सीमा विवाद को लेकर चीन ने चेतावनी जारी करते हुए कहा कि इस मुद्दे पर तीसरे पक्ष के हस्तक्षेप को बर्दाशत नहीं किया जाएगा। इस दौरान उन्होंने भारत से दक्षिण चीन सागर पर चीन के संप्रमुभता के दावों का सम्मान करने की अपील भी की है। चीनी विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता लिन जियान ने कहा कि समुद्री विवाद संबंधित देशों के बीच का मुद्दा है और कोई भी तीसरा पक्ष इसमें हस्तक्षेप करने की स्थिति में नहीं है। हम संबंधित पक्ष से दक्षिण चीन सागर के मुद्दों के तथ्यों का सामना करने, चीन की संप्रभुता और समुद्री हितों और दक्षिण चीन सागर में शांति और स्थिरता बनाए रखने के लिए क्षेत्रीय देशों द्वारा किए गए प्रयासों का सम्मान करने का आग्रह करते हैं।

## पाक में आत्मघाती हमला, चीन के 6 लोगों की मौत

पेशावर। चीन के बेहद करीबी माने जाने वाले देश पाकिस्तान में मंगलवार को आत्मघाती बम हमले में छह चीनी नागरिकों की मौत हो गई। मीडिया रिपोर्ट के अनुसा, घटना उत्तर पश्चिमी पाकिस्तान में आत्मघाती हमलावर के चीनी नागरिकों के काफिले पर अटैक कर दिया, जिसमें भयानक विस्फोट हो गया और छह की मौत हो गई।

हमले में कितने लोग घायल हुए हैं फिलहाल इसकी जानकारी नहीं है। क्षेत्रीय पुलिस प्रमुख मोहम्मद अली ने समाचार एजेंसी रॉयटर्स को बताया कि आत्मघाती हमलावर ने विस्फोटकों से लदे एक वाहन से चीनी इंजीनियरों के एक काफिले को टक्कर मारी। सभी चीनी इंजीनियर इस्लामाबाद से खैबर पख्तूनख्वा प्रांत के दासू में अपने शिविर जा रहे थे। मोहम्मद अली ने कहा, हमले में छह चीनी नागरिक और उनके पाकिस्तानी ड्राइवर मारे गए हैं। उन्होंने कहा कि दासू में प्रमुख बांध हैं और इस क्षेत्र में पहले भी इस तरह के हमले हो चुके हैं। साल 2021 में एक बस में हुए विस्फोट में नौ चीनी नागरिकों समेत 13 लोगों की मौत हो गई थी।

## महिला सशक्तिकरण को लेकर वैश्विक मंच पर मजबूत भारत

संयुक्त राष्ट्र, एजेंसी

- रुचिरा कंबोज ने संयुक्त राष्ट्र में रखा पक्ष, यूएन ने की तारीफ

महिला सशक्तिकरण को लेकर भारत ने संयुक्त राष्ट्र में प्रभावशाली उपस्थिति दर्ज कराई है। संयुक्त राष्ट्र में भारत की स्थायी प्रतिनिधि रुचिरा कंबोज ने इस सम्मेलन में हिस्सा लिया। न्यूयॉर्क स्थित भारतीयों के स्थाई मिशन द्वारा बताया गया कि न्यूयॉर्क में महिलाओं की स्थिति पर 68वें आयोग में भारत द्वारा मजबूत पक्ष रखा गया।

इस सम्मेलन में भारत की ओर रुचिरा कंबोज ने हिस्सा लिया। इस दौरान उन्होंने अपने विचार प्रस्तुत किए। उन्होंने महिला सशक्तिकरण के साथ साथ लैंगिक समानता पर भी अपना मजबूत पक्ष रखा, जिसकी सभी ने खुलकर तारीफ भी की। न्यूयॉर्क स्थित भारतीयों के स्थायी मिशन द्वारा ट्वीट किया गया कि न्यूयॉर्क में महिलाओं की स्थिति पर 68वें आयोग में भारत ने प्रभावशाली उपस्थिति दर्ज कराई। भारत द्वारा पैनल में अपने विचार रखे गए और सशक्त पहल की गई। इस वैश्विक मंच पर भारत ने लैंगिक समानता और महिला सशक्तिकरण का नेतृत्व किया।



### अमेरिका ने जासूसी के लिए चीनी कंपनियों पर लगाये प्रतिबंध

वाशिंगटन। अमेरिका ने चीनी सरकार पर एक व्यापक साइबर जासूसी अभियान चलाने का आरोप लगाया है। अमेरिकी विदेश विभाग ने कहा कि चीन की साइबर जासूसी से वैश्विक स्तर पर लाखों लोग प्रभावित हुए हैं। इसने अमेरिकी अधिकारियों, राजनेताओं और कई अन्य लोगों को निशाना बनाया है। इस कारण चीनी कंपनी एडवांस्ड पर्सिस्टेंट थ्रेट 31 पर प्रतिबंध लगाए गए हैं। यूएस सरकार पीपुल्स रिपब्लिक ऑफ चाइना (पीआरसी) से जुड़े इस एपीटी 31 के खिलाफ कई कार्रवाई कर रही है। इसके जाल में अब तक अमेरिकी अधिकारियों, राजनेताओं सहित कई लोग फंस चुके हैं। साथ ही विभिन्न अमेरिकी आर्थिक और रक्षा संस्थाओं और अधिकारियों, विदेशी लोकतंत्र कार्यकर्ताओं, शिक्षाविदों और सरकारी अधिकारियों को भी निशाना बना चुका है।

## भारतीय राजदूत नवीन ने की नेपाल के उप प्रधानमंत्री से मुलाकात

काठमांडू। नेपाल में भारत के राजदूत नवीन श्रीवास्तव ने मंगलवार को नेपाल के उप प्रधानमंत्री और गृह मंत्री रवि लामिछाने के साथ दोनों देशों के बीच सुरक्षा तंत्र और छोटे अपराधों के साथ-साथ मानव तस्करी को रोकने के लिए सीमा प्रबंधन को मजबूत करने पर चर्चा की है।

गृह मंत्री सचिवालय के मुताबिक, भारतीय राजदूत नवीन श्रीवास्तव ने नेपाल के उप प्रधानमंत्री लामिछाने से शिष्टाचार भेंट की और बैठक के दौरान दोनों पक्षों ने ऐतिहासिक संबंधों और भौगोलिक निकटता के आधार पर दोनों देशों के बीच गहरे, व्यापक और विविध लोगों के संबंधों को और मजबूत करने के लिए आवश्यक प्रयासों पर चर्चा की है।

### अभ्यास करते सैनिक...



श्रीनगर: बारामूला संभाग के गुलमर्ग सेक्टर में नियंत्रण रेखा (एलओसी) पर तैनात भारतीय सेना स्की गश्ती दल, जम्मू-कश्मीर पुलिस बचाव दल ने उच्च बर्फ स्तर और खराब मौसम की स्थिति में हिमस्खलन बचाव कार्यों में अपनी असाधारण क्षमताओं का प्रदर्शन किया। इस प्रशिक्षण का केंद्र उच्च प्रशिक्षित के सहयोग से है, जो बर्फ के नीचे दबे व्यक्तियों का पता लगाने में माहिर हैं। भारतीय सेना हिमस्खलन बचाव दल के साथ मिलकर पीड़ितों की तेजी से पहचान करने और उनका पता लगाने के लिए खतरनाक बर्फ से ढके परिदृश्यों को नेविगेट करते हैं।

## मासूम से रेप के बाद हत्या कर शव को झाड़ी में फेंका

सूरत, एजेंसी

- यूपी और झारखंड के दो आरोपियों को पुलिस ने किया गिरफ्तार

गुजरात के सूरत जिले में एक सप्ताह पहले लापता हुई 11 वर्षीय मासूम के साथ दुष्कर्म कर हत्या कर दी और शव को झाड़ियों में फेंक दिया, इसके बाद आरोपी फरार हो गए। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। इसके बाद पुलिस ने आरोपी को पकड़ने के लिए 15 से अधिक पुलिस टीमों का गठन कर दो आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है।

पुलिस ने मंगलवार को बताया कि मूल रूप से उत्तर प्रदेश और झारखंड के रहने वाले दो लोगों को इस जघन्य अपराध के सिलसिले में गिरफ्तार किया गया है। पुलिस अधीक्षक (सूरत ग्रामीण) हितेश जॉयसर ने कहा कि पीड़िता 18 मार्च को अपने घर से लापता हो गई थी, जिसके बाद पुलिस ने एक शिकायत पर प्राथमिकी दर्ज की और उसका पता लगाने के लिए कई टीमों का गठन किया। पुलिस ने बताया कि 23 मार्च को लड़की का अर्धनग्न शव उस इलाके के पास झाड़ियों में मिला था जहां वह रहती थी। जॉयसर ने बताया कि डॉक्टरों ने बाद में पुष्टि की कि हत्या से पहले लड़की के साथ दुष्कर्म किया गया था। उन्होंने कहा- 15 से अधिक पुलिस टीमों का गठन किया, जिन्होंने 600 से अधिक घरों का सर्वेक्षण किया और दो संदिग्धों को पकड़ा है। दोनों ने अपना अपराध कबूल कर लिया है।

## अमेरिका: बाल्टीमोर में हादसे का शिकार हुए पोत में चालक दल के सभी सदस्य भारतीय

बाल्टीमोर, एजेंसी। अमेरिका के बाल्टीमोर में ब्रिज से टकराने वाले जहाज पर सवार चालक दल के सभी सदस्य भारतीय हैं। जहाज संचालक कंपनी के मुताबिक जहाज पर चालक दल के 22 सदस्य सवार थे, सभी भारतीय हैं। तटरक्षक बल, अग्निशमन विभाग समेत कई एजेंसियों का कहना है कि हादसे में कई लोगों के हताहत होने की आशंका है। हालांकि, लोगों की सटीक संख्या का पता नहीं चल सका है।

सिनर्जी मरीन ग्रुप नाम की कंपनी ने कहा, सिंगापुर के ध्वज वाला जहाज का मालिक ग्रेस ओशन प्राइवेट लिमिटेड है। जहाज बाल्टीमोर से कोलंबो जा रहा था। दो पायलटों सहित चालक दल के सभी सदस्यों का पता लगा लिया गया है। किसी के हताहत होने की सूचना नहीं है। जहाज प्रबंधन कंपनी सिनर्जी मरीन ग्रुप ने बताया कि घटना का सटीक कारण अभी तक निर्धारित नहीं किया गया है। शिपिंग कंपनी मार्सक ने कहा, बाल्टीमोर में हुए हादसे से हम भयभीत हैं। हमारी संवेदनाएं पीड़ितों के साथ हैं।

चेतावनी — द्वीपों के लिए बढ़ रहा खतरा, नासा ने जारी की चिंताजनक रिपोर्ट

# अलनीनो ने तेजी से बढ़ाया समुद्र का जलस्तर

बबलू चंद्रा, नैनीताल

अमृत विचार : पिछला वर्ष अलनीनो के नाम रहा। इस दौरान मौसमी बदलाव काफी उतार चढ़ाव पर रहे और शीतकाल लगभग सूखे की भेंट चढ़ गया। इन सबसे परे समुद्र का जलस्तर बढ़ाने में अलनीनो ने बड़ी भूमिका निभाई। नासा ने वर्ष 2023-24 की रिपोर्ट में चिंताजनक खुलासा किया है।

निःसंदेह वैश्विक ताप समुद्री तटों को निगलने में लगा हुआ है। ग्लेशियर तेजी से पिघल रहे हैं। जिसका असर समुद्र के जलस्तर में पड़ना स्वाभाविक है। यह सूचना आम इंसान की नजर से भले ही साधारण हो, लेकिन वैज्ञानिकों को बड़ी चिंता में डालने वाली है। नासा के अनुसार समुद्र के स्तर में वृद्धि दुनिया भर के तटीय समुदायों को प्रभावित कर रही है, विशेष रूप से समुद्री द्वीपों लिए, जिनके समुद्र में समा जाने से कतई इंकार नही किया जा सकता। हाल में सक्रिय रहा अलनीनो वैश्विक समुद्र स्तर में तेजी से बढ़ोतरी कर गया। डेटासेट से प्राप्त आंकड़ों के आधार पर वर्ष 2022-23 के जलस्तर का मापन किया गया। जिससे पता चला कि इस वर्ष 0.3 इंच समुद्र के जलस्तर में बढ़ोतरी हुई है। पिछले आंकड़ों की तुलना में यह जलस्तर बहुत तेजी से बड़ा है। जिसकी वजह अलनीनो की सक्रियता रही। नासा के नेतृत्व में यह विश्लेषण समुद्र स्तर के डेटासेट पर आधारित है। जिसमें 30 से अधिक वर्षों के उपग्रह के आंकड़े शामिल किए गए।



समुद्र तट से सटे होनोलूलू द्वीप शहर की तस्वीर।

### 30 वर्ष में 9.4 सेमी बढ़ा समुद्र का जलस्तर

नासा के मुताबिक 1993 के बाद से 23 के बीच वैश्विक औसत समुद्र स्तर में 9.4 सेंटीमीटर की वृद्धि हुई है। वृद्धि की दर हाल के वर्षों में अधिक रही है। 1993 में 0.07 इंच (0.18 सेंटीमीटर) आंकी की गई थी। जिसकी तुलना में अब लगभग दोगुनी से भी अधिक होकर हो चुकी है। वर्तमान दर 0.17 इंच (0.42 सेंटीमीटर) प्रति दर्ज की गई है। नासा की समुद्र स्तर परिवर्तन टीम और वाशिंगटन मे महासागर भौतिकी कार्यक्रम के सामुहिक शोध में यह खुलासा हुआ है।

## हमास ने युद्धविराम के नए प्रस्ताव को किया खारिज

यरूशलम। हमास ने इजराइल पर नए युद्धविराम प्रस्ताव की प्रमुख मांगों की अनदेखी करने का आरोप लगाते हुए खारिज कर दिया है। इस प्रस्ताव में युद्धविराम और बंधकों की रिहाई सुनिश्चित करने को कहा गया था।

चरमपंथी समूह ने कहा कि उसने मध्यस्थों को सूचित किया है कि वह अपनी मूल स्थिति पर कायम है, जिसे मार्च की शुरुआत में बताया गया था। इसमें कहा गया है कि इजराइल ने 'व्यापक युद्धविराम, गाजा से (बंधकों की) वापसी, विस्थापित लोगों की वापसी और वास्तविक कैदियों की अदला-बदली' की उसकी मूल मांगों का जवाब नहीं दिया है। हमास के बयान से कुछ समय पहले ही संयुक्त राष्ट्र ने गाजा में बंदी बनाए गए सभी लोगों की रिहाई और तत्काल युद्धविराम करने के प्रस्ताव को मंजूरी दी थी। इस संबंध में इजराइल-अमेरिका के बीच गतिरोध पैदा हो गया।

## भारत का उद्देश्य शांति-सद्भावना को बढ़ाना

जिनेवा, एजेंसी

- जिनेवा में आईपीयू के सम्मेलन में बोले राज्यसभा के उपसभापति

जिनेवा में अंतर-संसदीय संघ (आईपीयू) की 148वीं सभा में राज्यसभा के उपसभापति हरिवंश नारायण सिंह ने शिरकत की। हरिवंश ने सम्मेलन में कहा कि बढ़ती परस्पर निर्भरता और परस्पर जुड़ाव के युग में दुनिया को कई अंतर्राष्ट्रीय चुनौतियों का सामना करना पड़ रहा है।

संसदीय कूटनीति इन जटिल चुनौतियों का समाधान करते हुए राष्ट्रों के बीच सहयोग और शांति को बढ़ावा देने का एक अवसर प्रदान करती है। हरिवंश ने कहा कि भारत क्षेत्रीय और अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर संसदीय भागीदारी को बढ़ावा देने में विश्वास करता है और अपने ज्ञान और अनुभव को साझा करके क्षमता निर्माण में अन्य देशों की मदद करने के लिए भी तैयार है। गौरतलब है कि पहले सेशन के दौरान पाकिस्तान को आड़े हाथ लेते हुए उन्होंने भारत के खिलाफ लगातार की जा रही बेतुकी बयानबाजी को खारिज किया।



सम्मेलन के दूसरे भाग के दौरान में हरिवंश नारायण सिंह ने संसदीय कूटनीतिः अंतर्राष्ट्रीय शांति और सुरक्षा के लिए पुलों का निर्माण विषय पर सम्मेलन को संबोधित किया। हरिवंश ने दूर-दूर तक शांति और सद्भाव को बढ़ावा देने के लिए प्राचीन भारतीय इतिहास का जिक्र भी किया। अपने संबोधन के दौरान उन्होंने उन्होंने जी20 और पी30 सम्मेलनों की उपलब्धियों पर भी प्रकाश डाला, जो 'वसुधैव कुटुम्बकम' के प्राचीन दर्शन पर आधारित थे। उन्होंने भारत को 'लोकतंत्र की जननी' बताते हुए कहा कि भारत में प्राचीन काल से विचार-विमर्श और सलाहकार निकाय काम करते रहे हैं। उन्होंने कहा कि लगभग 220 ईसा पूर्व सम्राट अशोक ने शांति और अहिंसा का संदेश फैलाने के लिए भारत से दक्षिण-पूर्व एशिया में कई राजदूत भेजे। इसके अलावा, 48 ईस्वी में, अयोध्या की राजकुमारी राजनयिक संबंध स्थापित करने के लिए दक्षिण कोरिया गईं और वहां राजकुमार से शादी की। उन्होंने कहा कि 'वसुधैव कुटुंबकम' (एक पृथ्वी, एक परिवार) भारतीय सभ्यता का मूल है जो भारत की जी-20 अध्यक्षता का विषय भी था। उन्होंने कहा कि यह वास्तव में इस बहस के आज के विषय यानी अंतरराष्ट्रीय शांति के लिए पुलों का निर्माण को दर्शाता है।